YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-96 ❑ बुधवार, 07 मई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भगवान बुद्ध की शाश्वत शिक्षाएं वर्तमान वैश्विक चुनौतियों में से अधिकांश के लिए गहन अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान करती हैं। व्यक्तिगत विकल्पों के प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत की मिशन लाइफ की पहल बौद्ध दर्शन में गहराई से निहित है।
किरेन रिजिजू

मानव विकास में 130 वें स्थान पर भारत 11
कश्मीर से कन्याकुमारी तक लोक संस्कृति का आत्मबोध कराएगा 'सीता महोत्सव' 12

## संक्षेप

### आईआईएसआर के कार्यकारी निदेशक बने डॉ. दिनेश सिंह

**लखनऊ।** पादप रोग वैज्ञानिक डॉ दिनेश सिंह ने मंगलवार को रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के कार्यकारी निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह संस्थान में परियोजना समन्वयक, अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (गन्ना) के कार्यभार के साथ ही निदेशक का कार्य भी देखेंगे। इसके पहले डॉ. सिंह बीज अनुसंधान निदेशालय, मऊ में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. सिंह के पास पादप रोग विज्ञान में 23 वर्षों के शोध एवं शिक्षण कार्य का लंबा अनुभव है। उनको कृषि अनुसंधान में विशेष योगदान के लिए कई वैज्ञानिक समितियों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### आगरा में सर्राफ का हत्यारोपी पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के सिकंदरा क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में सर्राफ की हत्या के आरोपी को मार गिराया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कारगिल चौराहे पर स्थित बालाजी ज्वैलर्स मालिक योगेश चौधरी की चार दिन पहले लूटपाट के बाद हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने इस वारदात के मुख्य आरोपी को मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल बदमाश को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मारे गए बदमाश का नाम अमन था और वह बिचपुरी के मघटई का रहने वाला था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सिकंदरा के अंसल एपीआई में बन रहे फ्लैट में बदमाश छिपे हैं। पुलिस ने फ्लैट की घेराबंदी की तो अमन ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसे गोली लग गई। वारदात में शामिल रहे अमन के सगे भाई सुमित को भी पुलिस ने घेराबंदी कर वहीं से गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी फारुख फरार है। उन्होने बताया कि वारदात के दौरान चार दिन पहले सुमित ने ही अमन और फारुख को बाइक उपलब्ध कराई थी। सुमित खुद वारदात के समय दूर खड़ा था। फारुख और अमन कारगिल चौराहे के निकट स्थित बालाजी ज्वैलरी शोरूम में घुसे थे। लूट के बाद लौटते समय अमन ने योगेश उर्फ योगेंद्र को गोली मार दी थी। बदमाश करीब बीस लाख रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए थे। दिनदहाड़े हुई इस लूट और हत्याकांड को लेकर शहर के व्यापारियों में भारी आक्रोश था। उन्होंने पुलिस-प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। व्यापारियों ने कहा था कि सोमवार शाम तक बदमाश गिरफ्तार नहीं हुए तो मंगलवार को आगरा बंद रखेंगे। इधर पुलिस प्रशासन ने बदमाश की गिरफ्तारी के लिए करीब दो हजार पुलिस कर्मियों को विभिन्न टीमों के रूप में सक्रिय कर दिया था।

# ट्रेन का डिब्बा बन गया है इस देश में आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट


एजेंसी

❑ महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के विवाद से जुड़े मुद्दे पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने की टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आज (मंगलवार, 6 मई को) महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के विवाद से जुड़े मुद्दे की सुनवाई हो रही थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ इस केस की सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान कोर्ट ने कहा कि इस देश में आरक्षण ट्रेन के उस डिब्बे की तरह हो गया है, जिसमें जो घुसता है, वह फिर दूसरे को अंदर नहीं आने देना चाहता है। यह तल्ख टिप्पणी जस्टिस सूर्यकांत ने की, जो इस साल के अंत तक देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। उनसे पहले 14 मई को जस्टिस बीआर गवई 52वें सीजेआई के तौर पर शपथ लेने जा रहे हैं।

लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुनवाई के दौरान जस्टिस कांत ने कहा, ''इस देश में जाति आधारित आरक्षण रेलगाड़ी के डिब्बे की तरह हो गया है और जो लोग इस डिब्बे में चढ़ते हैं, वे दूसरों को अंदर नहीं आने देना चाहते।'' इसके साथ ही पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण का विवादास्पद मुद्दा 2022 की रिपोर्ट से पहले जैसा ही रहेगा। मामले में कोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव की अधिसूचना चार सप्ताह के भीतर जारी करने का भी निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि राज्य के बंठिया आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को यह पता लगाए बिना आरक्षण दे दिया कि वे राजनीतिक रूप से पिछड़े हैं या नहीं। उन्होंने दलील दी कि राजनीतिक पिछड़ापन



सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन से अलग है। इसलिए ओबीसी को स्वतः राजनीतिक रूप से पिछड़ा नहीं माना जा सकता। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की, ''बात यह है कि इस देश में आरक्षण का कारोबार रेलवे की तरह हो गया है। जो लोग बोगी में चढ़े हैं, वे नहीं चाहते कि कोई और घुसे। यही पूरा खेल है। याचिकाकर्ता का भी यही खेल है। और भी बोगियां जोड़ी जा रही हैं। इस पर शंकरनारायणन ने कहा, ''और पीछे भी बोगियां जोड़ी जा रही हैं।'' अधिवक्ता की टिप्पणी पर जस्टिस सूर्यकांत ने आगे कहा, ''जब आप समावेशिता के सिद्धांत का पालन करते हैं, तो राज्य और अधिक वर्गों की पहचान करने के लिए बाध्य है। सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग, राजनीतिक रूप से पिछड़े वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग भी होंगे तो उन्हें लाभ से वंचित क्यों रखा जाना चाहिए? इसे एक विशेष परिवार या समूह तक ही सीमित क्यों रखा जाना चाहिए? इस पर शंकरनारायणन ने कहा कि याचिकाकर्ता भी यही मुद्दा उठा रहे हैं। हालांकि, पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि महाराष्ट्र राज्य में स्थानीय निकायों के लंबित चुनावों को ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के कारण और विलंबित नहीं किया जा सकता। इसके बाद पीठ ने स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए समयसीमा तय करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग से इसे चार महीने में ● शेष पेज 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने वेबसाइट पर की अपनी संपत्ति सार्वजनिक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत अधिकतर न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक कर दिया है। शीर्ष अदालत की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर 33 न्यायाधीशों में से 21 ने सोमवार को अपनी संपत्ति घोषित की। न्यायाधीशों अपने खुद के अलावा जीवनसाथी की संपत्ति भी सार्वजनिक कर दी। न्यायाधीशों ने एक अप्रैल को पूर्ण न्यायालय के फैसले पर अमल करते हुए सोमवार रात शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपनी-अपनी संपत्तियों का पूरा ब्यौरा घोषित किया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य न्यायाधीश खन्ना के पास दक्षिण दिल्ली में तीन बेडरूम का डीडीए फ्लैट, दिल्ली के कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज में दो पार्किंग स्पेस के साथ चार बेडरूम का फ्लैट/अपार्टमेंट है, जिसका क्षेत्रफल 2446 वर्ग फीट है। इसी प्रकार गुरुग्राम के सेक्टर 49 के सिसपाल विहार में 2016 वर्ग फीट के क्षेत्रफल वाले चार बेडरूम के फ्लैट/अपार्टमेंट में उनकी 56 फीसदी हिस्सेदारी है। मुख्य न्यायाधीश के पास हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में अविभाजित भूमि के साथ घर के आंशिक मालिक देव राज खन्ना (एचयूएफ) में भी उनका हिस्सा है। न्यायमूर्ति खन्ना द्वारा उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अनुसार, उनके पास सावधि जमा और बैंक खातों में 55.75 लाख रुपये और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ- खाता वर्ष 1989 में खोला गया) में 1.06 करोड़ रुपये हैं। उनके पास 1,77,89,000 रुपये का जीपीएफ है। उन्होंने 29,625 रुपये के वार्षिक प्रीमियम और 14,000 रुपये के शेयरों के साथ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) मनी बैक पॉलिसी ली है। उनके ऊपर कोई देनदारी और ऋण नहीं है। नामित मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई के बैंक खातों में 19.63 लाख रुपये और पीपीएफ खाते में 6.59 ● शेष पेज 11 पर

# आज बजेगा सायरन

एजेंसी

❑ करीब 300 जिलों में परमाणु संयंत्रों, रिफाइनरी और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में होगी मॉक ड्रिल

❑ केन्द्रीय गृह सचिव ने सिविल डिफेंस जिलों में मॉक अभ्यास की तैयारियों पर बैठक की

नयी दिल्ली। परमाणु संयंत्रों, सैन्य ठिकानों, रिफाइनरी और जलविद्युत बांधों जैसे संवेदनशील प्रतिष्ठानों वाले करीब 300 'नागरिक सुरक्षा जिलों' में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन, 'शत्रुतापूर्ण हमले' के लिए नागरिक प्रशिक्षण और बंकरों और खंदकों की सफाई के साथ बुधवार को 'मॉक ड्रिल' का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ 'मॉक' अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे ''नए और जटिल खतरों'' को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है। सभी राज्यों में अधिकारी मॉक ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारियों, अस्पताल कर्मचारियों, रेलवे और मेट्रो अधिकारियों के अलावा पुलिस, अर्द्धसैनिक और रक्षा बलों के वर्दीधारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे। सूत्रों ने कहा कि नागरिक सुरक्षा जिले और सामान्य प्रशासनिक जिले भिन्न होते हैं। किसी भौगोलिक क्षेत्र में छावनी, रिफाइनरी या परमाणु संयंत्र होने पर उसे आवश्यकता और तात्कालिकता के आधार पर 'नागरिक सुरक्षा जिले' के रूप में चिह्नित किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''ऐसे जिलों को संबंधित राज्य प्राधिकारियों द्वारा नामित किया जाता है, और हमारा मानना है कि देश भर में लगभग 300 ऐसे नागरिक सुरक्षा जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने मॉक ड्रिल के लिए राज्य में 19 जिलों की पहचान की है, लेकिन राज्य सरकार ने इसे राज्य के सभी जिलों में करने का निर्णय लिया है। गृह मंत्रालय के अनुसार मॉक ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, लोगों को ''शत्रु के हमले'' की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना और बंकरों तथा खंदकों की सफाई करना शामिल है। अन्य कदमों में दुर्घटना की स्थिति में 'ब्लैकआउट' के उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा निकासी योजनाओं को अद्यतन करना एवं उनका पूर्वाभ्यास करना शामिल है। 'मॉक ड्रिल' में वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो-संचार लिंक का संचालन, नियंत्रण कक्षों और छाया नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का परीक्षण भी शामिल है। अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा ● शेष पेज 11 पर



### मॉक ड्रिल के लिये उत्तर प्रदेश तैयार



**लखनऊ।** आपातकालीन परिस्थितियों में खुद की तैयारी को परखने के लिये उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बुधवार को मॉक ड्रिल की जायेगी।
पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 19 स्थानों में मॉक ड्रिल की जानी है मगर हमने सभी जिला प्रशासनो को सुरक्षा के मद्देनजर मॉक ड्रिल के लिये कहा गया है। मॉक ड्रिल में पुलिस विभाग,दमकल विभाग समेत सभी संबधित विभागों को सचेत किया गया है। उन्होने बताया कि जिलों को संवेदनशीलता के लिहाज से तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। एक जिला ए श्रेणी में है जबकि दो जिले सी श्रेणी में हैं और बाकी बी श्रेणी में हैं। सभी जिलों में सिविल प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रतिक्रिया बल के साथ मिलकर यह मॉक ड्रिल किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस बीच कई जिला प्रशासनो ने आज मॉक ड्रिल की तैयारियों को अंतिम रुप दिया है। खराब पड़े अग्निशमन उपकरणों और सायरन आदि की जांच कर उन्हे दुरुस्त किया गया है।

# सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान से किये कड़े सवाल
## पहलगाम हमले पर झूठी 'कहानी' को नहीं माना

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चर्चा के दौरान सदस्यों ने पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे झूठे बयान को मानने से इनकार कर दिया और पूछा कि क्या पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा का हाथ होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार सुरक्षा परिषद में सोमवार को इस्लामाबाद द्वारा प्रस्तावित अनौपचारिक बैठक में सदस्यों ने बंद कमरे में पाकिस्तान से कठिन सवाल किये। सदस्यों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षणों और परमाणु बयानबाजी की



आलोचना की। सूत्रों ने कहा कि सदस्यों ने पाकिस्तान से भारत के साथ द्विपक्षीय मुद्दों को सुलझाने के लिए कहा है।

सूत्रों ने कहा, कई सदस्यों ने चिंता व्यक्त की कि पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षण और परमाणु बयानबाजी तनाव बढ़ाने का कारक बन सकते हैं। स्थिति का अंतर्राष्ट्रीयकरण ● शेष पेज 11 पर

### डोभाल ने मोदी को सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढते तनाव के बीच मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें मौजूदा तैयारियों तथा स्थिति से अवगत कराया। श्री डोभाल की प्रधानमंत्री के साथ यह दूसरी बैठक करीब 40 मिनट तक चली। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को हमले की स्थिति में प्रभावी रक्षा उपायों के लिए मॉक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने के निर्देश देने के एक दिन बाद हुई इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित प्रथम भारतीय अधिवक्ता बने भुवन ऋभु

नयी दिल्ली। प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने प्रतिष्ठित 'मेडल ऑफ ऑनर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

श्री ऋभु यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता हैं। बाल अधिकार संरक्षण संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने मंगलवार को यहां बताया कि इस वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में 70 देशों के 1500 से ज्यादा विधिक क्षेत्र के 300 से अधिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। यह कांग्रेस डोमिनिकन रिपब्लिक में चार से छह मई के बीच संपन्न हुई। वर्ष 1963 में स्थापित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन दुनिया के विधिवेत्ताओं ● शेष पेज 11 पर

# यूपी में आंधी बारिश ने फिर मचायी तबाही

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटे के दौरान धूल भरी आंधी,बारिश और वज्रपात से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी जबकि फसलों में व्यापक नुकसान पहुंचा है।

औरैया,अलीगढ़ और बहराइच में वर्षा जनित हादसों में चार लोगों की मृत्यु की सूचना है वहीं कई क्षेत्रों में आंधी पानी ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बहराइच में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत हो गयी जबकि अलीगढ़ में पेड़ गिरने से किसान की मौत हुयी। औरैया में दीवार ढहने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के मद्देनजर सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारी सर्वे कराकर फसल ● शेष पेज 11 पर

# आईजी लखनऊ रेंज समेत 10 आईपीएस का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मंगलवार सुबह लखनऊ रेंज के आईजी समेत 10 और आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। एडीजी यूपी-112 नीरा रावत से एडीजी प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार हटा दिया गया है। अब लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार द्वितीय को एडीजी प्रशासन बनाया गया है। प्रशांत कुमार कुछ समय पहले ही आईजी से एडीजी पद पर प्रोन्नत हुए हैं। इसी तरह पुलिस मुख्यालय से संबद्ध केएस इमैन्युअल को आईजी ईओडब्ल्यू बनाया गया है। केएस इमैन्युअल कुछ समय पहले केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। आईजी सुरक्षा उपेन्द्र कुमार अग्रवाल को लखनऊ रेंज का नया आईजी बनाया गया है। डीआईजी तकनीकी सेवाएं रोहन पी. कनय को डीआईजी पीटीएस गोरखपुर, डीआईजी पूर्वी पीएसी प्रयागराज राजीव नारायण मिश्र को नोएडा का अपर पुलिस आयुक्त, यहां



❑ सोमवार देर रात सात जिलों के पुलिस अधीक्षक समेत 14 आईपीएस बदले थे

❑ वाराणसी परिक्षेत्र के आईजी मोहित गुप्ता बनाए गए गृह सचिव

तैनात शिवहरि मीणा को डीआईजी तकनीकी सेवाएं बनाया गया है।

प्रतिनियुक्ति से लौटे डीआईजी सत्येन्द्र कुमार को मेरठ पीटीएस का डीआईजी बनाया गया है। इसके अलावा डीआईजी पीटीएस सुलतानपुर राजेश कुमार सक्सेना को डीआईजी सुरक्षा और डीआईजी स्थापना विकास कुमार वैद्य यूपी पुलिस अकादमी मुरादाबाद का उप निदेशक बनाया गया है। प्रदेश सरकार ● शेष पेज 11 पर

योगी कैबिनेट की बैठक में रखे गए सभी 11 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# सस्ती दरों पर बिजली खरीदेगा उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी और दूरदर्शी पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट बैठक में मंगलवार को 1600 मेगावाट क्षमता की तापीय परियोजना से कुल 1500 मेगावॉट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से 25 वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया गया है। बिडिंग प्रक्रिया में सबसे कम टैरिफ दर (5.38 रुपये प्रति यूनिट) की पेशकश करने वाली निजी कंपनी को परियोजना के लिए चुना गया है। इससे यूपी पावर कॉर्पोरेशन (यूपीपीसीएल) को 25 वर्षों में लगभग 2958 करोड़ रुपये की बचत होगी।

योगी सरकार की इस नई पहल से उत्तर प्रदेश को साल 2030-31 से 1500 मेगावॉट बिजली बेहद सस्ती दर पर मिलने लगेगी। यह नई परियोजना मौजूदा और आगामी तापीय परियोजनाओं की तुलना में कहीं ज्यादा किफायती है। जहां जवाहरपुर,



ओबरा, घाटमपुर, पनकी जैसी परियोजनाओं से बिजली 6.6 रुपये से लेकर 9 रुपये प्रति यूनिट तक मिल रही है, वहीं डीबीएफओओ के तहत प्रस्तावित इस परियोजना के तहत 2030-31 में प्लांट के कमीशन होने के बाद बिजली सिर्फ 6.10 रुपये प्रति यूनिट की दर से प्राप्त होगी।

25 वर्षों के लिए होगा एग्रीमेंटऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में ऊर्जा की मांग को पूरा करने और उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने कुछ ऊर्जा बिडिंग प्रोसेस से खरीदने का निर्णय किया है। उसी कड़ी में 1600 मेगावाट पावर प्लांट को लेकर हम आगे बढ़े हैं। हमारी शर्त थी कि जब यह प्लांट उत्तर प्रदेश में लगेगा, तभी बिजली खरीदेंगे। प्रक्रिया के तहत जुलाई 2024 में रिक्वेस्ट फॉर क्वालीफिकेशन इश्यू किया था, जिसमें 7 कंपनियां आई थीं। इनमें से 5 कंपनियों ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (फाइनेंशिय बिड) में हिस्सा लिया। पांचों कंपनियों में जिस निजी कंपनी का कोटेशन सबसे लोएस्ट था, उसके साथ निगोशिएन के बाद उन्होंने फिक्स्ड चार्ज में 3.727 रुपये प्रति यूनिट और फ्यूल चार्ज में 1.656 रुपये प्रति यूनिट समेत कुल टैरिफ 5.38 प्रति यूनिट की न्यूनतम बिड पेश की, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसी टैरिफ पर 25 वर्षों की अवधि के लिए पावर सप्लाई एग्रीमेंट (पीएसए) हस्ताक्षरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी निजी कंपनी ने पिछले साल अगस्त में महाराष्ट्र के साथ भी इसी प्रकार की ● शेष पेज 11 पर

### उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल सेवा का हब

लखनऊ। योगी सरकार की कैबिनेट की बैठक में कुल 11 प्रस्तावों का मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ''ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर्स (क्कए) नीति'' को भी इस बैठक में मंजूर कर लिया गया। नीति के बल पर प्रदेश को भारत का अगला वैश्विक सेवा केंद्र बनाने और वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचाना संभव होगा। इस नई नीति के तहत यूपी में आईटी, बैंकिंग, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग और अगली पीढ़ी की तकनीकों में काम करने वाली वैश्विक कंपनियों को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। इससे न केवल रोजगार के लाखों अवसर खुलेंगे, बल्कि प्रदेश के टियर-2 शहरों में भी आर्थिक गतिविधियों में जबरदस्त बढ़ोतरी भी होगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में कुल 11 प्रस्ताव रखे गए थे और इन सभी 11 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। आउटसोर्स के लिए भारत आ रहीं मल्टीनेशनल कंपनियांपत्रकार वार्ता के दौरान नीति के संबंध में प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में साइंस, लॉ, इंजीनियरिंग समेत बहुत सारे सेक्टर्स का टैलेंट काफी बड़ी मात्रा में मौजूद है। कम पैसे में बेहतर क्वालिटी का काम लेने के लिए कई मल्टीनेशनल कंपनियां अपने ऑफशोर डेवलपमेंट सेंटर्स यहीं पर स्थापित कर रही हैं। इसे ही ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर कहते हैं। इसमें पहले नंबर पर सॉफ्टवेयर और आईटी आता है, जिसमें मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, रोबोटिक प्रॉसेस ऑटोमेशन, एआई संचालित डेवलपमेंट, साइबर सुरक्षा, इंजीनियरिंग डेवलपमेंट आते हैं। उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग डिजाइन का बहुत सारा एलीमेंट है, जो बहुत कॉस्टली और टाइम कंज्यूमिंग होता है और हम काफी सस्ते दामों में और उच्च गुणवत्ता के साथ इस काम को कर सकते हैं। इसी प्रकार से बैंक्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस ● शेष पेज 11 पर

# आर आर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में वार्षिकोत्सव प्रज्ञान 2025 के दूसरे दिन आयोजित हुए विभिन्न खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । एकेटीयू से संबद्ध बख्शी का तालाब स्थित आर0आर0 ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, लखनऊ के वार्षिकोत्सव प्रज्ञान 2025 के दूसरे दिन क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच में एआई हन्टर्स बनाम सीएसई चतुर्थ वर्ष के बीच हुए मुकाबले में सीएसई चतुर्थ वर्ष ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लियाऋसीएसई चतुर्थ वर्ष ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 06 ओवर में 4 विकेट खोकर 68 रन बनाए। जवाब में एआई हन्टर्स की टीम निर्धारित 06 ओवर में मात्र 54 रन बनाकर आलआउट हो गई ऋइस तरह सीएसई चतुर्थ वर्ष ने 14 रनों से जीत हासिल कीऋसीएसई चतुर्थ वर्ष की तरफ से रवि ने 30 रन बनाए व 4 विकेट लिए ऋरवि को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया ऋफुटबाल प्रतियोगिता आर0 आर0 टाइटन विजयी रही। आर0 आर0 टाइटन की तरफ से कृष्ण कुमार चौरसिया ने 2 गोल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।अन्य प्रतियोगिताओं में कबड्डी बॉयज प्रतियोगिता में गोविन्द यादव की टीम विजयी रही।

कबड्डी गर्ल्स प्रतियोगिता में सौम्या व अम्बिका की टीम विजयी रही।म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता के पहले राउंड में लवी यादव(आईटी प्रथम वर्ष),सुनैना (बायोटेक द्वितीय वर्ष),राजन कुमार प्रजापति (सीएसडी द्वितीय वर्ष) तथा पायल गुप्ता(आईटी प्रथम वर्ष) विजयी रहीं।डॉट शूट प्रतियोगिता में नितेश यादव (सीएसई प्रथम वर्ष),सचिन पल(सीएसई प्रथम वर्ष) तथा अनुज मौर्या(आईटी तृतीय वर्ष) विजयी रहें।पीपीटी प्रसेन्टेशन प्रतियोगिता में सबाहत अली (सिविल तृतीय वर्ष) और आदित्य मौर्या (एआईएमएल द्वितीय वर्ष) विजयी रहें।डिबेट प्रतियोगिता में शिवम् पांडेय, तरुशी विश्वकर्मा और हुसैन अब्बास विजयी रहे।खो-खो बॉयज में रंजीत पटेल की टीम विजयी रही।स्केच प्रतियोगिता में निशा चौहान विजयी रहीं।

कंटेंट राइटिंग प्रतियोगिता में किरन गौतम विजयी रहीं।एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में मेहर ० शाम्भवी विजयी रहीं।लूडो प्रतियोगिता में अंकित मिश्रा, आर्यन मिश्रा, अंकित कुशवाहा व राजवीर विजयी रहे। चेस प्रतियोगिता में शाहबाज हुसैन,सुहैल व अर्चित ने जीत हासिल किया।

## नकबजनी , लुट,मारपीट, हत्या के अलावा शांति भंग के मामले सहित 16 आरोपी भेजे गए जेल

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस ने पूर्व मे नकबजनी लूट मारपीट हत्या का प्रयास जैसे संगीन अपराध व शांति व्यवस्था भंग करने वाले 16 आरोपितों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए शनिवार को जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा था तभी ज्ञात हुआ कि कुछ अपराधी किस्म के लोग जो पूर्व में चोरी नकबजनी लूट मारपीट हत्या का प्रयास जैसे संगीन अपराध कारित कर चुके हैं।वह पुनः कोई संज्ञेय अपराध कारित कर सकते है।

जिसके चलते राहुल कुमार रामू अशोक कुमार अरविंद मुकेश राहुल दुर्गेश अंकित शुक्ला सर्वेश कुमार रामसमुज वीरेन्द्र राजन सुशील कुमार निवासीगण जौखंडी थाना गोसाईगंज व धीरज कुमार निवासी हलीमाबाद मजरा गौरियाकला थाना गोसाईगंज तथा राम औतार निवासी भूधर थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया।

# डायट गोरखपुर कार्यालय पर हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के गुरु गोरक्षनाथ हाल में ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया (क्ष्ध्क्र) व डायट के संयुक्त तत्वावधान में 2013 से वर्तमान तक डायट से प्रशिक्षित एवं परिषदीय विद्यालयों में नियुक्त अध्यापको का पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया।कार्यक्रम में बच्चो में सीखने की अक्षमता एवं संगीत के माध्यम से सीखना पर व्यापक चर्चा व गतिविधि आधारित कार्यशाला आयोजन हुई । समेम्मलन के दौरान दोनों विषयो पर रोचक गतिविधियां भी हुई ।

गतिविधियों में सभी पूर्व छात्र अध्यापको शामिल हुए। सम्मेलन में विषय के संदर्भदाता के रूप में अक्षय श्रीवास्तव, शुभम पांडेय, दीपक कुमार व समजर सिंह द्वारा व्यापक विषय वस्तुओ पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में शिक्षकों से नामांकन अभियान तेज करने एवं निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित अपने अपने विद्यालय के बच्चो को अग्रसर करने की बात कहते हुए संस्थान के आदर्शों का पालन करने हेतु दिशा निर्देश बताया। समेम्मलन में क्ष्ध्क्रके प्रोजेक्ट लीडर समजर सिंह , अक्षय कुमार एलुमनाई दीपक कुमार ने संबोधित किया, संगीत के माध्यम से शिक्षा एजुकेशन पर समजर सिंह जी व पढ़ने की अक्षमता पर सुभम जी द्वारा गतिविधी कराई। सहायक अध्यापक सत्येंद्र प्रताप , प्रवीण जेशवाल, नितेश, संदीप, हरिकेश अफसाना खातून, श्रुति, प्रतिष्ठा मिश्रा, बिंदा, मुन्नी देवी, प्रदीप कुमार , चंद्रप्रकाश व अन्य साथी सम्मेलन में प्रतिभाग किये। अंत मे प्रतिभागियों को सम्मेलन विषयक संबंधित किताब दी गई और शिक्षा में बढ़ावा देने हेतु दिए गए टैबलेट से आई सी टी का प्रयोग बताया गया,सम्मेलन की व्यवस्था में अभिषेक कुमार (क्ष्ध्क्र) व अन्य साथी द्वारा किया गया।

## गर्मी से बचाव को चिकित्सकों ने दी अहम सलाह



राजापाकड़/ कुशीनगर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत मंगलवार को दुदही सीएचसी की टीम बी ने दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत रकबा दुलमापट्टी के कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में चिकित्सा शिविर आयोजित कर 91 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।एमओ डा. सुभाष यादव व डा. पूनम यादव के नेतृत्व में टीम ने छात्रों का फोर डी (जन्म दोष, पोषण की कमी, बीमारियां एवं विकास में विलंब) श्रेणियों के अंतर्गत परीक्षण किया। सिर से पांव तक जांच कर लंबाई, वजन सहित संपूर्ण शारीरिक परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सर्दी-जुकाम, कान बहना, त्वचा रोग, पीठ दर्द व आंखों के संक्रमण जैसी समस्याएं पाई गईं। आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गईं। छात्रों को मई माह की भीषण गर्मी से बचाव के उपाय बताते हुए चिकित्सकों ने अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने, धूप से बचने और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। डा. सुभाष यादव ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से बीमारियों की समय रहते पहचान कर उचित उपचार संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के विकास पर सजग नजर रखने की अपील की। इस दौरान शिक्षक धनन्जय मिश्र, नन्हे प्रसाद, ब्रजेश सिंह, नीतू यादव, अनीता कुशवाहा, अमृता, नीलू, रानी, ललिता, खुशी, सोनी, इंदिरा, नीतिश, ओमप्रकाश, गोविंद, सूरज, आदित्य, अन्नू, नीरु, शिल्पी, ब्यूटी, सुब्वी सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## भारत पाकिस्तान तनाव के बीच महराजगंज में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल का आयोजन आज



महराजगंज। गृह मंत्रालय एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जनपद महराजगंज में 7 मई 2025 (बुधवार) को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु तैयारी की समीक्षा करना है।इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, सिविल डिफेंस, फायर ब्रिगेड एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक समन्वित अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस मॉक ड्रिल को लेकर सतर्क रहें एवं सहयोग प्रदान करें।

## पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ कर्मियों ने समस्याओं को लेकर की बैठक

गोरखपुर। 5 और 6 मई को रेलवे बोर्ड के साथ एनएफआईआर के पीएनएम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वर्किंग प्रेसिडेंट एवं जोनल सेक्रेटरी एनएफआईआर श्री रमेश मिश्रा महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर विनोद राय ने पूर्वोत्तर रेलवे सहित तमाम क्षेत्रीय रेलों के कर्मचारियों की समस्याएं कैटिगरी वाइज रेलवे बोर्ड में उठाया। जिसमें ए सी मैकेनिक स्टाफ को गाड़ियों की मार्शलिंग में जनरल कोच को पावर कार के बाद रखने से कार्य करने में आ रही समस्याऐं, एसी मैकेनिक को गाड़ियों में बैठने की जगह नहीं है, पॉइंट्स मैन कर्मचारियो का प्रमोशन वर्षो से लंबित है एवं उनके लिए यार्ड में गर्मी धूप बरसात में बैठने की जगह ना होना, ट्रैकमैन कर्मचारी का प्रमोशन वर्षों से लंबित है एवं उनके लिए सेफ्टी शूज सेफ्टी उपकरण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, लोको पायलट शांटिंग द्द्य का प्रमोशन लोको पायलट शांटिंग- फर्स्ट में 2016 पद्द लंबित है तथा लोको रनिंग स्टाफ को ट्रांसफर कर प्रताड़ित किया जाता है। यांत्रिक कारखाने में महिलाओं के लिए अलग से टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है तथा जो टॉयलेट है वह अत्यंत खराब अवस्था में है।

# जिलाधिकारी ने विद्युत व ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। जिलाधिकारी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में विद्युत विभाग और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग (नेडा) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने अब तक केवल 371 सोलर पैनलों की स्थापना को बेहद कम बताया और योजना की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए वेंडर्स की संख्या बढ़ाई जाए तथा प्रत्येक वेंडर को मासिक लक्ष्य निर्धारित कर सोलर प्लांट लगाने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जाए। सभी वेंडर्स को क्षमतानुसार प्लांट्स की सूची तैयार कर उपभोक्ताओं को जागरूक करने और योजना के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देने के निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि विद्युत वसूली में सुधार हेतु हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर ग्राम पंचायतों की सूची बनाई जाए। दोषपूर्ण मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदलने तथा मई माह के अंत तक सभी वितरण ट्रांसफार्मरों पर मीटर लगाने का कार्य पूर्ण करने को कहा। साथ ही वास्तविक उपभोक्ताओं की पहचान कर औपचारिक विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया ताकि बिजली चोरी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत महराजगंज शैलेन्द्र गौतम, पीओ नेडा गोविंद तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी ज़मीन पर बना अवैध मदरसा ढहाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद महराजगंज ज़िले में अवैध धार्मिक स्थलों पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। भारत-नेपाल सीमा से सटे 15 किलोमीटर के परिक्षेत्र में प्रशासन ने कार्रवाई की गति तेज कर दी है। इसी कड़ी में नौतनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम विषखोप में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बने मदरसे को ध्वस्त कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मदरसा पिछले 10 वर्षों से सरकारी ज़मीन पर अवैध रूप से संचालित हो रहा था। लंबे समय से चले आ रहे कब्जे को लेकर स्थानीय प्रशासन ने जांच कर रिपोर्ट शासन को भेजी थी, जिसके बाद कार्यवाही को अंजाम दिया गया।महराजगंज प्रशासन द्वारा ज़िले में अब तक 19 अवैध मस्जिदों, मदरसों व ईदगाहों की पहचान की जा चुकी है। इन सभी स्थलों पर कार्रवाई की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। प्रशासन की ताबड़तोड़ ध्वस्तीकरण कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी चिन्हित स्थलों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# बीकेटी में दुष्कर्म के मामले में तांत्रिक को बचाने में जुटी पुलिस

### पीड़िता ने मुख्यमंत्री से की गिरफ्तारी की मांग

### खुले आम घूम रहा यौन शोषण का आरोपी तांत्रिक,नही हुई गिरफ़्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ। पश्चिम बंगाल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म करने वाले तांत्रिक अमरमणि त्रिपाठी को पुलिस काफ़ी दिनो से बचाने में जुटी है। यौन शोषण के आरोप को पुलिस छेड़खानी की धारा में दर्ज कर प्राथमिकी जांच लम्बित कर दी है।यह आरोप लगाते हुए महिला डॉक्टर ने सीएम योगी और डीसीपी नार्थ को लिखित शिकायत देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

वही फिर हाल आलाधिकारियों ने तांत्रिक के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए पीड़िता को वापस बंगाल भेज दिया है।पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 09 जनवरी 2025 को मूलरुप से बंगाल की रहने वाली महिला डॉक्टर (35) ने बीकेटी थाने में रुदही रोड नगर पंचायत बीकेटी निवासी तांत्रिक अमरमणि त्रिपाठी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।हालांकि पुलिस ने संगीन आरोपों में एफआईआर न दर्ज कर पुलिस ने छेड़खानी और गाली-गलौज की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली थी।वही पीड़िता महिला डाक्टर ने बताया कि वह कोलकत्ता के स्वास्थ्य विभाग में बतौर मेडिकल आफिसर के पद पर कार्यरत है।

वर्ष 2021 में एस्ट्रोलॉजी एप्लीकेशन की मदद से वह तांत्रिक के सम्पर्क में आ गई और जिसके बाद दोनों अक्सर मोबाइल पर बातचीत करने लगे।नजदीकियां बढ़ने पर तांत्रिक ने पीड़िता से शादी करने का प्रस्ताव रखा पीड़िता ने तांत्रिक की बातों में आकर हामी भर दी जिसके बाद तांत्रिक कोलकत्ता पहुंचा और पीड़िता के साथ रहने लगा।

### पहले से शादीशुदा था तांत्रिक,पीड़िता को नही बताई असलियत

पीड़िता महिला डॉक्टर का आरोप है कि लगभग ढ़ाई साल तक फरेबी यह तांत्रिक शादी के नाम पर लगातार उसका यौन शोषण करता रहा और उससे रुपये भी ऐंठता था जिसके कुछ दिन बाद तांत्रिक कोलकत्ता से लखनऊ आ गया और आरोपी तांत्रिक ने पीड़िता का मोबाइल नम्बर भी ब्लॉक कर दिया।पीड़िता तांत्रिक की तलाश में उसके बताए ठिकानों पर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। जिसके कुछ दिन बाद जनवरी में पीड़िता को तांत्रिक के लखनऊ वाले घर का पता मिला और वह तांत्रिक से उसके घर मिलने पहुंची तो उसके होश उड़ गए।यहां पहुंचने पर पीड़िता को पता चला कि तांत्रिक अमरमणि पहले से विवाहित है,वही तांत्रिक ने पीड़िता डाक्टर को अपमानित कर घर से भगा दिया था।जिसके बाद पीड़िता ने बीकेटी थाने में तांत्रिक पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### वही पुलिस महिला डाक्टर व तांत्रिक के बीच बता रही रुपयों का है विवाद

महिला डॉक्टर का आरोप है कि मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी एसएसआई अशोक कुमार सिंह ने मेरे साथ हुई पूरी घटना को एक नई दिशा और दशा दे रखी है, पूरी कहानी को हो बदलकर रख दिया है,जांच अधिकारी ने संबंधित उच्चाधिकारियों को अपनी रिपोर्ट में दर्शाया है कि दोनों पक्षों के बीच रुपयों का विवाद है और यौन शोषण का आरोप गलत है,वहीं महिला डॉक्टर का साफ़ तौर पर कहना है कि जनवरी में जब उसने तांत्रिक के विरुद्ध तहरीर दिया था तो पुलिस ने इस मामले में तांत्रिक की तरफ़ से 2.50 लाख रुपये दिलवाने की बात कहकर मामले को खत्म करने का दबाव बना रही थी, वही पीड़िता जब सुलह समझौता पर नही मानी तो पुलिस ने अपनी तरफ़ से यौन शोषण के आरोप को छेड़खानी की धारा में प्राथमिकी दर्ज किया था जिससे पीड़िता संतुष्ट नहीं थी और आरोपी खुले आम घूम रहा है,वही जिसके बाद पुलिस की कार्यवाही से पीड़िता संतुष्ट न होकर कुछ दिन पूर्व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई थी,हालांकि देखना यह है कि आरोपी पर कोई कठोर कार्यवाही होती है या खुले आम यौन शौषण का आरोपी यह तांत्रिक घूमता रहेगा यह सब एक जांच का विषय है।

## नवनियुक्त मांडलिक मंत्री का अध्यापक भवन पर किया गया स्वागत

गोरखपुर । अध्यापक भवन में नवनिर्वाचित मांडलिक मंत्री श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा का स्वागत समारोह आयोजित किया गया,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री राजेश धर दूबे ने किया तथा संचालन जिला मंत्री श्री श्री धर मिश्र जी ने किया,संगठन के जिला पदाधिकारियों और सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा जी ने कहा कि अब ये पद पाने के बाद मेरी संगठन में जिम्मेदारी और बढ़ गई है लेकिन इस चुनौती के क्षणों में मैं मंडल गोरखपुर के सभी जनपदों में संगठन के अलख को जगाता रहूंगा ,चाहे जो भी कीमत क्यों न उठानी पड़े ।मैं सदैव शिक्षकों के हित में सदैव काम करता रहूंगा ।स्वागत समारोह में सुधांशु मोहन, हरेंद्र राय, अनिल कुमार पाण्डेय,अजय सिंह, नरेन्द्र सिंह, जितेंद्र मिश्र, महेंद्र चतुर्वेदी, योगेश कुमार शुक्ला, सन्तोष कुमार तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे ।

# सीवाई टीबी इंजेक्शन से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों में क्षयरोग की होगी पहचान : सीएमओ

### 18 वर्ष से कम आयु के कम व्यक्तियो में नही लगेगा-डीटीओ-सीवाई टीबी इंजेक्शन के लिये प्रशिक्षण सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। सीएमओ सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में चलने वाले सीवाई टीबी इंजेक्शन कार्यक्रम के लिये सीएमओ डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये सीएमओ डॉ एपी भास्कर ने कहा कि सीवाई टीबी इंजेक्शन से उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों में क्षयरोग की पहचान की होगी। उसके बाद उस व्यक्ति को टीबी रोग से बचाव हेतु दवा चलायी जायेगी।सीएमओ ने कहा कि यह इंजेक्शन सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सीवाई टीबी टेस्ट केवल क्षयरोग के संक्रमण की पहचान करने के लिये है। यह क्षयरोग से बचाव के लिये कोई टीका नही है।प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि यह इंजेक्शन 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों तथा पीएल एचआईवी एवं सीएल एचआईवी से संक्रमित व्यक्तियो को नही लगेगा। उन्होंने कहा कि यह उन व्यक्तियों में प्राथमिकता से लगेगी जो उच्चजोखिम व्यक्ति हो जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है,जैसे-डायलिसिस पर चल रहे मरीज,हृदय एवं सांस के रोगी,सुगर के रोगी,गम्भीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति,टीबी मरीजों के साथ एवं सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों में। उन्होंने ने कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा कहा कि इसका संचालन चिकित्सालय परिसर में ही करना है।इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश यादव,डॉ अवधेश कुशवाहा,डॉ उमाशंकर नायक,डॉ जीशान अली,डॉ सुधीर तिवारी,डॉ रजनीश श्रीवास्तव,डॉ महेश्वरी मिश्रा, नितेश राय,आशुतोष मिश्र,शाहिद अंसारी,अनिता यादव,राकेश सिंह,विशाल जयसवाल,राजीव राय,अमित पांडेय,अमित वर्मा,सत्येन्द्र पांडेय,नवीन मिश्र,अमित श्रीवास्तव,निशांत मिश्र,कमलशंकर पांडेय,विवेक यादव,सन्तोष,अविनाश सहित सभी एंटीईपी के कमर्चारी उपस्थित रहे।

# वक्फ संशोधन बिल से होगा गरीबों का विकास : विधायक कन्नौजिया

### विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि वक्फ संपत्तियों की अब लूट नहीं होगी और गरीबों को उनका हक मिलेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज। महराजगंज के सिविल लाइन वार्ड स्थित मदरसा जामिया रजविया नूरुल उलूम में मंगलवार को वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि वक्फ संपत्तियों की अब लूट नहीं होगी और गरीबों को उनका हक मिलेगा।विधायक ने कहा कि पहले कानून की कमजोरियों का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर लिया था, जिससे गरीब मुसलमान वंचित रह गए। लेकिन अब केंद्र सरकार के नेतृत्व में वक्फ संशोधन कानून लागू हो चुका है, जिससे पारदर्शिता आएगी और शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं गरीबों तक पहुंच सकेंगी।

उन्होंने कहा कि यह कानून ''सबका साथ, सबका विकास'' की दिशा में एक बड़ा कदम है। वक्फ संपत्तियां एक ट्रस्ट की तरह हैं, जिनका उद्देश्य मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए काम करना है। भाजपा सरकार इन संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित कर रही है।इस अवसर पर प्रबंधक शमशुल हुदा खान,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक इल्ताफ खान, अध्यक्ष हाजी गुलाम रसूल,डॉ. सैयद अली, सफी अहमद, सैफुद्दजा, शहाबुद्दीन, नूरुल एन खान, अनवर अली, सदरे आलम खान, अख्तर हुसैन, फारूक अब्बासी, हाजी मुस्तफा, वजहुल हुदा खान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टीबी रोगियों को बांटी पोषण किट 6 माह तक मिलेगी सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज (लखनऊ)। मंगलवार को क्यूब रूट फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश सरकार के क्षय रोग विभाग के सहयोग से मोहनलालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर टीबी रोगियों के लिए विशेष पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान 50 टीबी मरीजों को पौष्टिक खाद्य सामग्री की किट वितरित की गई।

कार्यक्रम के तहत क्यूब रूट फाउंडेशन ने बताया कि उन्होंने लखनऊ और रायबरेली जनपद के कुल 100 टीबी रोगियों को आगामी छह माह के लिए गोद लिया है। इन सभी रोगियों को हर माह एक बार पोषण किट प्रदान की जाएगी, जिसमें रोगियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार की सामग्री शामिल होगी।निगोहां दखिना टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट हेड प्रदीप सिंह ने बताया, ल्लकंपनी का उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को बेहतर पोषण देकर उनकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है, जिससे वे जल्द स्वस्थ हो सकें।इस अवसर पर लखनऊ के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुमित्र मिश्रा ने क्यूब रूट फाउंडेशन का आभार जताते हुए कहा, ल्लसरकार और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से ही टीबी मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। यह प्रयास टीबी मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टोल मैनेजर राकेश सिंह, गुरुप्पु मधु, मनोज कुमार, सीएचसी मोहनलालगंज के अधिकारी और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सीएचसी अधिकारियों ने फाउंडेशन के इस सामाजिक सरोकार की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के सहयोग की उम्मीद जताई।

## बिजली बिल वसूली करने गई टीम के साथ मारपीट

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के काशीराम पुरवा मजरा घुसकर में बकाया विद्युत बिल वसूली करने गई टीम से लोगों ने गाली-गलौज व मारपीट की।जिसकी शिकायत अवर अभियंता द्वारा पुलिस से की गई है। विद्युत उपकेंद्र अमेठी में तैनात अवर अभियंता धीरज कुमार दीक्षित के अनुसार मंगलवार की दोपहर लगभग 02:30 बजे विभागीय व संविदा कर्मचारी सनी पाल (टीजी 2)अभिषेक कुमार (अकुशल श्रमिक) व संजीव कुमार (अकुशल श्रमिक)विद्युत बकाया बिल की वसूली व बकाया पर कनेक्शन काटने के लिए घुसकर के मजरा काशीराम पुरवा गए थे जहाँ बकायेदार बसंती देवी पत्नी रामखेलावन से उनका बकाया बिल 18578/- जमा करने को कहा गया और बकाया न जमा करने पर कनेक्शन काटने की बात कही गई।अवर अभियंता का आरोप है कि इस बात से नाराज बकायेदार के परिजन हरेन्द्र शैलेन्द्र देवेन्द्र दिनेश कर्मचारियों से गाली गलौज करने लगे।जिसका विरोध करने पर कर्मचारी संजीव से मारपीट करने लगे।जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने गोसाईगंज पुलिस से की है।इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है जिसकी जांच की जा रही है।

# अमेठी में ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी की सनसनीखेज वारदात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सीसीटीवी में कैद हुए चोर, पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल

लखनऊ। कोतवाली गोसाईगंज के नगर पंचायत अमेठी में सुल्तानपुर रोड पर स्थित आमिर सीमेंट स्टोर के सामने खड़े ट्रैक्टर और ट्रॉली की चोरी की घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। ट्रैक्टर, ट्रॉली (नंबर यूपी 32सीजेड 4257), जो दुकान के प्रोप्राइटर मोहम्मद इमरान के नाम पर पंजीकृत है, को चोरों ने रात के अंधेरे में चुरा लिया। इस घटना के साथ ही 50 मीटर पहले अलमास ट्रेडर्स के ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की चोरी ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल दी है। सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हुई है, जिसके आधार पर गोसाई गंज पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मोहम्मद इमरान के अनुसार, उन्होंने रात को अपनी दुकान के नीचे ट्रैक्टर और ट्रॉली खड़ा कर ऊपर बने घर में सोने चले गए। सुबह तड़के जब वे दुकान पर पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्रॉली गायब था। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल डायल 112 को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें थाने से संपर्क करने को कहा। पीड़ित ने अमेठी चौकी पर तहरीर दी, जिसके बाद चौकी इंचार्ज राजकुमार त्रिवेदी ने मौके का मुआयना किया। जांच के दौरान सामने की दुकान, जैद ट्रेडर्स, पर लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की गई। फुटेज में सुबह 4:56 बजे दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आते दिखे। उनमें से एक व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर गोसाईगंज की ओर जाता नजर आया। यह फुटेज पुलिस के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य बन सकता है, और इस आधार पर चोरों की तलाश तेज कर दी गई है।

आमिर सीमेंट स्टोर से महज 50 मीटर पहले स्थित अलमास ट्रेडर्स पर भी मंगलवार रात चोरों ने दस्तक दी। यहां चोरों ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर को स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर उन्होंने ट्रैक्टर की बैटरी चुरा ली। अलमास ट्रेडर्स के मालिक का कहना है कि अगर ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाता तो एक और चोरी की वारदात हो सकती थी। इन लगातार चोरी की घटनाओं ने स्थानीय व्यापारियों में दहशत पैदा कर दी है। व्यापारियों का आरोप है कि कोतवाली गोसाईगंज में रात्रि गश्त के नाम पर केवल खानापूरी की जाती है, जिसका फायदा चोर उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि चोर पुलिस के गश्त पैटर्न को भांपकर चोरी को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस चोरों के पैटर्न को समझने में नाकाम रही है। इस घटना ने कोतवाली गोसाईगंज की रात्रि गश्त की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्रीय व्यापारियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और रात्रि गश्त को मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## राजाजीपुरम के डी ब्लॉक उद्योग व्यापार मण्डल का हुआ गठन, अध्यक्ष बने सौरभ शर्मा उर्फ मोनू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार को लखनऊ व्यापार मण्डल इकाई राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के अंतर्गत डी ब्लाक उद्योग व्यापार मण्डल का गठन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र एवं अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के महामंत्री उमेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सौरभ शर्मा उर्फ मोनू ने अध्यक्ष व लवी अवस्थी महामंत्री एवं के एस श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। वहीं अमित टंडन ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुनीत गर्ग ने उपाध्यक्ष, अन्नू ने उपाध्यक्ष, तजवीर सिंह व वीरेंद्र शुक्ला ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कमलनयन सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं इस मौके पर उमेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राकेश अवस्थी को संरक्षक एवं गुलसन सचदेवा को चेयरमैन घोषित किया गया। शपथ ग्रहण के दौरान उमेश कुमार, सुशील तिवारी, सोनू पंडित, सौरभ शर्मा, लवी अवस्थी, के एस श्रीवास्तव, अमित टण्डन, पुनीत गर्ग, अन्नू उपाध्याय, तजवीर सिंह, वीरेन्द्र शुक्ला व कमलनयन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

❒ समाजसेवी बागेश्वर द्विवेदी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। समाजसेवी एवं जयगुरुदेव जी के परम शिष्य बागेश्वर द्विवेदी की पुण्यतिथि पर निगोहा के मस्तीपुर स्थित गुरुकृपा रेस्टोरेंट परिसर में विशाल श्रद्धांजलि सभा एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और द्विवेदी जी की पुण्य स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सुबह से ही आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और भावुक रहा। श्रद्धालुओं ने भंडारे में सहभागिता कर दिवंगत समाजसेवी के सामाजिक योगदान को स्मरण किया। द्विवेदी जी के सेवा-भाव, सरलता और जनकल्याण के कार्यों को याद करते हुए लोगों ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी , कार्यक्रम के आयोजक नागेश्वर द्विवेदी ने कहा ल्लबागेश्वर द्विवेदी जी न केवल एक समाजसेवी थे, बल्कि जनमानस के पथप्रदर्शक भी थे। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हुए द्विवेदी जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी , जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी भाग लिया और द्विवेदी जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। यह भंडारा न केवल श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि यह जन-जन की आस्था और सम्मान का एक जीवंत उदाहरण भी रहा।

### स्मार्ट क्लास के माध्यम से प्रदान किया जा रहा नि:शुल्क शिक्षण एवं प्रशिक्षण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लखनऊ रजनीश किरन ने बताया कि मानसिक मंदित(माइल्ड/मॉडरेड) बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0, लखनऊ द्वारा संचालित राजकीय ममता विद्यालय में संचालित है। विद्यालय में शैक्षिक सत्र-2025-26 हेतु प्रवेश प्रारम्भ है, जिसके अंतर्गत 06 से 18 आयु वर्ग तक की माइल्ड/मॉडरेट बालिकाओं को स्मार्ट क्लास के माध्यम से नि:शुल्क शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बालिकाओं हेतु नि:शुल्क रहने खाने, वस्त्र, बिस्तर एवं उपचार आदि की व्यवस्था है।

### अनिल दुबे की अध्यक्षता में मनाई गई चौधरी अजित सिंह की चौथी पुण्यतिथि



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा किसानों, मजदूरों के प्रेरणास्त्रोत चौधरी अजित सिंह की चौथी पुण्यतिथि राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस अवसर पर पार्टी के सांसद चंदन चौहान तथा उ0प्र0 सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, पूर्व विधायक शिव करन सिंह, राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट पकड़े गए 73 यात्री

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व तथा सहायक वाणिज्य प्रबन्धक ओमकार नाथ वर्मा के निर्देशन में लखनऊ मण्डल के गोमतीनगर- गोण्डा जं0 रेलखण्ड पर गाड़ी संख्या 15082 गोमतीनगर-गोरखपुर इंटरसिटी, 12587 अमरनाथ एक्सप्रेस तथा 12521 राप्तीसागर एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग जॉच अभियान चलाया गया। टिकट चेकिंग जॉच अभियान के दौरान उक्त ट्रेनों पर 73 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों तथा 05 यात्रियों को ट्रेन में गंदगी फैलाने हेतु पकड़ा गया। इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए बिना टिकट/अनियमित एवं गंदगी करने वाले यात्रियों से रूपया 27,750 का जुर्माना वसूला गया। वहीं इस दौरान यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक भी किया गया।

### सूखने लगे जानकीपुरम में लगाए गए पौधे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जानकीपुरम में उपराष्ट्रपति के आगमन के दौरान एकेटीयू चौराहे के पास डिवाइडर पर व किनारे फुटपाथ पर बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए थे लेकिन महज दो चार दिन बीतते ही इनकी देखरेख राम भरोसे छोड़ दी गई है। विभाग की तरफ से लापरवाही बरती जा रही है। पेड़ पौधों की देखरेख में हो रही लापरवाही के चलते मंगलवार को एक जागरूक नागरिक अनूप राजपूत ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत संख्या 92515700027600 दर्ज कराई है। अनूप ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन के दौरान लगाए गए पौधों की ठीक से देखरेख नहीं हो रही है। जिसके जलते सड़क के किनारे लगे छोटे छोटे पौधे सूखने लगे है। पेड़ पौधों तक पानी पहुंचने के लिए लगाए गए मोटर का पानी भी सड़क पर बहता है। अनूप ने कहा कि विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते छोटे पौधे सूखने लगे है। हालांकि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराकर विभाग से इन पौधों की देखरेख करने की अपील की है।

### मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे पुरानी डूडा कॉलोनी के निवासी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पारा स्थित नरपत खेड़ा में पुरानी डूडा कॉलोनी में आज भी नाली, पानी, खड़ंजा व खंभों जैसी मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई है। हालांकि स्थानीय निवासियों के मुताबिक उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदारों को व डूडा कॉलोनी के कार्यालय में लिखित शिकायत की लेकिन फिर भी समस्या आज भी जस की तस है। यहां के नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है।

### यूथ इनोवेशन फ़ेयर-2025 कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इनोवेशन हब डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में यूथ इनोवेशन फ़ेयर-2025' का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपने नवाचारों और स्टार्टअप विचारों को प्रस्तुत किया। डीन इनोवेशन एवं सोशल इंटरप्रेन्योरशिप प्रो. बी. एन. मिश्रा के नेतृत्व तथा एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा की उपस्थिति में 'युवाओं के नवाचार मेला 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में वित्त अधिकारी केशव सिंह उपस्थित रहे एवं विशेष अतिथि पवन कुमार यादव, समाज कल्याण अधिकारी लखनऊ रहे।

# दुबग्गा से कानपुर बाईपास तक अतिक्रमण का जंजाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ दुबग्गा। सीतापुर बाईपास से लेकर कानपुर बाईपास तक का इलाका अतिक्रमण के मकड़जाल में बुरी तरह उलझ चुका है। सड़क किनारे ठेले, अवैध दुकानें, मुर्गी विक्रेता और अन्य अस्थायी कारोबारी आधी सड़क पर कब्जा जमाए बैठे हैं। नतीजा ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं का खतरा और आम जनता को भारी परेशानी।

नगर निगम की ओर से कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, लेकिन इसका असर दिखना तो दूर, अतिक्रमण और भी तेजी से फैलता जा रहा है। कार्रवाई सिर्फ उन गिनी-चुनी दुकानों तक सिमट जाती है, जिनकी 'सेटिंग' नहीं होती। वहीं जिन दुकानों के पास रसूख और सियासी पहुंच है, उन्हें खुलेआम छोड़ दिया जाता है।

स्थानीय लोग बार-बार नगर निगम जोन-6 के ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव को इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की आंखों पर जैसे पट्टी बंधी है। कहा जाता है कि मनोज यादव को क्षेत्र की हर गतिविधि की पूरी जानकारी है, बावजूद इसके वह अपने कार्यालय में बैठकर तमाशा देखते हैं। जब कभी मनोज यादव खुद क्षेत्र में अपनी गाड़ी लेकर निकलते हैं और अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक जाम में फंसते हैं, तभी गुस्से में आकर एक-दो जगहों पर अतिक्रमण हटाने की औपचारिकता निभाई जाती है। लेकिन यह कार्रवाई भी कुछ ही घंटों में खत्म हो जाती है और अगले दिन से अतिक्रमण फिर उसी जगह लौट आता है। कार्रवाई के नाम पर बस कुछ फोटो खींचे जाते हैं और उन्हें ऊपर के अफसरों को भेज दिया जाता है ताकि 'काम हो रहा है' का दिखावा किया जा सके। धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस अंधेरगर्दी के चलते आम वाहन चालक, राहगीर और स्थानीय नागरिक बेहद परेशान हैं। आधी सड़क पर दुकानें सज जाने से बाकी बची सड़क पर भारी वाहनों के निकलने की जगह नहीं बचती, जिससे घंटों ट्रैफिक जाम लगा रहता है। सवाल उठता है जब आम आदमी को नियमों का पालन करना पड़ता है, तो सड़क पर कब्जा जमाने वालों पर इतनी ढिलाई क्यों? क्या नगर निगम की जवाबदेही सिर्फ कागजों और फोटो तक सीमित रह गई है? अब ज़रूरत है कि नगर निगम अपनी आंखें खोले, और रसूखदारों के दबाव से ऊपर उठकर निष्पक्ष कार्रवाई करे। वरना यह अतिक्रमण आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को पंगु बना देगा।

# अधिकारियों ने मेधावी छात्राओं को दी राशि, बांटी स्टेशनरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। नगराम कस्बा स्थित कटरा वार्ड के प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा नगराम के प्रबंधक सुनील प्रताप सिंह ने मेधावी 5 छात्राओं को बाहर-बारह सौ रूपए एवं एक-एक बैग व अन्य सभी छात्र छात्राओं को स्टेशनरी दिया। शाखा प्रबंधक सुनील प्रताप सिंह ने बताया कि बच्चों के हौसला-अफजाई के लिए पिछले सत्र में भी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि छात्रा दीपिका,सूफिया,सीबा,अनीशा, बंदना को बाहर-बारह सौ रुपए कुल पांच बच्चों के 6 हजार की डीडी बनाकर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शालिनी त्रिपाठी को दी है, वहीं विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को बैग व लेखन सामग्री वितरित किया गया है। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया शाखा नगराम के जितेन्द्र कुशवाहा, मनोज कुमार, राममोहन समेत बैंक मित्र उमेश कुमार एवं विद्यालय की सहायक अध्यापिका नीलम, शालिनी वर्मा मौजूद रही।

# अचली खेड़ा बैराज के पास मिला युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के अचली खेड़ा बैराज के पास मंगलवार को एक युवक का शव नहर में तैरता हुआ दिखाई दिया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त रामकिशोर (24 वर्ष)पुत्र स्वर्गीय रमेश चंद्र, निवासी कुल्ली खेड़ा, अर्जुन गंज, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवक रविवार को अपने साथियों के साथ इंदिरा नहर में नहाने गया था, जहां तेज बहाव के कारण वह डूब गया। इस हादसे ने मृतक के परिवार में कोहराम मचा दिया है। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, रामकिशोर रविवार को अपने कुछ साथियों के साथ इंदिरा नहर के किनारे पहाड़ नगर, टिकरिया गांव के पास नहाने गया था। नहर में उस समय पानी का बहाव काफी तेज था। नहाने के दौरान रामकिशोर गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव के कारण डूब गया। उसके साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। हादसे के बाद साथी डर के मारे मौके से चले गए और तत्काल किसी को इसकी सूचना नहीं दी। सोमवार को रामकिशोर के साथियों ने हिम्मत जुटाकर परिजनों को इस दुखद घटना की जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और अन्य लोगों की मदद से नहर के आसपास रामकिशोर की तलाश शुरू की। मंगलवार सुबह अचली खेड़ा बैराज के पास नहर में कुछ राहगीरों ने एक शव तैरता हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल नगराम पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त के लिए परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने मृतक की पहचान रामकिशोर के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा, लेकिन प्रारंभिक तौर पर इसे नहर में डूबने से हुई मौत माना जा रहा है।

# दुष्कर्म के मामले में तांत्रिक को बचाने में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सीएम से पीड़िता ने गिरफ्तारी की किया मांग

❒ खुले आम घूम रहा यौन शोषण का आरोपी तांत्रिक, नहीं हुई गिरफ़्तारी?

बीकेटी,लखनऊ। पश्चिम बंगाल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म करने वाले तांत्रिक अमरमणि त्रिपाठी को पुलिस काफ़ी दिनो से बचाने में जुटी है।यौन शोषण के आरोप को पुलिस छेड़खानी की धारा में दर्ज कर प्राथमिकी जांच लम्बित कर दी है।यह आरोप लगाते हुए महिला डॉक्टर ने सीएम योगी और डीसीपी नार्थ को लिखित शिकायत देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।वही फिर हाल आलाधिकारियों ने तांत्रिक के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए पीड़िता को वापस बंगाल भेज दिया है।पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 09 जनवरी 2025 को मूलरुप से बंगाल की रहने वाली महिला डॉक्टर (35) ने बीकेटी थाने में रुदही रोड नगर पंचायत बीकेटी निवासी तांत्रिक अमरमणि त्रिपाठी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।हालांकि पुलिस ने संगीन आरोपों में एफआईआर न दर्ज कर पुलिस ने छेड़खानी और गाली-गलौज की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली थी।वही पीड़िता महिला डाक्टर ने बताया कि वह कोलकत्ता के स्वास्थ्य विभाग में बतौर मेडिकल आफिसर के पद पर कार्यरत है।वर्ष 2021 में एस्ट्रोलॉजी एप्लीकेशन की मदद से वह तांत्रिक के सम्पर्क में आ गई और जिसके बाद दोनों अक्सर मोबाइल पर बातचीत करने लगे।नजदीकियां बढ़ने पर तांत्रिक ने पीड़िता से शादी करने का प्रस्ताव रखा पीड़िता ने तांत्रिक की बातों में आकर हामी भर दी जिसके बाद तांत्रिक कोलकत्ता पहुंचा और पीड़िता के साथ रहने लगा।

पहले से शादीशुदा था तांत्रिक,पीड़िता को नही बताई असलियत

पीड़िता महिला डॉक्टर का आरोप है कि लगभग ढ़ाई साल तक फरेबी यह तांत्रिक शादी के नाम पर लगातार उसका यौन शोषण करता रहा और उससे रुपये भी ऐंठता था



जिसके कुछ दिन बाद तांत्रिक कोलकत्ता से लखनऊ आ गया और आरोपी तांत्रिक ने पीड़िता का मोबाइल नम्बर भी ब्लॉक कर दिया।पीड़िता तांत्रिक की तलाश में उसके बताए ठिकानों पर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। जिसके कुछ दिन बाद जनवरी में पीड़िता को तांत्रिक के लखनऊ वाले घर का पता मिला और वह तांत्रिक से उसके घर मिलने पहुंची तो उसके होश उड़ गए। यहां पहुंचने पर पीड़िता को पता चला कि तांत्रिक अमरमणि पहले से विवाहित है,वही तांत्रिक ने पीड़िता डाक्टर को अपमानित कर घर से भगा दिया था।जिसके बाद पीड़िता ने बीकेटी थाने में तांत्रिक पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## वही पुलिस महिला डाक्टर व तांत्रिक के बीच बता रही रुपयों का है विवाद

महिला डॉक्टर का आरोप है कि मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी एसएसआई अशोक कुमार सिंह ने मेरे साथ हुई पूरी घटना को एक नई दिशा और दशा दे रखी है, पूरी कहानी को हो बदलकर रख दिया है,जांच अधिकारी ने संबंधित उच्चाधिकारियों को अपनी रिपोर्ट में दर्शाया है कि दोनों पक्षों के बीच रुपयों का विवाद है और यौन शोषण का आरोप गलत है,वहीं महिला डॉक्टर का साफ़ तौर पर कहना है कि जनवरी में जब उसने तांत्रिक के विरुद्ध तहरीर दिया था तो पुलिस ने इस मामले में तांत्रिक की तरफ़ से 2.50 लाख रुपये दिलवाने की बात कहकर मामले को खत्म करने का दबाव बना रही थी, वही पीड़िता जब सुलह समझौता पर नही मानी तो पुलिस ने अपनी तरफ़ से यौन शोषण के आरोप को छेड़खानी की धारा में प्राथमिकी दर्ज किया था जिससे पीड़िता संतुष्ट नहीं थी और आरोपी खुले आम घूम रहा है,वही जिसके बाद पुलिस की कार्यवाही से पीड़िता संतुष्ट न होकर कुछ दिन पूर्व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई थी,हालांकि देखना यह है कि आरोपी पर कोई कठोर कार्यवाही होती है या खुले आम यौन शौषण का आरोपी यह तांत्रिक घूमता रहेगा यह सब एक जांच का विषय है।

# जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत गठित जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारित सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में चिकित्सकीय जॉच समय से उपलब्ध करायी जाए। लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करते हुये पीड़ितों को नियमानुसार देयराशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पोर्टल पर लम्बित सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा जिन प्रकरणों में किसी दस्तावेज/विवरण की आवश्यकता हो उनमें तत्काल संबंधित स्तर से सम्पर्क कर वांछित दस्तावेज/विवरण प्राप्त कर लिया जाये। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि धनराशि के अन्तरण हेतु बैंक खाते समय से खुलवाये जायें।

जिला प्रबोशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं विभिन्न अपराधों से पीड़ित महिलाओं तथा बालिकाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु प्रदेश में उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना का प्रभावी कियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जनपद स्तर पर समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिए जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति द्वारा सभी प्रकरणों पर गहनता पूर्वक विचार करते हुए निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 प्रवीन रंजन, संयुक्त निदेशक अभियोजन संजय विश्नोई, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला सहित सम्बंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 7 अंतर्गत अवैध निर्माण का सिलसिला जारी



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के थाना सआदतगंज क्षेत्र के रज्जबगंज की इस जमीन पर विवाद भी है इस ज़मीन के सेल सर्टिफिकेट का SARFESI अधिनियम में DRT में वर्ष 2019 से वाद चल रहा है इसके बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इसके बाद भी चौकी इंचार्ज की मिली भगत से अवैध तरीके से निर्माण कार्य जारी है। दूसरे पक्ष में आई जी आर एस कर पुलिस को सूचना दी । और 112 नंबर पर डायल कर शिकायत भी की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है दबंग निर्माण कर तेजी से कर रहा है पुलिस को सूचना देने के बाद भी नहीं की गई कोई कार्रवाई। परंतु फिर भी किया जा रहा है जमीन पर निर्माण, आखिर किसकी मिलीभगत से कराया जा रहा है यह अवैध निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन 7 के अधिकारी आखिर क्यों है नतमस्तक , आखिर क्यों नहीं हो रही इन अवैध निर्माणों पर कार्यवाही।

## राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 राज्यपाल महोदया उ0प्र0 के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। हेलीपैड व्यवस्था, निर्धारित मार्ग, फ्लीट आदि से संबंधित सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करते हुये तैयारियां की जायें।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें तथा इसकी सूचना भी समय से प्रेषित की जाये। स्टाल, प्रमाण-पत्र वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के लिये भी तैयारियां पूर्ण की जायें। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के प्रतिभाग हेतु व्यापक कार्ययोजना बनाते हुये तदनुसार कार्यवाही की जाये। कुपोषित बच्चों के लिये पोषण पोटली एवं क्षय रोगियों के लिये पोषण किट वितरण हेतु समुचित प्रबंध सुनिचित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि चयनित विभागों द्वारा अपनी योजनाओं के स्टाल लगाकर जनसामान्य को योजनाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध करायी जाये तथा पात्रों को लाभान्वित भी किया जाये। इसी प्रकार विभिन्न योजनाओं में लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित कराये जाने हेतु चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कार्यक्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु व्यापक निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी प्रेषित किये गये आंकड़ों का मिलान अवश्य कर लें, जिससे प्रेजेन्टेशन में कोई त्रुटि न रहे। इसके साथ ही प्रेजेन्टेशन में गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफ लगाये जाने के निर्देश भी दिये।

# ग्राम प्रधान पर आवास के नाम पर 50000 रुपये लेने का आरोप

### खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने जांच कर उचित कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

### लाखो के घोटाले बाज प्रधान को किसका संरक्षण है प्राप्त जो नहीं होती है कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा - सीतापुर । विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सकरारा में प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास दिए जाने का आश्वासन देकर पचास हजार रुपये वसूल लिए जिसे न ही आवास दिया गया और न ही पैसे वापस किये प्रार्थिनी सरला पत्नी मैकू लाल निवासी ग्राम मोहकमपुर मजरा सकरारा विकासखंड मछरेहटा तहसील मिश्रिख जनपद सीतापुर की निवासीनी है । ग्राम प्रधान ने सरला विधवा व आवास विहीन महिला है जिसके चलते प्रधान ने फायदा उठाते हुए पैसे वसूल लिए प्रार्थिनी ने खंड विकास अधिकारी मछरेहटा की शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है खण्ड विकास अधिकारी ने जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है ।

प्रार्थिनी ग्राम प्रधान से जब अपने पैसे मांगने गयी तो प्रधान ने उसे गंदी - गंदी गालियां दी और भगा दिया प्रार्थिनी का कहना की ग्राम पंचायत में बने सरदार भगत सिंह मॉडल तालाब में कार्य किया था जिसकी मजदूरी प्रधान ने किसी दूसरे के खाते में भुगतान करवा दिया।

ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत खोखला कर दिया है कुछ दिन पूर्व में एक ग्रामीण ने सपथ पत्र देकर जिलाधिकारी से जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की थी ।

## अवैध शस्त्र सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त राजकुमार पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम चपरुवा थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को 01 अदद अवैध तमंचा मय 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। *उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना स्थानीय का मजारिया हिस्ट्रीशीटर ब्ब्द्य गध.4903 इ है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी लूट/चोरी/नकबजनी आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में कई अभियोग पंजीकृत हैं।* बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 93/25 धारा 25(1-3) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब तक 595 गोवंशों का पुनर्वास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा जनहित एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों के पुनर्वास एवं संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार, इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल निष्पादन हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर निराश्रित गोवंशों की पहचान करें तथा उन्हें निकटतम गो-आश्रय स्थलों तक सुरक्षित पहुंचाए।

अब तक की कार्यवाही के अंतर्गत, नोडल अधिकारियों द्वारा कुल 595 निराश्रित गोवंशों को विभिन्न गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जा चुका है। यह कार्य निरंतर प्राथमिकता के आधार पर जारी है, जिससे न केवल गोवंशों की रक्षा सुनिश्चित हो रही है, अपितु सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आई है।

इस कार्य की निगरानी एवं अनुश्रवण की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग, सीतापुर को सौंपी गई है, जो नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहा है। विभाग द्वारा नोडल अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट्स के आधार पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

जिला प्रशासन सीतापुर आमजन से भी अपील करता है कि यदि किसी स्थान पर निराश्रित गोवंशों की उपस्थिति यातायात अथवा जन-सुरक्षा के लिए बाधक प्रतीत हो, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित नोडल अधिकारी अथवा स्थानीय प्रशासन को प्रदान करें, जिससे समयबद्ध रूप से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# यूपी के भू-अभिलेखों का होगा डिजिटल आधुनिकीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 'डिजिटल इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश भर के भू-अभिलेखों को डिजिटल करने के लिए 121 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है।

यह बजट भारत सरकार के डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत स्वीकृत किया गया है। इस योजना के धरातल पर उतरने से न केवल लोगों को दस्तावेजों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनता की सुविधा के लिए पूरे प्रदेश के भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाए। इस योजना के अंतर्गत जमीन से जुड़े सभी अभिलेख जैसे भू-नक्शा, खतौनी और खसरा को डिजिटल माध्यम से आमजन तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी, जिसके लिए विस्तृत डाटा बैंक बनाया जाएगा। इससे भूमि से संबंधित दस्तावेज एक क्लिक में उपलब्ध हो सकेंगे।

डिजीटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने कुल 121 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें से अब तक 46 करोड़ 45 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। शेष 74 करोड़ 64 लाख रुपये जल्द ही अवमुक्त किए जाएंगे।

इस परियोजना के अंतर्गत पूरे प्रदेश में आधुनिक अभिलेख कक्ष (मॉडर्न रिकॉर्ड रूम) की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही डीआईएलआरएमपी सेल भी गठित की जाएगी, जो इस कार्य को क्रियान्वित करेगी।

# सरकार में आने पर आउटसोर्सिंग प्रथा को करेंगे बंद: अखिलेश

## भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों का हो रहा है उत्पीड़न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि 2027 में सरकार में आने पर वह आउटसोर्सिंग प्रथा को पूरी तरह बंद करेंगे।

श्री यादव ने समाजवादी मजदूर सभा के पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि भाजपा सरकार मजदूरों को शोषण कर रही है। रोटी-रोजगार के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है। हम चाहते हैं कि श्रमिकों का शोषण बंद हो। उद्योग भी बंद न हो और श्रमिकों के साथ अन्याय भी न हो। उनकी सरकार के आने पर न सिर्फ श्रमिकों के लिये कल्याणकारी योजनाओं को फिर से शुरु किया जायेगा बल्कि आउटसोर्सिंग प्रथा को भी बंद किया जायेगा।

उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी श्रमिकों के साथ है। कोविड काल में समाजवादी पार्टी ही श्रमिकों की मदद करने आगे आई थी। सन् 2014 में समाजवादी सरकार में न्यूनतम श्रम बोर्ड का गठन किया गया था। श्रमिकों को सरकार की तरफ से साइकिलें दी गई थी। समाजवादी सरकार में मानदेय की भी व्यवस्था की गयी थी। भाजपा ने समाजवादी सरकार की सभी श्रमिक कल्याण सम्बंधी योजनाएं बंद कर दी है।

श्री यादव ने कहा कि आगामी 2027 की लड़ाई सबसे बड़ी है। भाजपा के झूठ का पर्दाफाश होगा। सामाजिक न्याय का राज समाजवादी सरकार के बनने पर ही स्थापित होगा। श्रमिकों को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। समाजवादी सरकार बनने पर ही लोगों की जिंदगी में खुशहाली आएगी। किसान, नौजवान, महिलाओं, व्यापारियों तथा शिक्षकों को तमाम परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।

श्री यादव ने मंगलवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के उत्पीड़न के शिकार झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने आज उनसे मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है। किसानों की समस्या को लेकर नेता विरोधी दल विधान परिषद लालबिहारी यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमण्डल झांसी और बबीना गया। वहां जिलाधिकारी से बात हुई जब जिलाधिकारी ने बात मान ली तो माना जाता है सरकार पूरा करेगी, लेकिन अधिकारी के ट्रांसफर के बाद किसानों की समस्या जस-की-तस है।

उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की लड़ाई लड़ेगी। सरकार किसानों को जमीनों का बाजार भाव दे। जमीनों के बदले किसानों को बाजार भाव मिलना चाहिए। किसानों पर दबाव बनाकर किसी सहमति के कागज पर दस्तखत नहीं कराने चाहिए।

श्री यादव ने कहा कि जब भूमि अधिग्रहण नियम है तो सर्किल रेट बढ़ाकर किसानों को चार गुना मुआवजा देना चाहिए। झांसी-बबीना में जब सरकार ने ही किसानों को विस्थापित किया है। सरकार ने किसानों को जमीन दिया लेकिन वह किसानों के नाम नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की है। निर्माण कार्य हो रहे है। जमीन लगातार काम हो रहे है। जमीन सिकुड़ रही है। किसानों के साथ धोखा नहीं होना चाहिए। समाजवादी पार्टी बुन्देलखंड झांसी, बबीना के किसानों की मदद करेगी।

उन्होने कहा कि बबीना की तरह ही भाजपा सरकार ने अयोध्या के गरीबों और किसानों की जमीने छीन, ली थी, लूट की थी, मुनाफा कमाया था, उसी का परिणाम था कि प्रभु श्रीराम ने भाजपा को अयोध्या की धरती से हरा दिया था और पूरे देश में भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के अंत का संदेश दिया था। हम झांसी और बुन्देलखंड के किसानों से अपील करते है कि भाजपा को हरा कर सबक सिखाये क्योंकि भाजपा ने बुन्देलखंड में झूठ बोला है। भाजपा सरकार ने बुन्देलखंड में मिसाइल, गोला बारूद, तोप बनाने का वादा किया था लेकिन अभी तक वहां पर सुतली बम भी नहीं बन पाया है।

इससे पूर्व सपा अध्यक्ष को दिये गये ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बीड़ा में वर्तमान राज्य सरकार द्वारा करीब 25000 किसानों को ठगा जा रहा है। किसानों के बच्चों का भविष्य अंधकारमय किया जा रहा है। बीड़ा से प्रभावित प्रत्येक ग्राम से सरकार द्वारा जानबूझकर सही भौतिक सत्यापन नहीं कराया जा रहा हे। कई ग्रामों में सड़क व आबादी सर्किल रेट में दर्ज नहीं है। जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-BSB-Gen-39-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 13:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-43-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-42-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-36-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-34-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **ATM-LKO-LKO-Gen-35-25-1 (ATM-General)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

1332/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लांट उ.रे. चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. प्रीफैब्रिकेटेड थ्री पीस मोल्ड, लूटिंग सैंड और ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न मदों की नमी मुक्त पैकिंग हेतु प्लेन पॉलीथिन का थर्मिट पोर्शन प्लान्ट,उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ के स्पेशिफिकेशन/डिजाइन/ड्राइंग/नमूना के अनुसार उत्पादन और आपूर्ति।<br>2. "थर्मिट पोर्शन प्लांट/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अनुमोदित डिजाइन और विनिर्देश के अनुसार एस.के.वी. तकनीक द्वारा 25 मिमी अंतर के लिए 52/60 किलोग्राम रेल के ए.टी. वेल्डिंग जोड़ों की सुविधा के लिए वस्तुओं का निर्माण और आपूर्ति" |
| 2 | **अनुमानित लागत**<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. रू. 8,57,86,628.75 (रू आठ करोड़ सत्तावन लाख छियासी हजार छः सौ अठाइस और पचहत्तर पैसा मात्र)<br>2. रू. 9,16,93,399.28 (रू नौ करोड़ सोलह लाख तिरानबे हजार तीन सौ निन्यानवे और अठाइस पैसा मात्र) |
| 3 | **धरोहर राशि**<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. रू. 578900.00<br>2. रू. 608500.00 |
| 4 | **कार्य की समापन अवधि**<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 (चौबीस) माह।<br>2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। |
| 5 | **निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि**<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. 12.05.2025<br>2. 12.05.2025 |
| 6 | **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय**<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. निविदा 26.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी।<br>2. निविदा 26.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन समय 15:30 बजे खोली जायेगी। |
| 7 | | **न्यूनतम पात्रता की शर्तें:** |
| अ | **तकनीकी**<br>(दोनों निविदाओं के लिए<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा।<br>तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या<br>एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | **वित्तीय**<br>(दोनों निविदाओं के लिए<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | **एक समान कार्य**<br>1. 02/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26<br>2. 03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 | 1. "प्रीफैब्रिकेटेड मोल्ड/क्रुसिबल चार्ज/ए.टी. वेल्डिंग थिम्बल का उत्पादन और आपूर्ति" या "स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य"<br>2. ए.टी. वेल्डिंग से संबंधित विभिन्न उपकरणों और संयंत्रों का निर्माण और आपूर्ति या स्टील कास्टिंग/फैब्रिकेशन का कार्य |
| 9 | **वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है** | **www.ireps.gov.in,** कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/थर्मिट पोर्शन प्लान्ट उ.रे. चारबाग, लखनऊ |

**नोट :- 1.** कोई भी निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए ठेकेदारों द्वारा भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। **3.** मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0-02&03/टी.पी.पी./चारबाग/लखनऊ/2025-26 दिनांक 29.03.2025 1320/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हरिऔध कला केन्द्र में दैवीय आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में आयोजित की गई कार्यशाला

**प्राकृतिक आपदायें क्या होती है, उन प्राकृतिक आपदाओं से बचा कैसे जाए, लोगों में इससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता होना अति आवश्यक है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। दैवीय आपदा प्रबन्ध जांच समिति के सभापति इं0 अवनीश कुमार सिंह, सदस्य अंगद कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य रामसूरत राजभर, विक्रान्त सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में लघु फिल्म का प्रदर्शन एलईडी के माध्यम से किया गया। सभापति ने कहा कि यह कार्यशाला आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होने कहा कि आपदा से कैसे बचा जाए, उसकी तैयारी के लिए संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। प्राकृतिक आपदायें क्या होती है, उन प्राकृतिक आपदाओं से बचा कैसे जाए, लोगों को इससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता होना अति आवश्यक है। इसके लिए आपदा से पूर्व की तैयारी के लिए आपदा प्रबन्धन द्वारा कार्य किया जाता है। उन्होने कहा कि आपदा के समय आपदा प्रबन्धन द्वारा क्या कार्य किया जाता है, इसके सम्बन्ध में आप लोगों को जानना चाहिए।

उन्होने कहा कि गर्मी के समय लू लगने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जायें, आकाशीय विद्युत की चपेट में आने से बचने के लिए क्या-क्या सावधानियां अपनानी है, इसके बारे में जागरूक होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि सर्पदंश से मृत्यु होने के बाद पोस्टमोर्टम होने पर प्रभावित व्यक्ति के परिवार को सरकार रू0 04 लाख की आर्थिक सहायता देती है। उन्होने सभी से अपील किया कि यहां से प्रशिक्षण लेने के उपरान्त आप सभी अपने परिवार एवं आस पास के लोगों को आपदा से बचाव एवं आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को सरकार द्वारा दिये जाने वाले लाभों के सम्बन्ध में जागरूक अवश्य करेंगे। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री की मंशा है कि कभी भी कोई भी दैवीय आपदा आती है तो यह प्रयास किया जाता है कि कम से कम जनहानि हो एवं जल्द से जल्द लोगों को राहत पहुंचायी जाए।

उन्होने कहा कि प्रशासन का यह दायित्व है कि आपदा के समय सरकार द्वारा मिलने वाले राहत सामग्री को जन-जन तक पहुंचायें। उन्होने कहा कि आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में वीडियो, बुकलेट अधिक से अधिक आम जन तक पहुंचाया जाए। उन्होने कहा कि घरों में लगे नल को खोलकर न छोड़ें, जिससे पानी बर्बाद हो, इससे आने वाले समय में बड़ा संकट बनेगा। उन्होने कहा कि तालाब, नदी में जहां पर पानी में डूबकर मौते ज्यादा होती है, वहां पर जिला प्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए साइन बोर्ड लगवाया जाए। उन्होने कहा कि ब्लाक स्तर पर इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन कराया जाए, जिससे कि ग्रामीण स्तर के लोग भी आपदा से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक हो सकें। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार-।। ने कहा कि सरकार की यह मंशा है कि आपदा न आये। यदि आपदायें आती हैं तो इससे कम से कम लोग प्रभावित हों। उन्होने कहा कि आपदाओं से बचने के लिए जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों पर आपदा से बचाव के सम्बन्ध में पम्पलेट चस्पा किया जायेगा। उन्होने कहा कि जनपद में जो भी आपदायें आती हैं, उसके सम्बन्ध में पूर्व से तैयारी की जायेगी, आपदा के समय यह प्रयास किया जायेगा कि कम से कम जनहानि हो। उन्होने जनपद वासियों से अपील किया कि आपदा के समय छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर अपनी एवं अपने आस पास के लोगों को बचा सकते हैं।

# डीएम ने आईटीआई से बालापुर तक निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अमृत योजना के अंतर्गत आईटीआई से बालापुर तक बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सड़क की मरम्मत का कार्य होता हुआ पाया गया, अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) देवेन्द्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क की कुल लम्बाई 1400 मी0 है, जिसमें से लगभग 200 मीटर सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुवे कहा कि 15 तारीख तक शेष बचे हुवे कार्य को गुणवत्तापूर्ण, मानक के अनुरूप, समयबद्ध पूर्ण कराया जाए।

# ट्रैक्टर–ट्राली की टक्कर से दूल्हे की कार पलटी दूल्हा समेत 6 लोग घायल, दो की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पड़रौना, कुशीनगर। कुशीनगर के हनुमानगंज थाना कुशीनगर क्षेत्र में सोमवार की रात बोधी छापर गांव से बारात डोमन छपरा के लिए रवाना हुई थी। यह बारात बोधि छापर निवासी सचिन कुमार यादव की थी। जो कार ठघ 57 उठ 8944 में सवार होकर शादी में जा रहे थे। रास्ते,में,बालू,लदे,एक,ओवरलोडेड ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दूल्हे की कार खेत में पलट गयी। उसमें बैठे सभी छह लोग घायल हो गए। जिनमें तीन लड़कियां और तीन युवक शामिल थे।ओवरलोडेड ट्रैक्टर-ट्राली ने कार को मारी टक्कर।दूसरी कार से दूल्हा शादी के लिए रवाना,दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई।

दो युवतियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। दूल्हा सचिन कुमार यादव भी घायल हुआ। लेकिन उनकी चोटें हल्की थीं। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें दूसरी कार से शादी के लिए रवाना हो गया। जिससे विवाह की रस्में पूरी की जा सकीं। हादसे के बाद दूल्हे के परिवार और गांव में कोहराम मच गया।लेकिन दूल्हे की सलामती की खबर से परिवार में थोड़ी राहत आई।बालू माफियाओं का आतंकस्थानीय लोगों ने बताया कि बालू से ओवरलोडेड ट्रैक्टर-ट्रॉली इलाके में धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। इन गाड़ियों के ड्राइवर अक्सर नशे में होते हैं। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि प्रशासन की तमाम व्यवस्थाओं और सख्ती के दावों के बावजूद बालू माफिया बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।हादसे के चश्मदीदों का कहना है कि ट्रॉली चालक शराब के नशे में था। रात के समय सड़क पर रफ्तार भर रहा था। जिसके चलते,यह,हादसा,हुआ,ट्रैक्टर-ट्राली ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।स्थानीय प्रशासन पर उठ रहे सवाल,हादसे के बाद पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि इतनी बड़ी लापरवाही के बावजूद बालू माफियाओं पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि रात में बालू लदी ट्रॉलियों की निगरानी बढ़ाई जाए। ओवर लोडिंग पर रोक लगाई जाए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# महिलाओं ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कसया स्थित वृद्धाश्रम में इनर व्हील क्लब आफ पडरौना के सदस्यों ने मंगलवार का दिन बेसहारा बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उन्हें उनकी जरूरत की खाद्य सामग्री तथा उनकी आवश्यकता अनुसार 21 कुर्सियां बांटीं। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष मीनू जिंदल ने कहा कि हमारा परिवार हमारे बुजुर्गों से ही पूरा होता है।

जिस व्यक्ति ने हमें बनाने में अपना जीवन लगा दिया, उन्हें सम्मान दिया जाना चाहिए। संस्थान के बुजुर्गों के साथ काफी देर समिति की महिलाओं ने समय बिताया और फिर से आने का वादा किया। कार्यक्रम में वृद्ध परिजनों के साथ मनोरंजन खेल खेले गए जिससे पूरा माहौल पारिवारिक हो गया। कार्यक्रम में कसया नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती किरण जयसवाल तथा पडरौना विधायक भाभी श्रीमती ममता जायसवाल भी उपस्थित रहीं।बता दें यह संगठन जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की शिक्षा, महिलाओं के व्यवसायिक प्रशिक्षण,



निर्माण क्षेत्र के मजदूरों के परिवारों की सहायता, स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन और वृद्धाश्रमों में सहायता के कार्यक्रम करता रहा है।

इस समिति की महिलाएं स्वच्छता अभियान और पौधरोपण के कार्यक्रम भी आयोजित करती रही हैं। कार्यक्रम में मंत्री रश्मि श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष रजनी खेतान सरिता गुप्ता उषा नर्सरिया वंदना वर्मा डॉ शुभ्रा सलूजा विनीता गुप्ता श्रुति गोयल रमा बंका रीना चहाड़िया करुणा बंका डॉक्टर सुनीता पांडे स्मृति तुलस्यान वृद्ध आश्रम संचालिका रागिनी सिंह आदि सम्मिलित रहीं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी स्व अजीत सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के ग्राम मधुरिया में राष्ट्रीय लोकदल द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी स्व अजीत सिंह की पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव रालोद सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि स्व. अजीत सिंह किसानों, मजदूरों और शोषित वर्ग के मसीहा थे। उन्होंने आजीवन राष्ट्र के विकास और खुशहाली के लिए संघर्ष करते रहे। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि लोकदल के संस्थापक स्व. चरण सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए स्व. अजीत सिंह ने केंद्रीय मंत्री के रूप में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। पार्टी आज उनके सिद्धांतों पर चल रही है। इस दौरान सुधीर शाही, गणेश प्रसाद, कुलदीप कुमार, भगवान दयाल विश्वकर्मा, श्रीनिवास गुप्ता, मोहित तिवारी, विशाल राजभर, गोपाल प्रसाद, मदन मिश्र, सुगंध गिरी, श्रीमती मालती देवी, श्रीमती गीता देवी, श्रीमती गैसा देवी, श्रीमती कबुतरी देवी, श्रीमती मथरा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# थाना चंदापुर में हर पीड़ित व्यक्ति को दिलाया जाएगा न्यायः अपर पुलिस अधीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। जनप्रतिनिधि व आम जनमानस के सहयोग से ही लोगों को न्याय मिल पाता है। ऐसे में सभी के सहयोग की जरूरत है और आने वाले हर पीड़ित व्यक्ति को नवसृजित थाना चंदापुर में त्वरित न्याय दिलाया जाएगा यह उद्गार आज नवसृजित थाना चंदापुर में औपचारिक निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों व जनमानस को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा व्यक्त कर रहे थे। बताते चले की शासन व सरकार की मंशा के अनुरूप महराजगंज क्षेत्र के 23 गांवों को काटकर एक नया थाना चंदापुर बनाया गया है। जिसको सरकार ने अमलीय जामा पहनाते हुए सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए सभी कर्मचारियों की तैनाती करते हुए नए थाने के कार्यकाल का शुभारंभ किया जा चुका है।

उसी के परिपेक्ष में आज दिन मंगलवार को शाम 5 बजे औपचारिक निरीक्षण



करने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों से जनसंवाद कर कुशल क्षेम पूछा और आस्वस्त करते हुए कहा कि आप सभी लोग क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व थाना प्रभारी चंदापुर प्रशांत द्विवेदी का प्राइवेट नंबर लेलें यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो आप सभी लोग दूरभाष पर तुरंत सूचित करें मामले का निस्तारण त्वरित किया जाएगा। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो दूरभाष पर अवगत कराएं आपको तत्काल हरसंभव मदद की जाएगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, महराजगंज कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी, एस एस आई प्रवीण कुमार सिंह, एस आई रवि पवार, अमावा ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष ऋषि सिंह, कुन्नू प्रधान, संतोष सिंह, अकमल खान, अक्षय कुमार सिंह, गोपाल सिंह, अत्रिकंतात द्विवेदी, राम सजीवन यादव, राजन सिंह डोमापुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## डीएम ने बछरावां रेलवे ओवर ब्रिज के मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्टेट हाईवे के बछरावां रेलवे ओवर ब्रिज के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया । निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग महिपाल सिंह ने अवगत कराया की कार्य प्रगति पर है शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शेष बचे हुए कार्य को 15 मई तक गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण पर कराया जाए, जिससे जन सामान्य को उसका लाभ मिल सके और यातायात सुगम बन सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर हुईं कार्यवाही, पक्की दीवार गिराई गई



राजापाकड़/ कुशीनगर। उपजिलाधिकारी तमकुहीराज के निर्देश के तहत ग्राम सपही टड़वा स्थित गाटा संख्या-958 की झाड़ियों और जंगल की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्यवाही राजस्व टीम और पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।अतिक्रमणकर्ता ने सरकारी भूमि पर झोपड़ी डालकर कब्जा कर लिया था और फिर झोपड़ी के भीतर पक्की दीवार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। राजस्व विभाग द्वारा कई बार अतिक्रमणकर्ता को निर्माण कार्य रोकने के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने इन चेतावनियों की अनदेखी की और निर्माण कार्य जारी रखा। इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाया और बुलडोजर की मदद से पक्की दीवार को गिरा दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक तमकुहीराज अश्वनी राय, हल्का लेखपाल खालिद सिद्दीकी, यशपाल सिंह और कमरुज्जमा अंसारी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि अतिक्रमणकर्ता भविष्य में पुनः निर्माण कार्य करता है, तो उसे पूरी तरह से बेदखल कर दिया जाएगा। प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न करें, अन्यथा इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खलवपट्टी में मवेशी चोरी के एक सप्ताह बाद भी एफआईआर नहीं

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खलवपट्टी गांव में मवेशी चोरों ने पुलिस की नाक के नीचे से किसान रज्जाक अंसारी के दो भैंस और एक पड़िया चुरा ली। 30 अप्रैल को तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज करना भी जरूरी नहीं समझा। लाखों की चोरी के बाद भी अपराधियों की धरपकड़ तो दूर, पुलिस कागजों में ही कार्रवाई का राग अलाप रही है।ग्रामीणों का कहना है कि तुर्कपट्टी थाने के बीट सिपाही अवैध वसूली में इतने मशगूल हैं कि उन्हें आम जनता की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं। हाल ही में एक वायरल वीडियो में अवैध वसूली का भंडाफोड़ हुआ था, लेकिन विभागीय लीपापोती ने उसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। पुलिस का दोहरा चेहरा ग्रामीणों को नागवार गुजर रहा है। लोग कहते हैं कि जब बड़े नेताओं के पालतू पशु चोरी होते हैं तो पुलिस रात-दिन एक कर देती है, लेकिन एक गरीब किसान की गुहार पर कान देने वाला कोई नहीं। पुलिस की यह संवेदनहीनता अब जनता के सब्र के बाहर जाती दिख रही है। प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह का दावा है कि चोरों को पकड़ने के लिए टीमें बनाई गई हैं और जल्द खुलासा होगा। पर जमीनी हकीकत यह है कि एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई, जिससे साफ है कि पुलिस सिर्फ जुबानी जमा खर्च कर रही है।

# एक देश एक चुनाव से होगी राष्ट्र की उन्नतिः श्रीमती संगीता यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**भाजपा द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी आयोजित**

**चुनाव एक साथ होने से समय और धन की बचत होगीः विजय दूबे**

**एक देश एक चुनाव को लेकर चल रहा जनजागरण अभियानः रजनीकांत मणि**




कुशीनगर। नगर के एक निजी रिसोर्ट में भाजपा द्वारा आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर वक्ताओं ने कहा कि हर वर्ष चुनाव करने से समय और धन की बरबादी होती है। एक देश एक चुनाव से देश का विकास होगा। मंगलवार को आयोजित संगोष्ठी की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा और सांसद राज्य सभा श्रीमती संगीता यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ~~नरेंद्र मोदी द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को~~ लेकर आम सहमति के लिए मुहिम चलाई जा रही है। वर्ष 1952 और 2025 में काफी अंतर है। एक देश एक चुनाव कोई नया नहीं है।

बार बार चुनाव से विकाश बाधित होता है और समय खर्च बढ़ जाता है। कार्यक्रम को लेकर सार्थकता देखने को मिल रही है। सांसद विजय कुमार दुबे ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश में कुशीनगर की पहचान विकाश कार्यों से है। ऐतिहासिक रूप से फ्ली ओवर, रेलवे लाइन का निर्माण और कोरोना काल में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का विकाश हुआ। बौद्ध सर्किट एरिया का विकास प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रीद्वारा हो रहा है। लोक सभा, विधान सभा और अन्य चुनाव एक साथ होने से समय और धन की बचत होगी। एक देश एक चुनाव के जिला संयोजक पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी इस विषय को लेकर जन जागरण अभियान के तहत जनता के बीच चर्चा करना है। पहले 1952 , 1957, 1967 में चुनाव एक साथ हुए। वर्ष 1972 में चुनाव एक साथ होना था। लेकिन कंग्रेस की हुकूमत ने इंदिरा गांधी ने केरल की सरकार को भंग कर दिया और वही से लोक सभा और राज्य सभा का चुनाव नहीं हुए। इमरजेंसी के बाद 1977 में सत्ता मे आयी जनता पार्टी की सरकार भी नहीं चल पाई। आर्थिक बोझ बढ़ता है पैसा विकास कार्यों में लगना चाहिए लेकिन वह चुनाव ने लगता है। इसी क्रम में विधायक कुशीनगर पी एन पाठक, विधायक हाटा मोहन वर्मा, डॉ योगेश्वर मद्धेशिया, शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने एक देश एक चुनाव को लेकर अपने विचार रखा। अतिथियों का स्वागत आयोजक गण के द्वारा माल्यार्पण और बुके देकर किया गया। अध्यक्षता डॉ जी पी राय और संचालन अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय, शैलेन्द्र दत्त शुक्ला, एडवोकेट गंधर्व मणि, संतोष दत्त राय, अशोक मिश्रा, सुमित त्रिपाठी, विपुल दुबे, चंद्रप्रभा पांडेय, डॉ अमृतांशु शुक्ला, डॉ नीलम मौर्य, डॉ गौरव तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, कृष्ण कुमार, उमेश कुमार गुप्ता, चमन यादव, निखिल श्रीवास्तव, ओम प्रकाश जायसवाल, शैलेश त्रिपाठी, नीतीश यादव, राजेश मद्धेशिया, प्रभूनाथ सिंह, धर्मेंद्र यादव, राकेश शुक्ल, चंदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा, अपने चहेतो का जाब कार्ड बनवाकर उन्हीं को दे रहे रोजगार

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा से जुड़े श्रमिक लगातार बेरोजगार हो रहे हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मनरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब परि वारों के वयस्क सदस्यों को एक वर्ष में सौ दिन रो जगार देना था।मगर केंद्र सरकार की यह महत्त्वा कंाक्षी योजना धीरे-धीरे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती गई।धांधली होने लगी,फर्जी कार्ड बनने लगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा से जुड़े श्रमिक लगातार बेरोजगार हो रहे हैं।यह सिलसिला चार वर्षों से जारी है।इस दौरा न कई आरोप लगे और सरकार ने सफाई भी दी।मगर अब केंद्र ने अंततः स्वीकार कर लिया है कि वर्ष 2022 से 2024 के मध्य एक करोड़ पचपन लाख से अधिक मजदूरों के नाम हटा दिए गए हैं।आश्चर्य है कि करोड़ों नागरिकों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज तो दिया जा रहा है,लेकिन काम नहीं।यह निराशाजनक स्थित है कि जो लाखों श्रमिक काम कर रहे थे,अब वे खाली बैठ गए हैं।मनरेगा के माध्यम से प्रतिवर्ष ग्रामीण इला कों में रोजगार का सृजन किया जाता है।इस योज ना में केंद्र सरकार हर वर्ष बड़ा निवेश करती है।वित्तवर्ष 2024-25 में ही छियासी हजार करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है।यह समझ से परे है कि इतना बड़ा बजट रखने के बावजूद इस योजना से जुड़े श्रमिक क्यों हटाए जा रहे हैं।जब कि संवैधानिक प्रतिबद्धता जताई गई है कि मनरे गा के जरिए ग्रामीण भारत के नागरिकों को देश के विकास से जोड़ा जाएगा।शहरों की तरह गांवों में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।कटरा बजार ब्लॉक क्षेत्र में ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों की मिली भगत से बर्बाद हो गई मनरेगा है यहाँ पर बिना कार्य कराए ही मनरेगा में फर्जी तरीके से मस्टर रोल जारी हो रहें है,जिससे कि मनरेगा में यहां भ्रष्टाचार पर दीम क लग गया है।वही मनरेगा का मुख्य उद्दे श्य गरीब परवारों के वयस्क सदस्यों को एक वर्ष में सौ दिन रोजगार देना था।मगर केंद्र सरकार की यह म हत्त्वाकांक्षी योजना धीरे-धीरे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ ती गई।धांधली होने लगी,फर्जी कार्ड बनने लगे।य ह दुखद ही है कि ग्रामीण बेरोजगारों के लिए धरात ल पर उतारी गई योजना पंचायतों, अधिकारियों की निरकुंशकता और ग्राम प्रधानों औ र रोजगार सेव कों की मिलीभगत के कारण बर्बाद हो गई।'जाब कार्ड' बनने पर भी श्रमिकों को पता नहीं होता कि उनके खाते में पैसा आया भी कि नहीं।उन्हें तो तब पता होता है जब रोजगार सेवक बताता है कि च लो आज बैंक चलना है पैसे निकलने तब उनको होती है जानकारी कि हमारे खाते में मनरेगा का पैसा आया है फिर उन्हें मिलता है सिर्फ 200 से लेकर 500 तक कमीशन के रुप बाकी डकार जाते हैं प्रधान और रोजगार सेवक, योजना का संचा लन कर रहे लोगों के फर्जीवाड़े का ही नतीजा है कि वित्तवर्ष 2023-24 में 85 लाख कार्ड हटा दिए गए थे।यह कोई नई बात नहीं,इससे पहले भी कई राज्यों से मनरेगा सूची से नाम हटाए जाते रहे हैं।बजट राशि भी घटाई जाती रही है।मगर यह कोई उचित रास्ता नहीं कहा जा सकता। सरकार को इसे दुरुस्त करने का तरीका सोचना चाहिए,न कि इसमें कटौती का।अगर यही क्रम रहा तो इस योजना का औचित्य ही क्या रहेगा...?

## डीएम ने नगर पंचायत रिसिया में निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । लगातार भ्रमण कर धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन के भौतिक निरीक्षण की कड़ी में आज डीएम मोनिका रानी ने नगर पंचायत रिसिया का निरीक्षण करते हुए अमृत जल 2.0 के अन्तर्गत जल निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अभिलेखों और विकास कार्य संबंधी फाइलो का निरीक्षण कर संचालित परियोजनाओं के एस्टीमेट, एम बी, इंडेक्स प्लान व भुगतान की स्थिति आदि का अवलोकन करते हुए क्षेत्र में निकलकर संबंधित निर्माणाधीन कार्यों की भौतिक प्रगति भी देखी। डीएम ने देवपुर और रविदास नगर में पानी की टंकियों का स्थलीय निरीक्षण किया। देवपुर में पानी की टंकी बनी होने, पाइप लाइन और कनेक्शन आदि का अधिकांश कार्य हो जाने के बावजूद पानी सप्लाई में होने वाले विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि रिसिया नगर पंचायत पेयजल पुर्नगठन योजना के अन्तर्गत कुल प्रस्तावित 03 नग नलकूप के सापेक्ष 03 नग का बोरिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है साथ ही 23.838 किमी. वितरण प्रणाली लक्ष्य के सापेक्ष 15.575 किमी. का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में कुल 01 नग शिरोपरि जलाशय का 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। डीएम ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि देवपुर में अवशेष कार्य को पूर्ण कराते हुए जिन घरों में कनेक्शन किया जा चुका है।

## पति ने पत्नी और उसके प्रेमी को फावड़े से काटा युवक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**गोंडा जिले के देहात कोतवाली इलाके में हुई वारदात पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर पति ने खोया आपा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोंडा। पति ने पत्नी और उसके प्रेमी को फावड़े से काट डाला,घटना में प्रेमी की मौत हो गई है जबकि पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।स्थानीय लोग उसे मेडिकल कॉलेज ले गए,वहाँ से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है,घटना रविवार की रात देहात कोतवाली इलाके में हुई थी पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है घटना की जांच की जा रही है।देहात कोतवाली इलाके के जयपुरिया स्कूल के पास रिजवान अपनी पत्नी माजिया 30 वर्षीय के साथ रहता था,वह यहां करीब डेढ़ साल से कि राए पर रह रहा है पुलिस के अनुसार सोमवार की रात को रिजवान और उसकी पत्नी खाना खाकर घर में अलग-अलग जगहों पर सोए थे, रात के दो बजे रिजवान की नींद खुली तो उसने घर के बेड रूम में पत्नी को उसके प्रेमी सर्वेश उर्फ गुड्डू पांडे 36 वर्षीय के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया इस पर उसने अपना आपा खो दिया और घर में रखे फावड़े से पत्नी और उसके प्रेमी पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए। हमले में सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई सर्वेश नगर कोतवाली थाना क्षेत्र इलाके के अफीम कोठी के पास का रहने वाला था,घटना में माजिया गंभीर रूप से घायल हो गई है चीख-पुकार सुनकर आ सपास के लोग मौके पर पहुंच गए स्थानीय लोगों ने माजिया को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया. हालत गंभीर होने पर यहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है वहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

वारदात की जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की अपर पुलिस अधी क्षक मनोज कुमार रावत ने बताया कि पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं सर्वेश के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया गया है उससे पूछताछ की जा रही है घटना में शामिल फावड़ा भी बरामद कर लिया गया है बताया जाता है रिजवान ठेला लगाता है,जबकि सर्वेश किसी एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।

## आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**बीजेपी विधायक के करीबी लेखपाल संघ के जिला महामंत्री लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी निलंबित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में आईजीआरएस पोर्टल पर आने वा ली जन शिकायतों को निस्तारण में लापरवाही मि लने पर तरबगंज तहसील में कार्यरत लेखपाल सि द्धार्थ द्विवेदी को निलंबित कर दिया गया है।

सिद्धार्थ पर बिना जांच किए ही जन शिकायतों के निस्ता रण का आरोप है।वह तरबगंज तहसील में उत्तर प्र देश लेखपाल संघ के जिला महामंत्री भी हैं।एसडी एम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने बताया कि तरबगंज तहसील क्षेत्र के लोलपुर में तैनात लेखपा ल सिद्धार्थ द्विवेदी को पहले भी कई बार चेतावनी दी गई थी,लेकिन उन्होंने अपने काम में सुधार नहीं किया।आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिका यतों को बिना मौके पर जांच किए ही निस्तारित दिखाकर रिपोर्ट अपलोड कर देते थे।लेखपाल सि द्धार्थ द्विवेदी की कई बार इसकी शिकायत मिलने पर उन्हे चेतावनी दी गयी थी लेकिन उनकी कार्य शैली में सुधार नहीं हुआ?।निलंबन के बाद सिद्धार्थ द्विवेदी को भूलेख कार्यालय से संबद्ध कर दिया ग या है।मामले की विभागीय जांच की जिम्मेदारी तह सीलदार सुरभि गौतम को दी गई है।

एसडीएम ने अन्य लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को भी स्प ष्ट निर्देश दिए हैं कि शिकायतों को गंभीरता से लें और समाधान में लापरवाही न करें।वही निलंबित लेखपाल संघ के जिला महामंत्री सिद्धार्थ द्विवेदी तरबगंज के बीजेपी विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय के काफी करीबी माने जाते हैं।माना जा रहा था कि उन पर कार्रवाई नहीं होगी,लेकिन कमिश्नर और डी एम के सख्त रुख के चलते प्रशासन ने लापरवाही पर कार्रवाई करने में हिचक नहीं दिखाई।और फ र्जी तरीके से जन शिकायतों को निस्तारण करने वाले लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।

## आंध्र प्रदेश से आई दो टन मछलियों की बिक्री पर रोक, मत्स्य विभाग की टीम ने मारा छापा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के थोक मछली मण्डी में हुई बड़ी कार्यवाही संबंधित विभाग की ओर से हुई छापेमारी। इस दौरान आन्ध्र प्रदेश से लायी गई मछलियों में खतरनाक प्रिजर्वेटिव मिलाकर लंबे समय तक अच्छा रखने की आशंका में होने पर मंगलवार प्रातः 6 बजे मछली मंडी में छापा मारा गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम ने पिकअप वाहन में रखी लगभग 2 टन मछलियों की जांच की, जिनकी कीमत लगभग 3 लाख रुपये से अधिक है। मछलियों को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए प्रिजर्वेटिव मिलाने की आशंका होने पर 6 नमूने लिए गए।

पंगेशियस मछली के 3 नमूने एवं रोहू मछली के 3 नमूनों की जांच कराई जा रही है, जिसकी मंगलवार शाम तक रिपोर्ट आने की उम्मीद है, तब तक मछलियों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।सहायक निदेशक मत्स्य डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने बताया कि आंध्र प्रदेश से आने वाली मछलियों को ज्यादा दिन तक खाने योग्य बनाए रखने के लिए प्रिजर्वेटिव मिलाने की सूचना मिली है। यह प्रिजर्वेटिव मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। पहले फार्मालिन मिलाने की बात सामने आती थी लेकिन अब कुछ और केमिकल मिलाया जा रहा है। इसकी जांच के निर्देश मिले थे। प्रातः 6 बजे टीम के साथ अधिकारी मंडी पहुंचे। गेट को बंद कराकर जांच शुरू कराई गई। इस दौरान मौजूद मत्स्य विक्रेताओं को प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को बिक्री न करने हेतु जागरूक किया गया। जांच के दौरान प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली नहीं पाई गई। साथ ही उन्हे निर्देशित किया गया कि थाई मांगुर मछली विक्रेताओं पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस मौके से मछलियों के नमूने भी संग्रहीत किये गये, जिसका परीक्षण कर आगे की कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही में सहायक निदेशक मत्स्य डॉ0 जितेन्द्र कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 विवेक कुमार वर्मा व आदित्य वर्मा एवं ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक बाबूराम आदि मौजूद रहे।

## गांधी पार्क सौंदर्यीकरण कार्यो का उदघाटन आज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के बीचों बीच स्थित सब्जी मंडी के निकट जीर्ण शीर्ण अवस्था में गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, चेयरमैन अब्दुल वहीद की ओर से नगरवासियों को गांधी पार्क के रूप में सौगात दी है। गौरतलब हो कि नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद की अगुवाई में नानपारा में गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण करवाया गया जिसमें बाउंड्रीवाल के साथ साथ बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले इत्यादि लगाए गए। इसी क्रम में मंगलवार को चेयरमैन अब्दुल वहीद और पालिका ईओ रंग बहादुर ने गांधी पार्क मे पहुंचकर पार्क में हुए सौंदर्यीकरण कार्यों का मुआयना किया और बुधवार को पार्क के उद्घाटन सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश पालिका कर्मियों को दिए।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लाक पदाधिकारियों की मासिक बैठक पूर्व एजेंडे के अनुसार माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से प्रारम्भ हुई। बैठक बाबागंज में ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगे आने वाले कार्यक्रमों एवं शिक्षकों की विभिन्न विभागीय समस्याओं के निस्तारण सहित अन्य विषयों पर बिन्दुवार चर्चा की गई। ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक के आयोजन पर समीक्षा के साथ अन्य विषयों पर उपस्थिति पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये। 68500 एवं 69000 सहित विभिन्न भर्तियों से नियुक्त शिक्षकों के अवशेष वेतन भुगतान आदेश जारी करने, शिक्षक शिक्षिकाओं के लम्बित चयन वेतनमान का आदेश जारी किए जाने सहित शिक्षकों पर हुई विभिन्न कार्यवाहियों में शिक्षकों का पक्ष जानते हुए उन सभी को निस्तारित कियें जाने पर चर्चा करते हुए निर्णय हुआ कि संगठन खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयास करेगा। बैठक में ब्लॉक संरक्षक प्रदीप त्रिपाठी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह,सुशील कुमार मौर्य, महिला उपाध्यक्ष निगार सुलताना,सुमित शुक्ला, अनीस चौधरी, आशीष पाण्डेय, नफीस कादरी, वैभव सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, नवनीत प्रेमी, विनोद गिरि सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहें।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर विभिन्न विभागों का हुआ दक्षता निर्माण



बहराइच । रेड आर इंडिया, मिशन समृद्धि, डॉ. रेड्डीज़ फाउंडेशन और यूनिसेफ के सहयोग से शहर के एक स्थानीय होटल में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारी को मजबूत करना है।इस कार्यशाला में स्वास्थ्य और पोषण पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा उनसे निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र का संचालन विषय विशेषज्ञ डॉ. बलराम जादव और दीपक मलिक ने किया। उन्होंने बताया कि बढ़ता तापमान, जल संकट, बाढ़ जैसी मौसमीय घटनाएं और बदलते मानसून सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। इससे डायरिया, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों में वृद्धि हो रही है। वहीं, खेती पर असर पड़ने से खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, जिससे बच्चों और महिलाओं में कुपोषण की समस्या गंभीर होती जा रही है।सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्राकृतिक समाधान आधारित रणनीतियों की जानकारी दी गई, जैसे जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाना और स्थानीय जलवायु-अनुकूल आहार को बढ़ावा देना। साथ ही, यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय और राज्य जलवायु अनुकूलन योजनाओं को विभागीय कामकाज से कैसे जोड़ा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस पाँच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को एसीएमओ डॉ संतोष राना व जिला स्वास्थ्य,शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया। कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन की मूल अवधारणाओं से परिचित कराया गया था। प्रशिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार वैश्विक तापमान में वृद्धि, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, और पारिस्थितिक असंतुलन जैसे कारक जलवायु परिवर्तन को जन्म देते हैं।

# डीएम नेहा शर्मा की पहल, कोडर झील बनेगा पर्यटन स्थल का प्रमुख केंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिला प्रशासन और जिलाधिकारी नेहा श र्मा की पहल पर जिले के कोडर झील को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है।इस परियोजना के तहत झील के सौंदर्यीकरण और आसपास के क्षेत्र में विभिन्न वि कास कार्य किए जाएंगे,जिससे यह स्थल न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा,बल्कि स्थानीय समुदाय को भी रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।अयोध्या से 22 किमी और गोंडा मुख्यालय से 40 किमी दूर स्थित कोडर गांव में स्थित कोडर झील,ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।मान्यता है कि यह स्थान भगवान श्रीराम के गा यों के चरने के कारण अस्तित्व में आया था। महर्षि पतंजलि ने यहीं रहकर योग की शिक्षा दी थी।झील का आकार मिट्टी के चूल्हे की तरह है और यहां प्र वासी पक्षियों की आमद होती है, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है।

### सौंदर्यीकरण और विकास कार्य

उपजिलाधिकारी तरबगंज द्वारा झील के जलमग्न क्षेत्र का सीमांकन कर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत वन विभाग द्वारा झील के किनारे 4 हेक्टेयर क्षेत्र में 6400 पौधों के रोपण की योजना बनाई गई है, जिसे आगामी वर्षाकाल में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही,मनरेगा के तहत झील के त ट सुद्धीकरण और अन्य कार्यों के लिए कार्य योज ना तैयार की जा रही है।

### स्वयं सहायता समूह का योगदान

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत, 35 महिलाओं को जलकुम्भी से बने सजावटी सामान बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 2 मई से 17 मई तक विकासखण्ड वजीरगंज के सभागार में आयोजित किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।

### मत्स्य पालन और कृषि विकास

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,मत्स्य विभाग द्वारा को डर झील में मछली पालन के लिए फिश केज स्था पित करने की योजना बनाई गई है।इसके तहत 14 लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए आवेदन लिया गया है।इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा झील के आसपास के किसानों को जैविक रसायन और खाद के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा,जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण की रक्षा हो।वही ग्राम पंचायत कोडर डीहा में रबरमोल्ड इण्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य चल रहा है,जिसकी लागत लगभग 14.88 लाख रुपये है।यह कार्य पुद्दन सिंह के घर से हरिद्वार सिंह के घर तक किया जा रहा है और इससे पर्य टन स्थल तक पहुंचना और भी आसान हो जाएगा।

### ईको टूरिज्म का प्रस्ताव

जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा इस क्षेत्र को ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने का प्रस्ता व महानिदेशक पर्यटन को भेजा गया है।यह कदम कोडर झील को एक प्रमुख पर्यटक स्थल बनाने के लिए उठाया गया है,जो स्थानीय संस्कृति, ऐतिहासि क धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य का एक आदर्श सं योजन प्रस्तुत करेगा।''इससे न केवल पर्यटकों को एक नया स्थल मिलेगा,बल्कि स्थानीय समुदाय को भी रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।कोडर झील का सौंदर्यीकरण और आसपास के विकास कार्य से यहां का समग्र परिवेश बेहतर होगा और यह स्थल एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकेगा।''

# बीएसए कार्यालय जाने वाले रास्ते पर लगा ताला राहगीरों ने दीवार तोड़ कर बनाया नया रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाने के लिए पूरब दिशा की ओर बनाए गए रास्ते पर ताला लगा दिया गया है।जो कई महीनो से बंद पड़ा है। राहगीरों ने दीवार को कई जगह से तोड़कर नया रास्ता बना लिया गया है।राहगीर सहित मोहल्लेवासी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाने वाले शिक्षक इसी कई जगह से टूटी दीवार से बनाए गए रास्ते से होकर दीवार कूदकर अपनी जान जोखिम डालकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रोडवेज बस अड्डे सहित बाजार में आते और जाते हैं।जो कि जोखिम भरा हुआ है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाने के लिए दो गेट हैं।पूरब दिशा में बने हुए गेट पर हर समय ताला लगा रहता है।जिसे कुछ व्यक्तियों ने दीवार को कई जगह तोड़कर नया रास्ता बना लिया है।जो कि जोखिम भरा हुआ है। मोहल्लेवासियों ने इस रास्ते को खुलवाने की मांग की है।उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता से इस मामले में बातचीत



की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। जल्द ही

## रेलवे ने बिना नोटिस दिए मंदिर की यज्ञशाला पर चलाया बुलडोजर विधायक ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से की बात

**पूरनपुर।** बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर दी आंदोलन की चेतावनी पूरनपुर के ग्राम दूधिया खुर्द स्टेशन के पास स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल श्री सतवईया बाबा मंदिर सात पीपल स्थान में शनिवार को रेलवे विभाग की अचानक कार्रवाई ने विवाद खड़ा कर दिया। रेलवे अधिकारियों और आरपीएफ टीम ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के बुलडोज़र चलवाकर मंदिर परिसर की यज्ञशाला, यात्री शेड, और हैडपंप को ध्वस्त कर दिया। इस कदम से स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में भारी नाराजगी है यह धार्मिक स्थल वर्षों पुराना है। और हर अमावस्या व पूर्णिमा को यहां विशाल मेला लगता है।जिसमें कई हजार श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं के ठहराव और पूजा के लिए मंदिर परिसर में यज्ञशाला और अन्य सुविधाएं बनाई गई थीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेलवे विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया या सूचना के बिना यह कार्रवाई की गई भारतीय बजरंग दल की टीम ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों को दोबारा यज्ञशाला निर्माण का आश्वासन दिया सोमवार दोपहर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रेलमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

# ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भी महिला कल्याण की टीम ने एक बालिका को वधू बनने से बचाया, लौटी बारात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सोमवार को एक व्यक्ति द्वारा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर सूचना दी गई, कि थाना पूरनपुर क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह किया जा रहा है सूचना मिलते ही जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के निर्देश पर संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग उप निरीक्षक रमाकांति वन स्टाफ केंद्र की मानोसमाजिक परामर्शदाता मृदुला शर्मा एवं थाना पूरनपुर की उपनिरक्षक रीना मौके पर जा पहुंची तो टीम द्वारा पाया गया कि जनपद बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात आ चुकी थी बारात और घरात दोनों पक्षों के लोगों द्वारा खाना पीना खाया जा रहा था बारात की रस्में भी शुरू हो चुकी थी मंडप पर वर एवं वधू आ चुके थे तभी अचानक महिला कल्याण विभाग की टीम पुलिस के साथ आप पहुंची और पंडित को विवाह संबंधी रस्मों को रोकने को कहा गया तथा परिजनों को बालिका की आयु के संबंध में दस्तावेज की मांग की गई तो परिजनों द्वारा दस्तावेज न होने की बात की गई, तब टीम द्वारा शिक्षा विभाग से संपर्क कर बालिका की आयु के संबंध में शैक्षिक दस्तावेजों के अनुसार प्रमाण पत्र प्राप्त किया जिसमें बालिका की आयु मात्र 14 वर्ष पाई गई, तब टीम द्वारा परिजनों कहा कि बालिका की आयु अभी 18 वर्ष नहीं है इसलिए बाल विवाह रोक दिया जाए यह सुनते ही बालिका के परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए और बाल विवाह करने की कोशिश करने लगे साथ ही ग्राम प्रधान को भी मौके पर बुला लिया टीम द्वारा जब ग्राम प्रधान को बाल विवाह अधिनियम 2006 की जानकारी दी गई तो ग्राम प्रधान द्वारा महिला कल्याण विभाग का सहयोग करने की बजाय यह कहते हुए नजर आए की शादी हो जाने दीजिए विदाई बाद में कर देंगे । टीम द्वारा जब बाल विवाह रोकने की कोशिश की गई तो ग्राम प्रधान ग्रामीणों को बरगलाकर चले गए जिस कारण मामला और बिगड़ गया मामला को बिगड़ते देख चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह ने मौजूदा स्थिति से जिला प्रोबेशन अधिकारी को अवगत कराया, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी को मौके पर भेज दिया। ग्रामीण और बालिका के परिजन लगातार टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए बालिका का बाल विवाह करने की कोशिश करने लगे, जब टीम ने बालिका के बाल विवाह को रोके जाने हेतु सख्ती दिखाई तो ग्रामीणों ने पुलिस पुलिस और टीम पर हमला करने की कोशिश करते हुए धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी परंतु महिला कल्याण की टीम द्वारा हार नहीं मानी गई और एक 14 वर्षीय बालिका को बालिका वधू बनने रोकने के दृढ़ निश्चय के चलते बारात को वापस बदायूं भेज दिया जिस कारण एक बालिका बालिका वधू बनने से रुक गई। आपको बताते चलें कि ग्रामीण स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन है, इसके अध्यक्ष ग्राम प्रधान होते हैं मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधान की भी जिम्मेदारी होती है कि वह अपने पंचायत क्षेत्र में बाल विवाह जैसे कृत्यों पर रोक लगाएं परंतु देखा गया कि उक्त प्रकरण में ग्राम प्रधान ने बाल विवाह को बढ़ावा देने का पूरा प्रयास किया और सरकारी कार्यों में भी वाधा उत्पन न करते हुए ग्रामीणों को विरोध करने के लिए उकसाया गया, जोकि ग्राम प्रधान पर भूमिका पर एक सवालिया निशान है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत किसी भी 18 वर्ष से काम की बालिका का विवाह करना दंडनीय अपराध है, अगर बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने से पहले विवाह किया गया, विवाह करने वाले, सहयोग करने, पंडित, हलवाई, टेंट वाले, बैड वालो एवं बाल विवाह में सम्मिलित मेहमानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वाल विवाह के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को एक लाख का जुर्माना एवं दो साल की सजा का प्रावधान है।

## डीएम ने तहसीलदार सदर को सौंपी जांच

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलेक्ट्रेट के राजस्व अभिलेखागार में तैनात अरेंजर सौरभ गुप्ता और रिटायर्ड लेखपाल दिनेश तिवारी अवैध कमी के खिलाफ राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ करने नष्ट करने और पैसा लेकर बदलाव करने के मामले में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने प्रकरण को गंभीरता से लिया है पूरे मामले में तहसीलदार सदर को जांच के आदेश दिए गए हैं। धम्मौर थाना क्षेत्र के शाहपुर सरकंडेडीह निवासी मोहम्मद नईम ने मामले में जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि प्रत्येक नकल जारी करने की एवज में ?200 सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। रिटायर्ड लेखपाल दिनेश तिवारी को अभिलेखागार में रखकर उनसे अवैध वसूली कराई जा रही है और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को फड़वाया जा रहा है रिटायर्ड लेखपाल दिनेश तिवारी पूरी नौकरी अभिलेखागार में ही किया है अभी भी अपने आप को लेखागार का कर्मी कहकर लोगों से मोटी रकम लेकर दस्तावेज से छेड़छाड़ के माहिर के खिलाफ शिकायत काफी दिनों से हो रही है जिस पर तहसीलदार सदर हृदय राम तिवारी ने बताया कि साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए पूरे मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। इसी आधार पर जांच आख्या जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।

## एसडीएम ने प्रोजेक्ट अलंकार निर्माण की ली जानकारी

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भुवनेश्वरी प्रताप संस्कृत माध्यमिक विद्यालय कुड़वार में उपजिलाधिकारी सदर और जिला विद्यालय निरीक्षक सुलतानपुर द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। एसडीएम साहब द्वारा संस्था के प्रधानाचार्य आलोक तिवारी से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रोजेक्ट अलंकार निर्माण संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर पीडब्लूडी के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के अकाउंटेंट सोनू सिंह सहित संस्था के शिक्षक धवल कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

## डीएम के आदेश पर तहसील प्रशासन ने हटवाया अवैध अतिक्रमण

**बल्दीराय/सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील प्रशासन ने जिलाधिकारी के आदेश पर बल्दीराय तहसील के इसौली गांव के पूरे मियाजी में राजस्व निरीक्षक अब्दुल हमीद ने पुलिस की उपस्थिति में अवैध कब्जा हटवाया। शिकायत के अनुसार इसौली कस्बा पूरे मियाजी निवासी डॉ सुल्तान अहमद ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि ग्रामीण समाउज्जमा ने भूमिधरी जमीन गाटा स0 1500 पर जबरन अवैध अतिक्रमण करके छप्पर रख लिया था। राजस्व निरीक्षक अब्दुल हमीद ने बताया कि उपजिलाधिकारी के आदेश पर शिकायत की जांच कर अवैध अतिक्रमण पुलिस की उपस्थिति में हटवाया गया।

## नियमो से बेरुखी बर्दाश्त नही–डॉ सलिल श्रीवास्तव

सुल्तानपुर, **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नियमों के अनुपालन और कर्तव्यों के निर्वाचन के पर्याय बन चुके जनपद के एकमात्र चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव एक बार फिर जनता के समस्याओं को देख कड़ा रुख अपनाया है। जनपद के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल परिसर में आज फिर से प्राचार्य के प्रशासनिक कौशल का नमूना देखने को मिला। अस्पताल में दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर शैक्षणिक परिसर में जाते हुए अचानक प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव की निगाहें पंजीकरण खिड़की पर लगी भीड़ पर पड़ी, तो देखते ही प्राचार्य ने अपने वाहन को रोक तत्काल ही सुरक्षा कर्मियों को बुला कर फटकार लगाई व कहा कि किसी भी दशा में सक्रियता और मुश्तैदी का त्याग बर्दाश्त नही किया जाएगा। खिड़की तक पंक्ति में ही पहुचें तीमारदार, सभी के परस्पर सहयोग से व्यवस्था को सुगम बनाने में सहायता मिलती है। प्राचार्य ने पंजीकरण खिड़की के बाद दावा वितरण कक्ष का रुख किया तो कर्मचारियों ने दावा वितरण प्रणाली और मौके पर उपलब्ध दवाओं से अवगत करवाया। प्राचार्य ने मरीजों से उनका हाल चाल पूछा व दावा की उपलब्धता के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही साथ प्राचार्य द्वारा सर्जरी विभाग, अस्ति रोग व नाक कान गला विभाग की ओ0पी0डी0 में पहुंच कर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को अवश्य निर्देश दिए। प्राचार्य द्वारा प्लास्टर कक्ष में कर्मचारियों को साफ सफाई व क्रमवार मरीजों के कक्ष में प्रवेश के निर्देश दिए। प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव के भ्रमण के दौरान सभी पटल सक्रिय व अपने अपने नियत स्थान पर मुस्तैद मिले। मरीजों एवं उनके तीमारदारों में प्राचार्य की सहज उपलब्धता को देख हर्ष उत्पन्न हुआ व कई मरीज़ों ने प्राचार्य की सक्रियता पर आभार जताया।

## फर्जी हस्ताक्षर मामले मे नगर पालिका लिपिक निलंबित

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पालिका परिषद पीलीभीत का लिपिक राहुल सक्सेना को फर्जी हस्ताक्षर मामले मे निलंबित कर दिया गया है।राहुल सक्सेना पर आरोप है।कि राहुल ने कर निर्धारण अधिकारी के जाली हस्ताक्षर किये थे।इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र पर अधिशासी अधिकारी की मोहर लगाकर कर निर्धारण अधिकारी के जाली हस्ताक्षर एवं जारी करनें वाले प्राधिकारी के भी जाली हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया था।

## पूरनपुर से कई लोग पहुंचे अजमेर चढ़ाई चादर मांगी अमन चैन की दुआ



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीलीभीत जंक्शन से राजस्थान में स्थित अजमेर शरीफ दरगाह पर होने वाली ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलेही की छठी मुबारक शरीफ में शामिल होने के लिए अपनी टीम के साथ हाजी रियाजत नूर खान मंडल महामंत्री प्रधान संगठन ने फूलों की चादरपोशी करके अपने जनपद एवं प्रदेश व देश में आमनो अमान कायम रहने और हमारा देश आगे बढ़े इसकी की दुआ की है। अजमेर शरीफ गरीब नवाज सरकार की बारगाह में हाजिरी देने वालों में मौजजम खान चिश्ती,अदनान रजा खान, सलमान चिश्ती, हाजी जाहिद खान अध्यक्ष व्यापार मंडल, हाजी लियाकत हुसैन, जमातउल्लाह खान, सरताज मंसूरी सहित अन्य जायरीन शामिल रहे है।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने अपनी टीम के साथ डिप्टी सीएम से की मुलाकात



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष मानसी सिंह के प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से की मुलाकात मुलाकात के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने पूरनपुर विकासखंड की उन्नति को लेकर हुई काफी देर चर्चा की है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने क्षेत्र पंचायत के अंतर्गत कराए गए विकासकार्यों के बारे में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने उप मुख्यमंत्री को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सुचारू रूप से संचालित करने की बात कही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनने के बाद हर संभव सहयोग का भरोसा दिया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भरा नमूना

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को छापामार अभियान चलाया। विभिन्न स्थलों से खाद्य पदार्थों के नमूने भरे मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार शाहजहांपुर की टीम ने पूरनपुर स्टेशन रोड पर स्थित स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का सघन निरीक्षण टीम द्वारा किया गया।जहां खोया का सैंपल भरा गया सभी खाद्य कारोबारियों व कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागेशमणि त्रिपाठी,अजीत सिंह,अनिल प्रताप सिंह , कृपा शंकर,इंद्रजीत सिंह शामिल रहे है।

## अभाविप ने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में सहभागिता करने के लिए उपजिलाधिकारी को दिया पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई को देशभर में आयोजित की जा रही 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में युवाओं विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आहान किया है। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते सुरक्षा खतरे जिन मे साइबर हमले और सतुरतापूर्ण गतिविधियां भी शामिल है।जिसके अंतर्गत यह राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल नागरिक और संस्थागत तंत्र की तैयारियों को सुदर्ण करने की दिशा में एक आवश्यक कदम है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानती है।कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल हमारी सेना की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक विशेषकर का युवा वर्ग का साझा उत्तरदायित्व है। हमारे विद्यालय ,महाविद्यालय ,विश्वविद्यालय ऐसे केंद्र बने चाहिए जो जागरूकता सतर्कता और तैयारियों का प्रतीक हो। अभाविप देश भर के विद्यार्थियों युवाओं और शैक्षणिक संस्थानों से आहान करती है कि वे इस मॉक ड्रिल में पूरी सक्रियता से भाग ले प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और एक सजग अनुशासित एवं सुरक्षित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।उपजिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा कि हम सेना के सहयोग में हर परिस्थिति के लिए तैयार है वा सभी विद्यार्थियों,शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों से आहान करते हैं।

# ग्राम प्रधान सहित एक दर्जन लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जादोपुर गहलुइया की रहने वाली मैसर जहां पत्नी शकील खां ने बताया की मेरा पुत्र नसीब खां पुत्र शकील खां की गांव में मस्तान शाह मिया की दरगाह पर मोबाईल मरम्मत की दुकान है। 5 मई 11 बजे दिन के गांव का ही व्यक्ति फुरकान पुत्र सितारूद्दीन दुकान पर आया और मोबाईल की मरम्मत करने को कहा तभी मेरे पुत्र ने कहा कि आज बिजली आंधी और पानी की वजह से खराब हो गई है। इसलिये में मोबाईल ठीक नही कर पाउंगा इतने में फुरकान ने मेरे पुत्र को गाली देते हुये थप्पड़ मार दिया और अपने घर की तरफ भाग गया है। इतने में उक्त फुरकान ने अपने घर के सभी दबंग लोगों को बुला लिया जिसमें सितारूद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन,प्रधान इमरान खां पुत्र सितारूद्दीन जलालुद्दीन, हसमुद्दीन, रियाजुद्दीन, नूरूद्दीन पुत्रगण रियाजुद्दीन व मुश्ताक पुत्र अनीमुल्ला खां, मुजीब पुत्र जकरुल्ला खां, अशपाक खां पुत्र कल्लू खां व सहरूद्दीन,मेराजुद्दीन पुत्र सादिक खां एक राय होकर नफीस खां के घर के अन्दर घुस बाहर खींच लाये और उस पर हमलावर हो गये और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते हुये प्रधान इमरान के हाथ में तलवार थी। सितारूद्दीन के हाथ बांका था। बाकी सभी लोगों के हाथ में चाकू व धारदार हथियार थे तमन्चा लहराते हुये हवाई फायर करते हुये बोले आज सभी लोगों को जान से मार देगें कोई भी जिन्दा नही बचेगा बीच बचाव कराने आये पुत्तन खां पुत्र अब्बास खां को जमीन पर पटक दिया जिससे वह बेहोश हो गये सभी लोगों ने एक राय होकर पुत्तन के सिर पर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर दिया तथा नफीस खां के भी बहुत गम्भीर चोटें आयीं और बेहोश हो गये रिजबान के भी काफी गम्भीर चोटें आयी और बेहोश हो गये।पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार सभी दबंग लोगो के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति को दी गई विदाई उपस्थित रहे कई अधिवक्ता

पीलीभीत। जिला जजी के मीटिंग हॉल में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिंह के स्वागत में सेंटर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज बाजपेई द्वारा आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महासचिव विमल कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष निशांत कुमार सिंह,अश्विनी अग्निहोत्री, विकास विक्रम मौर्य, राजेश प्रजापति,विवेक पांडे,सुजीत सक्सेना, सैय्यद सायरा, उपाध्यक्ष प्रिया सिंह गंगवार,मोईद, इम्तियाज़, सरोज बाजपेई द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया हैं।

# खेल से मानसिक और शारीरिक दोनों का होता विकास : मृदुल कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन लाल डिग्गी, सुलतानपुर में 5 मई 2025 को संस्थान के कक्षा 10 एवं 12 के चारों हाउस के छात्रों के बीच एक क्रिकेट टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया। टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ संस्थान के प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह ने फीता काटकर तथा क्रिकेट खेल कर किया। यह टूर्नामेन्ट नॉकआउट आधार पर खेला गया।

टूर्नामेन्ट के पहले मैच में सी0वी0 रमन (रेड) हाउस ने ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम (ग्रीन) हाउस को 6 विकटों से पराजित किया तथा दूसरे मैंच में रवीन्द्र नाथ टैगोर (येलो) हाउस ने मदर टेरेसा (ब्लू) हाउस को 26 रनों से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैंच 10-10 ओवरों का सी0वी0 रमन (रेड) हाउस एवं रवीन्द्र नाथ टैगोर (येलो) हाउस के बीच खेला गया जिसमें सी0वी0 रमन (रेड) हाउस ने अपने सभी विकेट खोकर 74 रन बनाये जिसमें 12 बी2 के सैफवान अंसारी ने सर्वाधिक 34 रन बनाये। जबाव में उतरी रवीन्द्र नाथ टैगोर (येलो) हाउस की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने अपने पहले तीन विकेट मात्र 8 रन पर गवां दिये उसके बाद बैटिंग करने आये अयान हुसैन-12 बी2 शिखर पाल-10 ए4 ने अच्छी बैटिंग का प्रदर्शन किया तथा अपने टीम के लिए क्रमशः सर्वाधिक 36 एवं 28 रन बनाकर अपने हाउस को विजयी बनाया। मैच में 36 रन और 4 विकेट लेने के लिए अयान हुसैन 12 बी2 को ट्राफी एवं मेडल देकर संस्थान के प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह ने सम्मानित किया तथा पूरे टूर्नामेन्ट में 73 रन व 5 विकेट लेने वाले सैफवान अंसारी को टूर्नामेन्ट का बेस्ट खिलाड़ी घोषित किया गया। टूर्नामेन्ट में सर्वाधिक 8 विवेट लेने वाले मो0 शारिब-10 ए6 को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया। टूर्नामेन्ट का संचालन संस्थान के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यापक शंशांक श्रीवास्तव एवं हिम्मत सिंह द्वारा किया गया तथा अम्पायर की भूमिका में 12 बी3 के छात्र अर्पित तिवारी तथा सार्थक रहे। इस अवसर संस्थान के उप प्रधानाचार्य शैलेश तिवारी एवं कक्षा 12 के छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

# बाल कल्याण समिति ने 12 वर्षीय बच्चे को कराया मां के सुपुर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के लोहरा मऊ रोड नबीपुर निवासी 12 वर्षीय सकलैन पुत्र मोहम्मद रशीद को राजकीय बालगृह कल्याणपुर कानपुर से मंगा कर बच्चे को मां के हवाले कर दिया।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला सेवानिवृत्ति पूर्व जिला जज की देखरेख में 23 दिन से गायब 12 वर्षीय सकलैन को माता गुलस्ता बानो को सुपुर्त करते हुए मीडिया से बताया कि बच्चों में कुंठा की भावना बहुत तेजी से पनप रहा है मां-बाप से नाराज होकर जब बच्चे घर से भागे गें, तो आने वाला समय उनके भविष्य को गर्त में लेकर जा रहा है। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को लोहरा मऊ रोड नबीपुर गांव निवासी 12 वर्षीय सकलेन पुत्र मोहम्मद रशीद अपने नाना के यहां रहता था किसी बात से नाराज होकर सुल्तानपुर ट्रेन से वह कानपुर पहुंच गया। रात में बच्चा कानपुर जीआरपी पुलिस की पकड़ में आया। जीआरपी ने बच्चे को राजकीय बाल गृह कल्याणपुर कानपुर में रखवा दिया। बाल गृह ने बच्चों से पूछताछ कर मामले की सूचना सुल्तानपुर बाल कल्याण समिति को दिया। 15 अप्रैल को बाल कल्याण समिति ने परिजनों से संपर्क कर बच्चे का नाम पता प्राप्त कर उपरोक्त को अवगत कराया। जिसके आधार पर आज दिनाकं 6 मई को 23 दिन बाद बाल कल्याण समिति ने माता गुलस्ता बानो को बुलाकर उनके सपुर्द कर दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राजेंद्र प्रसाद शुक्ल के अलावा सदस्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बाल कल्याण समिति सरिता यादव, ममता मिश्रा, सदस्य शिव मूर्ति पांडे, ओमप्रकाश तिवारी मौजूद रहे।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने डीएम आफिस में लगवाया पक्षी जल-पात्र

सुलतानपुर। कटका क्लब ने जिलाधिकारी कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह के साथ पक्षी जल पात्र लगवाने का कार्य किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि मार्च में ही सर्वत्र भीषण गर्मी का माहौल है। आसमान से आग बरस रही है। धरती तपने लगी है। हर कण्ठ को तलाश है पानी की, चाहे वह पशु-पक्षी हों या फिर हम इंसान। यह इंसान का ही कर्तव्य है कि वह खुद के लिए जतन तो करे ही, अपने आस-पास के प्राणियों खासकर पशु-पक्षियों के लिए भी सब इंतजाम करे कि कोई भी दाना-पानी के अभाव में दम न तोड़ दे। झुलसाने वाली धूप में कोई पक्षी प्यासा न रहे। इस मौके पर अनिल सिंह ने बताया कि मूक पक्षियों के लिए जीव दया का भाव रखते हुए कस्बे में पक्षियों के लिए जलपात्र रखकर उनके लिए पेयजल और दाना की व्यवस्था करें। सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह ने संस्था के अभियान कि सराहना कि और उन्होंने कहा कि संस्था को जिस प्रकार कि जरूरत होगी प्रशासन हर संभव मदद करेगा।

# 25वें स्थापना दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आस्था हॉस्पिटल के निदेशक व जनपद के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के सी त्रिपाठी ने बताया कि आस्था हॉस्पिटल आज अपना 25 वां स्थापना दिवस मना रहा है इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक हृदय रोगियों के लिए बृहद निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग में साइको मरीजों का परीक्षण पर उपचार किया गया। दिन में सुंदरकांड का आयोजन हुआ 4:00 बजे नवनिर्मित अत्याधुनिक 10 बेड के आईसीयू वार्ड का शुभारंभ स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं जनपद के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बीके शुक्ला ने फीता काटकर किया। उक्त अवसर पर पूर्व मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ सीबीएन त्रिपाठी, डॉ राजेंद्र कपूर, डॉ एसएम वर्मा, डॉक्टर अनिल गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरके मिश्रा एवं निवर्तमान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के गोयल, डॉक्टर ए एन सिंह, डॉ आस्था त्रिपाठी, दिनेश दुबे, विजय पाण्डेय, डॉ राम जी गुप्ता, डॉ ए के सिंह, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ आशीष गुप्ता यूरो सर्जन डॉक्टर रमेश ओझा डॉ अशोक गुप्ता की उपस्थिति में मंगलवार को दिन में शुभारंभ हुआ। वार्ड का प्रतिदिन दवा और बेड चार्ज डॉक्टर की फीस ऑक्सीजन का चार्ज 10000 मात्र होगा यही नहीं बेडसाइड पर एक्सरे ईसीजी अल्ट्रासाउंड होगा आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क एंजियोग्राफी एंजियोप्लास्टी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का इलाज सुचारू रूप से किया जा रह है। अभी तक सैकड़ों मरीजों की एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी आस्था हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वाराकी जा चुकी है।

# जानलेवा परीक्षा

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी युवा प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में तीन छात्रों की दुखद मौतें विचलित करने वाली हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। नीट परीक्षा से पूर्व छात्रों का मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता को ही उजागर करता है। विडंबना ये है कि परीक्षाओं के इस जोखिम को हम नजरअंदाज करते हैं। जो बताता है कि ये प्रतिभाएं किस हद तक शैक्षणिक दबाव, मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी तथा अवास्तविक अपेक्षाओं के मिलने से बनी जानलेवा घातकता का शिकार हो रही हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक संजाल बन जाते हैं। निश्चित रूप से युवाओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन कोई भी प्रावधान तब तक कारगर साबित नहीं हो सकते जब तक कि कोचिंग संस्थानों की कारगुजारियों की नियमित निगरानी न की जाए। कोचिंग संस्थानों में नामांकन से पहले अनिवार्य परामर्श और योग्यता परीक्षण मददगार हो सकता है। यह विडंबना ही है कि वर्ष 2018 के दिशा-निर्देश, जिनका मकसद छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना और निजी संस्थानों को विनियमित करना था, वे आज अप्रासंगिक हो गए हैं। यह एक हकीकत है कि सख्त निगरानी के बिना नये कानून का भी प्रतीकात्मक बनने का जोखिम बना रहता है। युवाओं को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। यदि वे एक परीक्षा या पाठ्यक्रम में सफल नहीं होते तो रोजगार के असंख्य विकल्प उनका इंतजार कर रहे होते हैं।


नीट परीक्षा से पूर्व छात्रों का मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता को ही उजागर करता है। विडंबना ये है कि परीक्षाओं के इस जोखिम को हम नजरअंदाज करते हैं। जो बताता है कि ये प्रतिभाएं किस हद तक शैक्षणिक दबाव, मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी तथा अवास्तविक अपेक्षाओं के मिलने से बनी जानलेवा घातकता का शिकार हो रही हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं।

# रवीन्द्रनाथ टैगोर: रोशनी जिनके साथ चलती थी

**रवीन्द्रनाथ टैगोर जयन्ती पर विशेष**

**रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्जागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुईं थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं।**

भारत का राष्ट्र-गान 'जन गण मन' और बाँग्लादेश का राष्ट्रीय गान 'आमार सोनार बांङ्ला' के रचयिता एवं भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जन्म जयंती हर साल 7 मई को मनाई जाती है। वे एक महान एवं विश्वविख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, समाज सुधारक और चित्रकार थे। उन्हें बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा, युगस्त्रष्टा एवं युग-निर्माता माना जाता है। रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी अनूठी, हृदयस्पर्शी एवं आध्यात्मिक रचनाओं के लिए लोग गुरुदेव कहकर पुकारते हैं। उनका जन्मदिन केवल जन्म का जश्न मनाने के लिए नहीं है, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को याद करने और उनके सद्भाव, संपूर्णता और अखंडता के आदर्शों और आकांक्षाओं के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का भी एक अवसर है। टैगोर एक ऐसे दिव्य एवं अलौकिक व्यक्ति एवं समाजक्रांति के प्रेरक थे, रोशनी जिनके साथ चलती थी। रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। टैगोर परिवार बंगाल पुनर्ज़ागरण के समय अग्रणी था। उन्होंने साहित्यिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया; बंगाली और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच और पटकथाएं वहां नियमित रूप से प्रदर्शित हुईं थीं। टैगोर के सबसे बड़े भाई द्विजेंद्रनाथ एक दार्शनिक और कवि थे एवं दूसरे भाई सत्येंद्रनाथ कुलीन और पूर्व में सभी यूरोपीय सिविल सेवा के लिए पहले भारतीय नियुक्त व्यक्ति थे। एक भाई ज्योतिरिंद्रनाथ, संगीतकार और नाटककार थे एवं इनकी बहिन स्वर्णकुमारी उपन्यासकार थीं। टैगोर ने लगभग 2,230 गीतों की रचना की। रवींद्र संगीत बाँग्ला संस्कृति का अभिन्न अंग है। टैगोर के संगीत को उनके साहित्य से अलग नहीं किया जा सकता। उनकी अधिकतर रचनाएं तो अब उनके गीतों में शामिल हो चुकी हैं। हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की ध्रूवपद शैली से प्रभावित ये गीत मानवीय भावनाओं एवं संवेदनाओं के अलग-अलग रंग प्रस्तुत करते हैं। गुरुदेव टैगोर की कविताओं में हमें अस्तित्व के असीम सौन्दर्य, प्रकृति और भक्ति के दर्शन होते हैं। उनकी बहुत-सी कविताएं प्रकृति के सौन्दर्य से जुड़ी हैं। गुरुदेव ने जीवन के अंतिम दिनों में चित्र बनाना शुरू किया। इसमें युग का संशय, मोह, क्लान्ति और निराशा के स्वर प्रकट हुए हैं। मनुष्य और ईश्वर के बीच जो चिरस्थायी सम्पर्क है, उनकी रचनाओं में वह अलग-अलग रूपों में उभरकर सामने आया। टैगोर और महात्मा गाँधी के बीच राष्ट्रीयता और मानवता को लेकर हमेशा वैचारिक मतभेद रहा। जहां गांधी पहले पायदान पर राष्ट्रवाद को रखते थे, वहीं टैगोर मानवता को राष्ट्रवाद से अधिक महत्व देते थे। लेकिन दोनों एक दूसरे का बहुत अधिक सम्मान करते थे। एक समय था जब शान्ति निकेतन आर्थिक कमी से जूझ रहा था और गुरुदेव देश भर में नाटकों का मंचन करके धन संग्रह कर रहे थे, उस समय गांधीजी ने टैगोर को एक बड़ी राशि का अनुदान का चेक दिया था। टैगोर के कई गीतों और कहानियों ने मानव चेतना को बदलने और कार्य करने के लिए साहस और प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। उन्होंने कला का अभ्यास कला के लिए नहीं किया, न ही आत्म-अभिव्यक्ति के तरीके के रूप में और कम से कम मनोरंजन के लिए तो कत्तई नहीं किया, बल्कि उनकी कला भी नये मानव एवं नये विश्व की संरचना से प्रेरित थी। उनकी कला जीवन के गहरे अर्थ को स्पष्ट करने और आत्मा को ठीक करने की पेशकश थी। अपने शिल्प के उस्ताद के रूप में, टैगोर ने कविता की शुद्धता को जीने के उद्देश्य के साथ जोड़ा। उन्होंने न केवल अपने जीवन में मृत्यु,



अवसाद और निराशा के कारण अनुभव किए गए दुख और पीड़ा को ठीक किया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के भीतर अन्याय और असमानता के घावों को भरने के लिए भी काम किया। उन्होंने उन्नत कृषि, अच्छे स्कूलों, आरामदायक आर्थिक स्थितियों और बेहतर जीवन स्तर के माध्यम से मानव समुदायों के बाहरी विकास के लिए काम किया, लेकिन साथ ही उन्होंने आत्मा के नवीनीकरण, आत्मा की देखभाल, हृदय को पोषण और कल्पना को पोषित करने के माध्यम से आंतरिक विकास पर जोर दिया। वे एक ऐसे पुरुषार्थी पुरुष का महापुरुष के रूप में जाना पहचाना नाम है, जिन्होंने हर इंसान के महान् बनने का सपना संजोया और उसके लिये उनके हाथ में सुनहरे सपनों को साकार होने की जीवनशैली भी सौंपी। टैगोर गहन आध्यात्मिक एवं साधक पुरुष थे, उन्होंने अध्यात्म के गहन रहस्यों को उद्घाटित किया। उनके अनुसार मौन की भाषा शब्दों की भाषा से किसी भी रूप में कमजोर नहीं होती, बस उसे समझने वाला चाहिए। जिस प्रकार शब्दों की भाषा का शास्त्र होता है, उसी प्रकार मौन का भी भाषा विज्ञान होता है। मौन को समझा तो जा सकता है, पर समझाया नहीं जा सकता। संभवतः इसीलिए रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था कि मौन अनंत की भाषा है। टैगोर अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक थे। टैगोर ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक कल्याण के साथ आध्यात्मिक विकास की आवश्यकता व्यक्त की। एक के बिना दूसरा एक पैर पर चलने जैसा है। वे आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व निर्माण के प्रेरक थे। इस संतुलित और समग्र विश्वदृष्टि की अब पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और लचीले भविष्य के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता एवं शर्त है। शुद्ध तर्क और शुद्ध भौतिकवाद उतने ही विनाशकारी हैं, जितने कि विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत मोक्ष की खोज। टैगोर ने विज्ञान और तर्क के माध्यम से सत्य की खोज करते हुए शब्दों और कर्मों में शाश्वत ज्ञान और कालातीत मूल्यों को व्यक्त किया। टैगोर का विश्वदृष्टि तर्क और धर्म, आत्मा और पदार्थ की एकता को देखना और उन्हें एक साथ नृत्य करने देना है। यह एक बड़ी दृष्टि है जहाँ विज्ञान आध्यात्मिकता का पूरक है, कला पारिस्थितिकी का पूरक है और स्वतंत्रता समानता का पूरक है। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने हमें नस्ल, रंग, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा और राष्ट्र की अपनी क्षुद्र पहचान से ऊपर उठने और अपनी सामान्य मानवता के साथ पहचान बनाने का आग्रह किया। उन्होंने मानवता की एकता और स्वतंत्रता, न्याय और शांति के सर्वोपरि महत्व की घोषणा करते हुए अमेरिका से रूस, चीन से अर्जेंटीना तक समूचे विश्व की अथक यात्रा की। उन्होंने अपने लाखों देशवासियों को अपने संकीर्ण स्वार्थ को त्यागने और राष्ट्रीयता, समानता, एकजुटता और नैतिकता को अपनाने के लिए अपने जातिगत पूर्वाग्रहों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्म-भोग को त्याग दिया और सामाजिक विभाजन को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। विशेष रूप से उन्होंने विज्ञान और अध्यात्म के बीच की खाई को भरने की कोशिश की। रबीन्द्रनाथ टैगोर प्रेरणाएं इतनी विविधमुखी थी कि उनसे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। चाहे वह आपसी संबंध हो, सामाजिक संबंध हो, आर्थिक संबंध हो या राजनीतिक संबंध हो- हर तरह के जीवन को उन्होंने प्रेरक बनाने का उपक्रम किया। वे कभी घटना से, कभी शब्दों से, कभी क्रिया से, कभी पत्रों से, तो कभी किसी उदाहरण या संस्मरण से व्यक्ति की चेतना को झकझोर कर आदर्श और ज्ञान के प्रति अनुराग और जोश जगाते थे। वे इस कला में निष्णात थे कि कब किसको किन शब्दों में उचित प्रेरणा दी जाए। रवीन्द्रनाथ टैगोर के पुरुषार्थी जीवन की एक पहचान थी गत्यात्मकता। वे अपने जीवन में कभी कहीं रुके नहीं, झुके नहीं। प्रतिकूलताओं के बीच भी अपने अपने लक्ष्य का चिराग सुरक्षित रखा। इसलिए उनकी हर सांस अपने दायित्वों और कर्तव्यों पर चौकसी रखती थी। खून पसीना बनकर बहता था। रातें जागती थी। दिन संवरते थे। प्रयत्न पुरुषार्थ बनते थे और संकल्प साधना में ढलते थे। यही कारण है कि आज उनके प्रयत्नों से न केवल भारतीय समाज बल्कि विश्व मानवता का जीवन प्रेरक बना है, सार्थक बना है और वे सभी उस महामानव को तहेदिल से याद करते हैं। **- ललित गर्ग**

# आतंकवाद पर बड़ा प्रहार

**संजीव ठाकुर**

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है पर वर्तमान में जब पाक समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या कर दी गई है,भारत का यह देशवासियों के प्रति बनता है कि देशवासियों की रक्षा करे और उन आतंवादियों और उनको पनाह देने वाले व्यक्ति और देश को समूल नष्ट करे। भारत यदि पाकिस्तान पर हमला कर युध्य करता है तो यह भारत की तरफ से आक्रमण नही आत्म-सुरक्षात्मक आवश्यक कदम होगा,फिर यदि उसमे आतंकवादी मरें या कोई देश नेस्तनाबूद हो भारत को बिल्कुल भी फिक्र करने की जरा भी जरूरत नही है। भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक असंवेदनहीन, लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग चारों देशो के लाखों लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है। भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान,बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन,1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है पर आज बांग्लादेश भारत का बड़ा दुश्मन बन चुका है, मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# हाई ब्लड प्रेशर से परेशान हैं तो इस तरह तुरंत मिलेगी राहत

आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में हर व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से पीड़ित है। इन्हीं बीमारियों में एक है हाई ब्लड प्रेशर की समस्या। इसकी गंभीरता की तहफ लोगों का ध्यान ही नहीं जाता। बहुत अधिक ब्लड प्रेशर आपकी किडनियों से लेकर आंखों तक को खराब कर सकता है। इतना ही नहीं, इसके कारण आप पैरालीसिस हो सकते हैं या फिर आपको दिल का दौरा पड़ सकता है। यहां तक कि इसके कारण आप असमय काल के गाल में भी समा सकते हैं। इसलिए जो लोग उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित हैं, उन्हें अपने आहार पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। यही आपकी समस्या को बढ़ा सकता है और कम भी कर सकता है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बता रहे हैं जो उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होते हैं- प्याज है फायदेमंदः उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए प्याज का सेवन काफी लाभकारी माना जाता है। इसमें एंडीऑक्सिडेंट, फ्लेवेनॉल, कैसेरटिन आदि तत्व पाए जाते हैं, जो आपके शरीर में रक्त चाप के संतुलन में सहायक होते हैं। इसलिए अगर आप भी रक्त चाप की समस्या से पीड़ित हैं तो प्याज को अपने आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। दही का कमालः गर्मी के मौसम में यूं तो दही का सेवन करने की सलाह हर व्यक्ति को दी जाती है, लेकिन उच्च रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति को फैट फ्री प्लेन दही का सेवन करना चाहिए। इससे आपको कैल्शियम के अतिरिक्त पोटेशियम व मैग्नीशियम भी प्राप्त होता है। जो आपके रक्त चाप को संतुलित करने का कार्य करता है। अजवाइन को करें शामिलः रक्तचाप से पीड़ित व्यक्ति को किसी न किसी रूप में अजवाइन को अपने आहार में अवश्य शामिल करना चाहिए। दरअसल, अजवाइन में कार्वाक्रोल नामक यौगिक पाया जाता है, जो धमनियों के दबाव को कम करता है जिससे हार्ट रेट में कमी आती है। अजवाइन के सेवन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सिर्फ उच्च रक्तचाप पीड़ित व्यक्ति ही नहीं, बल्कि लो ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है।

## धर्म मंत्र

# आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन-?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

## पर्यटन



# घूमने फिरने के लिए विदेश में भारतीयों की पहली पसंद है यूरोप

रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिंदगी में सब कोशिश करते है कि कुछ समय निकाल कर रिलेक्स करने के लिए कहीं घूम कर आया जाए। यूं तो भारत अपने आप में एक स्वर्ग है अगर घूमने फिरने, शांति या कुदरत की सुंदरता को निहारना हो तो यहां बहुत सी खूबसूरत जगह हैं। लेकिन घूमने वालों के लिए आउट ऑफ कंट्री जाने का अपना ही अलग क्रेज होता है और बाहर के देशों में अगर देखा जाए तो घूमने के लिए भारतीयों का पसंदीदा स्थल यूरोप है। ये बात सामने आई है ट्रैवल कंपनी काक्स एंड किंग्स के एक सर्वे में। इस सर्वे के अनुसार घूमने के लिए यूरोप इस साल भी भारतीयों की पसंदीदा जगह बना हुआ है। यूरोप में अगर आप जाते हैं तो तो ऑफिस से लंबी छुट्टियां लेकर जाएं क्योंकि वहां घूमने के लिए बहुत कुछ है। हालांकि लोग अब कम अवधि वाले अवकाश को प्राथमिकता दे रहे हैं। अगर परिवार के साथ वेकेशन पर जाना चाहते हैं तो देखा जाए तो लंबी छुट्टियां बच्चों के साथ गर्मियों में ही मिल सकती हैं। सर्वे के मुताबिक कुल मिलाकर गर्मियों की छुट्टियों के लिए पिछले साल की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। सर्वे के मुताबिक जहां पर लोग सबसे ज्यादा घूमना पसंद करते हैं वो है फ्रांस और स्विट्जरलैंड जो भारतीय पर्यटकों के लिए घूमने का केंद्र हैं। कुछ पर्यटक इन स्थानों के साथ कुछ और देशों को भी अपने यात्रा मार्ग में जोड़ रहे हैं। इनमें आस्ट्रिया, इटली, नीदरलैंड या फिर जर्मनी को शामिल किया जा रहा है। अगर बात अकेले ट्रेवल करने वालों की करें तो सर्वे के अनुसार उनकी पसंदीदा जगहों में आइसलैंड, यूक्रेन, ग्रीस और क्रोशिया प्रमुख हैं। पश्चिम भारतीय राज्यों के टूरिस्टों की अगर बात करें तो गुजरात और महाराष्ट्र के लोग ठंडे समुद्री तटों वाले स्थानों की यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। इन राज्यों के पर्यटक मॉरिशस, रियूनियन आइलैंड और सेशेल्स जैसे देशों में जा रहे हैं। इन दोनों राज्यों से इन पर्यटक स्थलों के लिए मांग 15 प्रतिशत तक बढ़ी है।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाये : शशांक त्रिपाठी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाये जाए। दुघर्टनाओं के कारणों की समीक्षा करके उनकी पुनरावृत्ति पर रोक लगाने के लिये ठोस कदम उठाए जाए। दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हांकित करते हुए उन स्थानों पर संकेतक लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय किए जाए। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों को अमल में लाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि असेनी मोड़ पर

### दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये प्रभावी कदम उठाने के दिये निर्देश

### डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर रेडियम व संकेतक लगाने के दिये निर्देश

कई घटनाएं हो चुकी है यहाँ पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। डिवाईडर के साथ ही स्ट्रीट लाइट लगाने की कार्यवाही जल्द पूरी की जाए। दारापुर कट भी दुर्घटना बाहुल्य है इसलिये यहाँ पर भी आवश्यक उपाय किये जाये। सफ़ेदाबाद में बहुत सी दुर्घटनाएं हो चुकी है केवाड़ी मोड़ से लेकर सफ़ेदाबाद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही एनएचआई के अधिकारी आवश्यक कार्यवाही संपादित करें। रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। रसौली व लक्षबरबजहा में भी जरूरी आवश्यक कार्यवाही की जाए जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिले की दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाए। सड़कों पर चलने के नियमों के संकेतक जगह-जगह लगाए लगाये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि जिले भर में सभी ब्लैक स्पॉट का सही से चिन्हीकरण कर उन स्थानों पर लाइट लगवाने के साथ दुर्घटनाओं के रोकने के प्रयास किये जायें तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य शैलेन्द्र सिंह ने सुझाव रखते हुए कहा कि लखपेड़ाबाग रोड और शुक्लाई नहर वाली सड़क क्षतिग्रस्त है जिससे आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है इसकी मरम्मत कराने का अनुरोध किया।

### नो हेलमेट नो फ्यूल पर कड़ाई से हो अमल

जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये दोपहिया वाहनों में ''नो हेलमेट नो फ्यूल'' की कार्यवाही जारी रखी जाए। बिना हेलमेट वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल न दिया जाए।

### ओवर स्पीड वाहनों का चालान करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रकों और रोडवेज़ की बसों व अन्य वाहनों की स्पीड को नियंत्रित करने के लिये विशेष प्रयास किये जायें। ओवर स्पीड वाहनों का चालान किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में रोड एक्सीडेंट में हर हाल में कमी लाने के प्रयास किये जाए। जिले के सभी टॉप ब्लैक स्पॉट के विषय में समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

### सड़क की पटरियों को समतल करने हेतु मिट्टी पटाई करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क बनने के बाद ऊंची हो जाती है और पटरियां नीची रह जाती है। जिससे पटरियों पर वाहन उतारने में समस्या आती है। इसके लिये सड़क की पटरियों पर आवश्यकतानुसार मिट्टी पटाई करके पटरियों को समतल कराया जाए जिससे वाहनों को पटरियों पर उतारने में समस्या न होने पाए।

### सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले भर में सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया जाए साथ ही सभी नालों की सफाई भी शीघ्रता के साथ करा ली जाए जिससे बरसात में जलभराव की स्थिति न होने पाए। इस मौके पर सभी एसडीएम, एआरटीओ श्रीमती अंकिता शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण व सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जीर्णोद्धारक शिक्षाविद एवं जन्मसंगिनी को जनमानस की बधाई

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणेशपुर अंचल के मीतपुर लोहटी जई झाला रेलीबाजार गणेशपुर मड़ना आदि अनेक ग्रामों में समय और श्रमदान कर नए मंदिरों का निर्माण एवं पुराने देवालयों के जीर्णोद्धार का सराहनीय कार्य करने वाले समाजसेवी अवधेश कुमार शुक्ला और गायत्री परिवार गणेशपुर महिला मंडल की मुखिया एवं गायत्री बाल शिक्षा निकेतन विद्यालय गणेशपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती बीना शुक्ला की 39वीं वैवाहिक वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास एवं स्नेहपूर्ण वातावरण में मनाई गई।इस अवसर पर गायत्री परिवार गणेशपुर महिला मंडल की समस्त सदस्यों द्वारा शुक्ला दंपति को भावभरी शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन प्रदान किए गए।महिला मंडल ने उनके सामाजिक कार्यों सेवाभाव और अध्यात्मिक समर्पण को सराहते हुए कहा कि शुक्ला दंपति का जीवन सच्चे अर्थों में समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।बीना शुक्ला द्वारा नारी सशक्तिकरण बाल शिक्षा तथा संस्कार निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की गई।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने उनके दीर्घायु स्वस्थ और सुखमय दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएं कीं।

## संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद

**बनीकोडर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहमदपुर चौकी के ग्राम देवकली निवासी बुधराम (22) पुत्र स्वर्गीय लालता प्रसाद का शव बबूल के पेड़ से लटकता बरामद हुआ।ग्रामीणों की सूचना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के भेजा।बताया जा रहा है कि मृतक बुधराम के माता-पिता नहीं हैं और वह अपने भाइयों से अलग रहता था। वह पहले नाबालिग लड़की को भगाने के जुर्म में जेल में बंद था और हाल ही में जमानत पर बाहर आया था। अहमदपुर चौकी प्रभारी सौम्य कुमार जासवाल ने बताया कि देवकली गांव के बाहर एक शव पेंड से लटकता पाया गया है पीएम के लिए भेज कर जांच की जा रही है।

## हादसे में जख्मी अमन की मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सफदरगंज क्षेत्र के सैदनपुर के पास सोमवार शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हुई। युवक की असमय मृत्यु से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। खजूरिहा गांव निवासी 22 वर्षीय अमन रावत सोमवार की शाम बाइक से सफदरगंज की ओर जा रहा था।तभी सैदनपुर के पास सामने से आ रही एक मारुति वैन ने बाइक में टक्कर मारा। जिससे सिर में गंभीर चोट लग गई। जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। आज मंगलवार सुबह अमन ने अंतिम सांस ली।अमन तीन भाइयों में सबसे छोटा और बीमार पिता के साथ रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता था। मां का निधन तीन साल पहले हो चुका है बेटे की मौत की खबर मिलते ही पिता राम फ़ेर सदमे में आ गए।

## कोरम अभाव में राशन दुकान चयन टला



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत ठाकुरपुर के पंचायत भवन में मंगलवार को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन हेतु आयोजित बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। ग्राम प्रधान विकेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन सचिव कुलदीप श्रीवास्तव ने किया।बैठक में सेक्टर प्रभारी एडीओ कृषि रंजीत वर्मा, नोडल एडीओ आइएसबी जयराम वाल्मीकि, सचिव मनीष शुक्ला, धमेंद्र वर्मा व? ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहम्मद इमरान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने दुकान चयन संबंधी दिशा-निर्देश पढ़कर सुनाया।कोरम पूरा न होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गयी।पंचायत सचिव कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि कोरम अभाव में बैठक को स्थगित करना पड़ा अगली बैठक 24 को आयोजित की जाएगी

## विशेषज्ञों ने बताया हरे पेड़ बचाने के उपाय



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम दुर्जनपुर में आम के पेड़ सूख रहे हैं। बागान की समस्या के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम ने मंगलवार को बाग का निरीक्षण किया गया। फंगस और जमीन की बीमारियों के कारण पेड़ सूख रहे हैं। ज्ञातव्य है कि बीते 16 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में आयोजित किसान दिवस के दुर्जनपुर पट्टी के बागवान इबादुर्रहमान ने समस्या उठाई थी। उन्होंने बताया कि नए पेड़ लगाने हेतु अनुमति मांगी थी।उद्यान विभाग के अधिकारी अनिल शुक्ला ने किसानों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। प्रभावित पेड़ों की डालें काटकर उन पर तूतिया और कॉपर आक्सीक्लोराइड का छिड़काव करना बताया। पेड़ों के तनों पर चूने का लेप व बरसात के मौसम में भूमि शोधन संबंधी विशेष सुझाव दिए गए । थालों में गोबर की खाद डालने का मशवरा दिया है। इन उपायों से पेड़ों को बचाया जा सकता है।

## पहलगाम के मृतकों की आत्मशांति के लिए किया हवन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों व जवाब की आत्मिक शांति के लिए लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दिव्य फटेक्श्वर धाम जलालपुर दादरा मे हवन किया गया तथा सरकार से मांग की कि मामले में जल्द कार्रवाई की जाए। फटेक्श्वर धाम जलालपुर दादरा के आचार्य मनीषानंद शास्त्री ने कहा कि आतंकी हमले ने देश के हर आदमी को झकझोर कर रख दिया है। देश की 140 करोड़ जनता सरकार की तरफ उम्मीद की नजरों से देख रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस लेने के साथ आतंकवाद को खत्म करने का मौका है। देश का हर राजनीतिक दल सरकार के साथ है। उम्मीद है कि सरकार देश व देश के बाहर पनप रहे आतंकवाद को जड़ से मिटाने का काम जल्द करेगी। साथ ही हवन में पूर्णाहुति डाल आतंकवाद का जड़ से सफाया होने की कामना की।

इस मौक़े पर रामदास यादव, ब्रज किशोर यादव, सरवन यादव, संजय यादव, रमेश यादव आदि लोग शामिल रहे।

## स्वास्थ्य, प्रजनन स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी । वात्सलय संस्था के तत्वावधान मे मंगलवार को पंचायत भवन बड़ागांव स्थित सीएससी सभागार मे एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे आंगनवाडी कार्यकत्रियों को पोषण एव प्रजनन स्वास्थ्य पर जागरूक किया गया।

ट्रेनर महेंद्र कश्यप ने किशोरावस्था में बदलाव पोषण एवं स्वास्थ्य एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की पोषण और प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण में अहम भूमिका होती है। वे समुदाय में स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करते हैं, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आंगनवाड़ी केंद्र पूरक पोषण, टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे शिशु और मातृ मृत्यु दर कम होती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे वे समुदाय के लोगों को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं. वे कुपोषण की पहचान और प्रबंधन में भी मदद करते हैं।

वात्सलय संस्था की सीमा वर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण, स्वच्छता और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए अनुपूरक आहार प्रदान करे तथा समय पर बच्चो का टीकाकरण लगवाने मे मदद करे। इस मौक़े पर कमलेश कुमार अनूप मौर्य और शोभिका मिश्रा की सहयोग से पारिवारिक जीवन शिक्षा परिवार नियोजन की समझ और बाल अधिकार एवं बाल विवाह पर चर्चा कर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का ज्ञान अर्जन किया गया कल 24 आंगनवाड़ी की उपस्थिति रही।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की घटनाओं का हुआ खुलासा

### देवा पुलिस के हाथ लगी सफलता, अपराधियों में खौफ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। थाना देवा क्षेत्र में बीती रात स्वाट टीम व देवा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के बाद तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। ये अभियुक्त क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों में शामिल थे। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस को मैनुअल इंटेलिजेंस के माध्यम से रेंदुआ पल्हरी मोड़ के पास कुछ संदिग्धों की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार भागने लगे और फिसल कर गिर पड़े। इस दौरान अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान तिलक थापा उर्फ टीलू पहाड़ी उर्फ सोनू (नेपाल निवासी), मो. साजिद अंसारी (जनपद बाराबंकी) और मो. खुर्शीद (बिहार निवासी) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें, करीब 88 ग्राम चांदी, ?2190 नकद, एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।प्रारंभिक जांच में पता चला कि अभियुक्तों ने 22 मार्च को देवा कस्बे के बरेठी में स्थित शुभम ज्वैलर्स सहित तीन दुकानों में चोरी का प्रयास किया था। साथ ही देवा व कोतवाली नगर क्षेत्र से तीन मोटरसाइकिलें चोरी की गई थीं। गिरफ्तार अभियुक्तों में तिलक थापा नेपाल का निवासी है, जो चुराई गई मोटरसाइकिलें नेपाल में बेच देता था। वहां से मिले पैसों को आपस में बांटकर ये लोग अपने शौक पूरे करते थे।तीनों आरोपियों के खिलाफ देवा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

## 2.95 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गृह मंत्रालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

एजेंसी

मुरादाबाद। थाना मझोला क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी व्यक्ति से केंद्रीय गृह मंत्रालय से शिकायत कर कहा था कि साइबर ठगों ने बीमा पॉलिसी को समय से पहले मेच्योर कराके मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 2.95 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर करा लिए। मामले में गृह मंत्रालय ने थाना मझोला पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। थाना मझोला इंस्पेक्टर आरपी शर्मा ने बताया कि गृहमंत्रालय के निर्देश पर मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर मंगलवार को अज्ञात आरोपित के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।


मझोला के बैंक कालोनी खुशहालपुर निवासी हरपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बजाज केपिटल के माध्यम से 2023 में एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कराया था। यह भी बताया कि उनका खाता जिला सहकारी बैंक की पाकबड़ा शाखा में है। पीड़ित हरपाल सिंह के अनुसार 23 अक्टूबर 2024 को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को इंश्योरेंस कंपनी का अधिकारी बताया और पॉलिसी की पूरी जानकारी दे दी। उन्होंने यहां तक बताया कि आपकी तीसरी किस्त 11 जनवरी 2025 को जमा होगी। इसके बाद उसने कहा कि आपका स्वास्थ्य बीमा भी पूरा होने वाला है जिसकी रकम 3 लाख 52 हजार रुपये है। आरोपी ने पह भी बताया कि इसके साथ दीपावली का बोनस 32 हजार 500 रुपये अलग से मिलेगा।

इसी तरह अपनी बातों से झांसे में लेने के बाद आरोपित ने हरपाल सिंह से कहा कि आपको किस्त के 62 हजार 200 रुपये और सिक्योरिटी के 35 हजार 750 रुपये के साथ ही 3 लाख 52 हजार का 28 फीसदी टैक्स जमा करना होगा। पीड़ित के अनुसार बाद में उनके पास एक के बाद एक दो और लोगों के फोन आए जो खुद को कंपनी का अधिकारी बताया। आरोपियों ने विश्वास में लेकर हरपाल सिंह ने 23 अक्तूबर 2024 से 31 अक्तूबर 2024 के बीच निफ्ट, यूपीआई और मनी ट्रांसफर के माध्यम से 2 लाख 95 हजार 110 रुपये ले लिए। दी दिन बाद फिर अधिकारी का फोन आया कि आपकी भेजी रकम पोर्टल पर अपडेट नहीं हुई है। जिसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ और साइबर सेल में शिकायत की। मझोला थाने में भी तहरीर दी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद परेशान होकर गृहमंत्रालय को शिकायत भेज दी। जहां से एफआईआर के आदेश हुए।

### आवासीय, सांस्कृतिक व वन्यजीव महोत्सव की थीम पर होगा दुधवा महोत्सव

## नवंबर में आयोजित होगा पहला दुधवा महोत्सव

❒ तीन दिवसीय महोत्सव में 2 हजार से ज्यादा पर्यटक लेंगे हिस्सा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व में दुधवा महोत्सव कराने का निर्णय लिया है। दुधवा महोत्सव नवंबर में होगा। यह प्रदेश का पहला आवासीय सांस्कृतिक एवं वन्यजीव महोत्सव है।

तीन दिवसीय महोत्सव-25 न सिर्फ प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जैविक समृद्धि का उत्सव होगा, बल्कि यह पर्यटकों को जंगल की गोद में प्रकृति से जुड़ने और थारू संस्कृति को करीब से जानने का मौका भी देगा। साथ ही देश की जानी मानी हस्तियों द्वारा परफॉर्मेंस भी दी जाएगी।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप प्रदेश को बहुआयामी पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए नवंबर में तीन दिवसीय महोत्सव-25 का आयोजन किया जाएगा। इसमें 2,000 से अधिक पर्यटक शामिल होंगे। महोत्सव का केंद्र सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक दृश्य, ग्रामीण पर्यटन, थारू जनजाति की विरासत, उनका खानपान, हस्तशिल्प, औषधीय ज्ञान और जीवनशैली होगा। इस दौरान पर्यटक कैम्पिंग की सुविधा का लाभ भी उठा सकेंगे।

इसके लिए तीन श्रेणियों में 200 से अधिक टेंट्स स्थापित किये जाएंगे। वहीं स्थानीय थारू परिवारों के साथ होमस्टे की भी सुविधा दी जाएगा, जिससे पर्यटक ग्रामीण जीवन का वास्तविक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा पर्यटक वन्यजीव सफारी का लुत्फ उठा सकेंगे। इस दौरान गाइडेड टूर के साथ दुधवा के जैव विविधता को देखने का अवसर मिलेगा। इतना ही नहीं महोत्सव में देश की जानी मानी हस्तियां शास्त्रीय, लोक और ग्लोबल बीट्स समेत अन्य परफॉर्मेंस देंगे। इसे तीन हिस्से में विभाजित किया गया है। इसमें मेन स्टेज, टेक्नो स्टेज और फोटोग्राफी एंड लाइफ स्टाइल जोन शामिल है। ये मंच न सिर्फ संगीत प्रेमियों और युवाओं को लुभाएंगे, बल्कि प्रकृति, फोटोग्राफी और जीवनशैली के शौकीनों को भी एक यादगार अनुभव प्रदान करेंगे।

### मुख्य स्टेज पर यह कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति

शुभा मुद्गल, कैलाश खेर, रिषभ शर्मा, डॉन भट्ट, ब्रोडा वी, गिनी सुजॉन, कौशिकी चक्रवर्ती, गिनी सुज़ॉन, परेश पहुजा, राम संपत, टेक्नो स्टेज पर ये कलाकार बिखेरेंगे डीजे का जादू, न्यूक्लिया, एन्यासा, अनीश सूद वेदांग, पैराडॉक्स, जैज़ी बी क्रैटेक्स, टिएस्टो, मा फैज़ा संबाता, करण कंचन।

### फोटोग्राफी और लाइफस्टाइल

आरज़ू खुराना, सुधीर शिवराम, श्वेतांबरी शेट्टी, बानी जे, शेनाज़ ट्रेज़री, उज्ज्वल दुबे।

### योगी सरकार ब्रांडिंग से मजबूत करेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

योगी सरकार महोत्सव के जरिये ब्रांडेड मर्चेंडाइज़ जैसे मग्स, टी-शर्ट्स, जैकेट्स और हेलमेट्स लॉन्च करेगी। इन पर वन्यजीव चित्र और स्लोगन अंकित होंगे। यह स्थानीय हस्तशिल्प और कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ आय का भी माध्यम होगा।

# कोलकाता और चेन्नई के मैच में धोनी के रंग में रंग सकता है ईडन गार्डन्स

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में ईडन गार्डन्स महेंद्र सिंह धोनी की पीली जर्सी के रंग में रंग सकता है जो संभवतः इस ऐतिहासिक मैदान पर आखिरी बार खेलेंगे। पांच बार की चैंपियन चेन्नई की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन धोनी का जलवा अभी पहले की तरह बरकरार है और केवल उनकी उपस्थिति से ही नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान पीले रंग में रंग सकता है। कोलकाता ऐसा शहर है जिससे धोनी के करीब भी संबंध रहे हैं। उनकी ससुराल पक्ष के लोग इसी शहर में रहते हैं और उन्होंने जूनियर क्रिकेट में अपना अधिकतर समय इसी शहर में बिताया है। ऐसे में बुधवार का दिन इस 43 वर्षीय खिलाड़ी और उनके प्रशंसकों के लिए भावनात्मक हो सकता है। ईडन




गार्डन्स धोनी की कई उपलब्धियों का गवाह भी रहा है जिनमें प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहला शतक और टेस्ट क्रिकेट में दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने यहां क्लब क्रिकेट भी खेला है, जिसमें शामबाजार क्लब के लिए यादगार पी सेन ट्रॉफी फाइनल भी शामिल है। धोनी का प्रदर्शन अब पहले की तरह आकर्षक नहीं रहा है लेकिन उनके चाहने वालों का उनके साथ भावनात्मक लगाव है और इसलिए वे बड़ी संख्या में यहां पहुंच सकते हैं। चेन्नई की टीम पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से दो रन से हार गई थी। धोनी ने इस मैच में आठ गेंद पर 12 रन बनाए लेकिन वह अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गए जिससे चेन्नई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई थी। धोनी ने मैच के बाद हार की जिम्मेदारी ली थी। चेन्नई की टीम के लिए अब खोने के लिए कुछ भी नहीं है और वह इस मैच में अधिक स्वच्छंद होकर खेलेगी लेकिन कोलकाता के लिए यह मैच करो या मरो जैसा है क्योंकि उसे प्लेऑफ की अपनी उम्मीद बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच में जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता के अभी 11 अंक हैं और अगले तीनों मैच में जीतने पर उसके 17 अंक हो जाएंगे। यहां पहुंचने पर भी उसकी प्लेऑफ में सीट पक्की हो जाएगी कहा नहीं जा सकता क्योंकि अन्य टीमों के परिणाम पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा और ऐसे में नेट रन रेट पर भी मामला अटक सकता है। चेन्नई के बाद कोलकाता को सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर मैच खेलने हैं लेकिन फिलहाल वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली एक रन की जीत की लय को कायम रखना चाहेगा। उस मैच में आंद्रे रसेल की फॉर्म में वापसी महत्वपूर्ण थी और अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली कोलकाता की टीम को वेंकटेश अय्यर से भी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो इस सत्र में अभी तक रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

# आईपीएल 2025: कगिसो रबाडा अब चयन के लिए उपलब्ध, गुजरात टाइटंस ने की पुष्टि

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा एक महीने के निलंबन के बाद अब आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। गुजरात टाइटंस ने सोमवार शाम बयान जारी कर पुष्टि की कि रबाडा अब चयन के लिए पूरी तरह उपलब्ध हैं। रबाडा ने एसए 20 के दौरान एक प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के चलते दक्षिण अफ्रीकी डोपिंग निरोधक संस्था (एसएआईडीएस) द्वारा लगाए गए एक महीने के अस्थायी निलंबन को स्वीकार किया था। उन्होंने न केवल अपनी गलती मानी, बल्कि एक विशेष कार्यक्रम भी पूरा किया। एसएआईडीएस की जांच पूरी होने के बाद अब वे आईपीएल के बाकी मुकाबलों के लिए चयन योग्य हैं। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने रबाडा का पूरा समर्थन करते हुए कहा, यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अपने खिलाड़ियों का साथ दें, चाहे वह फॉर्म हो या व्यक्तिगत मुद्दे। रबाडा ने स्पष्ट रूप से बताया कि वे



इस घटना से किसी को विचलित नहीं होने देना चाहते।

उन्होंने यह भी कहा कि रबाडा ने अपनी गलती से सबक सीखा है और अब पूरी तरह क्रिकेट पर फोकस कर रहे हैं। रबाडा पहले दो मैच खेलने के बाद साउथ अफ्रीका लौट गए थे। अब वापसी के साथ, वे आईपीएल के व्यस्त अंत की ओर टाइटंस की गेंदबाजी को मजबूती देंगे। साथ ही, वे जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भी चयन के पात्र हो गए हैं। सोलंकी ने कहा कि रबाडा ने नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की और अब यह मामला बंद माना जाना चाहिए। ल्लनियम सभी पर समान रूप से लागू होते हैं। रबाडा ने अपनी सजा पूरी की है और अब समय है कि वह फिर से खेल के मैदान में उतरें।

# संक्षिप्त समाचार

## इंटर मिलान के खिलाफ बेंच पर रहेंगे लेवांडोव्स्की कोच हैंसी फ्लिक ने दी जानकारी

**मिलान।** चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के निर्णायक मुकाबले से पहले बार्सिलोना को बड़ी राहत मिली है। स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की पूरी तरह फिट हो चुके हैं, लेकिन कोच हैंसी फ्लिक ने साफ किया है कि वे इंटर मिलान के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत बेंच से करेंगे। पहला लेग 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था और अब दोनों टीमों के बीच अंतिम मुकाबला सैन सिरो में खेला जाएगा। पोलैंड के कप्तान लेवांडोव्स्की पिछले महीने सेल्टा विगो के खिलाफ मुकाबले में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए थे और पहले लेग में नहीं खेल पाए थे। लेकिन अब वो फिट हैं और बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। कोच फ्लिक ने सोमवार को पत्रकारों से कहा, ''वो हमारी उम्मीद से ज्यादा तेजी से ठीक हुए हैं और बेंच पर मौजूद रहेंगे। ज़रूरत पड़ी तो हम उन्हें उतार सकते हैं। लेवांडोव्स्की इस सीजन में अब तक सभी प्रतियोगिताओं में 40 गोल कर चुके हैं। ऐसे में उनकी वापसी से बार्सिलोना को जीत की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए हर हाल में इंटर को हराना होगा। फ्लिक के कोच बनने के बाद बार्सिलोना इस सीजन में चार बड़े खिताब जीतने की दौड़ में है। बार्सिलोना के मिडफील्डर दानी ओल्मो ने कहा, ल्लमैंने सोचा था कि हम इस मुकाम तक आएंगे। हम हर खिताब जीतना चाहते हैं और हमारे पास ऐसा करने वाली टीम भी है। ओल्मो ने यह भी कहा कि अगर इंटर की टीम लमिन यमाल पर फोकस करेगी, तो बार्सिलोना के अन्य खिलाड़ी मौके का फायदा उठाएंगे। 17 वर्षीय यमाल ने पिछले मुकाबले में इंटर की डिफेंस को काफी परेशान किया था। उन्होंने एक शानदार गोल किया और दो बार पोस्ट से भी टकराए। इंटर के कोच सिमोने इनज़ाघी ने माना कि यमाल को ''स्पेशल अटेंशन'' दी जाएगी, लेकिन ओल्मो ने कहा कि इससे बार्सिलोना की योजना नहीं बदलेगी। मंगलवार को होने वाला यह मुकाबला तय करेगा कि फाइनल में म्यूनिख में कौन पहुंचेगा। वहां विजेता टीम का सामना आर्सेनल या पेरिस सेंट जर्मेन में से किसी एक से होगा।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए एकदिवसीय टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज ने इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए 15 सदस्यीय एकदिवसीय टीम की घोषणा की है। शाई होप की अगुवाई में वेस्टइंडीज की टीम इस महीने के आखिर में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर कुल छह एकदिवसीय मैच खेलेंगी। टीम में ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, कीसी कार्टी और उभरता खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल होंगे। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने इस दौरे को लेकर कहा कि ये मैच 2027 विश्वकप के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमें पता है कि परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण होंगी। वेस्टइंडीज ने अपने कोचिंग स्टाफ में भी कुछ बदलावों की घोषणा की है, जिसमें पूर्व तेज गेंदबाज और 2012 टी20 विश्व कप विजेता रवि रामपॉल को न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रेंकलिन की जगह गेंदबाजी कोच बनाया गया है, जबकि आयरलैंड के महान खिलाड़ी केविन ओ'ब्रायन अपनी पुरानी टीम के खिलाफ तीन मैचों के दौरान टीम को कुछ सहायता प्रदान करेंगे। वेस्टइंडीज की एकदिवसीय टीम: शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, आमिर जंगू, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स और रोमारियो शेफर्ड।

## ब्रुकफील्ड इंडिया रीट का चौथी तिमाही की शुद्ध परिचालन आय 16 प्रतिशत बढ़कर 488.5 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध परिचालन आय 16 प्रतिशत बढ़कर 488.5 करोड़ रुपये हो गई है। एक साल पहले इसी अवधि में उसकी शुद्ध परिचालन आय (एनओआई) 422 करोड़ रुपये रही थी। ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने यूनिटधारकों को 319 करोड़ रुपये वितरित करने की घोषणा की है। शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अपने यूनिटधारकों को 319.1 करोड़ रुपये (5.25 रुपये प्रति यूनिट) वितरित करने की घोषणा की, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही की तुलना में 10.5 प्रतिशत अधिक है। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में एनओआई सालाना आधार पर 1,350 करोड़ रुपये से 37 प्रतिशत बढ़कर 1,854 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 1,053.7 करोड़ रुपये (19.25 रुपये प्रति यूनिट) का कुल वितरण घोषित किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 8.5 प्रतिशत अधिक है। ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक आलोक अग्रवाल ने कहा, '' हमारा वित्त वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है, जिसमें उच्च वितरण और एक प्रमुख अधिग्रहण आदि भी शामिल है। ब्रुकफील्ड इंडिया रीट दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम, नोएडा और कोलकाता में स्थित 10 'ग्रेड ए' परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रही है।

## एप्पल आने वाले वर्षों में अपने सभी मोबाइल फोन भारत में बनाएगा और यहीं से खरीदेगा: सिंधिया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में भारत में निवेश करना हर मूल उपकरण विनिर्माता के लिए आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम है। उन्होंने इस संबंध में अमेरिकी स्मार्ट उपकरण कंपनी एप्पल के उस फैसले का उदाहरण दिया जिसमें उसने अमेरिका में बिकने वाले अधिकतर आईफोन को भारत में बनाने तथा यहां से खरीदने का निर्णय लिया है। 'भारत टेलीकॉम' कार्यक्रम में सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में भारत में निवेश केवल सद्भावना का कार्य नहीं है, बल्कि यह हर एक ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) के लिए आर्थिक रूप से समझदारी भरा कदम है। सिंधिया ने कहा, '' एप्पल ने आने वाले वर्षों में अपने सभी मोबाइल फोन भारत में ही बनाने तथा यहीं से खरीदने का निर्णय लिया है। जब आप भारत में निवेश करते हैं, तो आप सामर्थ्य, विश्वसनीयता और मौलिकता का चयन करते हैं। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने हाल ही में कहा था कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा। सिंधिया ने कहा कि सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित दूरसंचार उपकरण बाजार में कई गुना वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा, '' केवल 4,000 करोड़ रुपये, यानी आधा अरब डॉलर के निवेश के परिणामस्वरूप 80,000 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है, निर्यात में 16,000 करोड़ रुपये का योगदान रहा और 25,000 नौकरियां सृजित हुई हैं।

# भारत की निगाह फाइनल में जगह बनाने पर उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी

कोलंबो, छह मई (भाषा) भारत महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में बुधवार को यहां जब दक्षिण अफ्रीका की टीम से भिड़ेगा तो वह पिछले मैच में श्रीलंका से मिली हार से उबरकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने को उत्सुक होगा। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का आठ मैचों की जीत का सिलसिला रविवार को मेजबान श्रीलंका से हार के साथ समाप्त हो गया। भारतीय टीम हालांकि अब भी अपने बेहतर रन रेट के कारण फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है लेकिन वह अपने अगले मैच में जीत हासिल करके इस मुकाम पर पहुंचना चाहेगी। भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंक हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। वे दूसरे स्थान पर मौजूद श्रीलंका से आगे हैं,



जिसके भी चार अंक हैं लेकिन उसका नेट रन रेट -0.166 है। भारत का नेट रन रेट 0.433 है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं जीता है लेकिन उसे अभी दो मैच खेलने हैं और इनमें जीत हासिल करने पर वह भी फाइनल में जगह बना सकती है। इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी एक बड़ा सकारात्मक पक्ष रही है। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल दो अर्धशतक सहित 163 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। अन्य बल्लेबाजों ने भी इसमें योगदान दिया है। स्नेह राणा ने गेंदबाजी में कमान अच्छी तरह से संभाली है। उन्होंने तीन मैचों में 4.25 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए हैं। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट लिए थे और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगी। पहले दो मैचों में गेंदबाजों ने भारत को जीत दिलाई, लेकिन श्रीलंका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इस मैच में ऑलराउंडर काशवी गौतम केवल पांच ओवर करने के बाद मैदान से बाहर चली गई थी। कप्तान हरमनप्रीत ने हार के बाद कहा था, ''गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें सुधार करने की जरूरत है। आज मौके थे, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा सके। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो उसकी टीम संघर्ष करती हुई नजर आ रही है। उसे पिछले नौ एकदिवसीय मैचों में से आठ में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें इस श्रृंखला के दोनों मैच भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन अगले मैच में उसे श्रीलंका से बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा।

## घरेलू परिस्थितियां हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी: विटोरी

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद का बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले दो सत्र में चर्चा का विषय रहा था लेकिन इस बार उसका यह दृष्टिकोण नहीं चल पाया और टीम के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने इसके लिए घरेलू परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने को जिम्मेदार ठहराया। सनराइजर्स ने पिछले साल लगातार 200 से अधिक का स्कोर बनाया था, लेकिन इस बार उसके प्रमुख बल्लेबाज ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन नहीं चल पाए और उसकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। विटोरी ने सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैंने निश्चित रूप से हर मैच के बाद यह नहीं कहा कि मैं आक्रामक रुख का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा कि हम परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इस साल परिस्थितियां वैसी नहीं थीं जैसी हमने उम्मीद की थी।''

# राष्ट्रीय कर सम्मेलन में सरल कर कानूनों की मांग, आयकर विधेयक 2025 पर हुई चर्चा

एजेंसी

कोलकाता। पुणे में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कर सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कर कानूनों को सरल और आम जनता के लिए सुगम बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया फ़ेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) समेत कई कर (टैक्स) संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एआईएफटीपी के पूर्व अध्यक्ष नारायण जैन ने सम्मेलन के दौरान कहा कि करदाताओं के बेहतर अनुपालन के लिए मौजूदा कानूनों को सरल बनाना आवश्यक है। उन्होंने डॉ. गिरीश आहूजा के साथ आयकर विधेयक 2025 पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। इस दौरान बताया गया कि नया विधेयक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की मूल भावना को बनाए रखते हुए अनावश्यक प्रावधानों को हटाकर, धाराओं को फिर से क्रमबद्ध करता है। इससे




करदाताओं के लिए समझना आसान होगा। उद्घाटन सत्र में एआईएफटीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर पेशेवरों का स्वागत करते हुए संगठन की उपलब्धियों और कार्यक्षेत्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन के 11 हजार से अधिक सदस्य हैं और यह देशभर में कर (टैक्स) शिक्षा और जागरूकता के लिए लगातार काम कर रहा है। सम्मेलन में जीएसटी, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था, भारतीय न्याय संहिता से जुड़े प्रावधानों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और सहकारी क्षेत्र से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। तकनीकी सत्रों में वक्ताओं ने इन विषयों पर गहराई से विचार रखे और प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए। सम्मेलन में देशभर से आए विशेषज्ञों, करते सलाहकारों और अकादमिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और सफल रहा।

# दिल्ली हवाई अड्डे की हवाई पट्टी आरडब्ल्यू 28/10 पर परिचालन बहाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे की हवाई पट्टी आरडब्ल्यू 28/10 पर परिचालन मंगलवार को बहाल कर दिया गया, जिससे हवाई यातायात की भीड़भाड़ कम होने की संभावना है। इस हवाई पट्टी को रखरखाव कार्यों के लिए बंद किया गया था। शुरुआत में, कोहरे के मौसम से पहले, एक छोर पर 'इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम' (आईएलएस) उन्नयन को पूरा करने के लिए हवाई पट्टी को लंबे समय तक बंद रखा जाना था। हालांकि, हवाई पट्टी के बंद होने, पुरवाई और भीड़भाड़ के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हुआ। इसे देखते हुए रखरखाव कार्य अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और जून के मध्य में यह बहाल होगा। दिल्ली हवाई अड्डे की परिचालक कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ल्लसभी हितधारकों के साथ स्वीकृत योजना के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे ने आज सुबह 8:04 बजे आरडब्ल्यू 28/10 को जून मध्य तक परिचालन के लिए एटीसी को सौंप दिया। कंपनी ने कहा, यह अतिरिक्त सुविधा परिचालन को सुव्यवस्थित करने तथा यात्रियों के लिए बेमौसम बदलती हवा की स्थिति में सुगम आगमन और प्रस्थान में सहायता करेगी। हम यात्री अनुभव को प्राथमिकता देते हैं तथा आपकी समझदारी और समर्थन की सराहना करते हैं। आठ अप्रैल को आईएलएस उन्नयन के लिए हवाई पट्टी को बंद कर दिया गया था। देश का सबसे बड़ा और व्यस्ततम हवाई अड्डा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीएआई) रोजाना करीब 1,300 उड़ानों का संचालन करता है। इसमें चार हवाई पट्टी- आरडब्ल्यू 09/27, आरडब्ल्यू 11आर/29एल, आरडब्ल्यू 11एल/29आर और आरडब्ल्यू 10/28 और दो परिचालन टर्मिनल हैं- टी1 और टी3 हैं।

# वेरिटास फाइनेंस, लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस सहित पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की मिली मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वेरिटास फाइनेंस, लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस और अजय पॉली सहित पांच कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी मिल गई है। राजस्थान स्थित जाजू रश्मि रिफ्रैक्टरीज और कोलकाता स्थित कृषि आधारित कंपनी रीगल रिसोर्सेज को भी आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को बताया कि इन पांच कंपनियों ने दिसंबर और जनवरी में आईपीओ लाने के प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए थे। इन्हें 29-30 अप्रैल के दौरान सेबी से इसकी मंजूरी मिल गई। वेरिटास फाइनेंस अपने आईपीओ के जरिये 2,800 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है । इसमें 600 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और 2,200 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस का प्रस्तावित आईपीओ 1.04 करोड़ नए शेयर और 56.38 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। 'रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशन' कंपनी अजय पॉली का आईपीओ 238 करोड़ रुपये के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 93 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। रीगल रिसोर्सेज के आईपीओ में 190 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तकों द्वारा 90 लाख शेयर की बिक्री पेशकश प्रस्तावित है। वहीं जाजू रश्मि रिफ्रैक्टरीज के आईपीओ में केवल 150 करोड़ रुपये तक के नए शेयर शामिल होंगे। इसमें कोई बिक्री पेशकश प्रस्तावित नहीं है। दूसरी ओर, अर्थ्वूड सर्विसेज ने आईपीओ के लिए दाखिल अपने दस्तावेज 28 अप्रैल को वापस ले लिए।

# 2,730 रुपये तक महंगा हुआ सोना चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में जबरदस्त तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सर्राफा बाजारों में सोना आज 2,500 रुपये से लेकर 2,730 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 98,460 रुपये से लेकर 98,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,250 रुपये से लेकर 90,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,610



रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# मानव विकास में 130 वें स्थान पर भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी सरकारी राष्ट्रीय योजनाओं,अभियानों और कार्यक्रमों से 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130 वें स्थान पर पहुंच गया है।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मंगलवार को जारी रिपोर्ट ह्लए मैटर ऑफ चॉइसः पीपुल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआईङ्क में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की मानव विकास प्रगति जारी और मानव विकास निरंतर प्रगति कर रहा है तथा 193 देशों में 133 वें स्थान से बढ़कर 130 वें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक वर्ष 2022 में 0.676 से बढ़कर वर्ष 2023 में 0.685 हो गया। इससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया गया है। भारत जल्दी जो उच्च मानव विकास 0.700 के करीब पहुंच जाएगा। देश में जीवन प्रत्याशा वर्ष 1990 में 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष हो गई है, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों और प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की भारत में रेजिडेंट प्रतिनिधि एंजेला लुसिगी ने कहा ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत समावेशी विकास और मानव विकास पर निरंतर प्रगति हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

वर्ष 1990 के बाद से भारत के मानव विकास सूचकांक में 53 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत दोनों से अधिक तेज़ है। इस प्रगति में आर्थिक विकास और लक्षित सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रमों का योगदान हुआ है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी योजनाओं ने परिणामों को बेहतर बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक मोर्चे पर, भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय चार गुना से अधिक बढ़ गई है, जो वर्ष 1990 में 2167.22 डालर से बढ़कर वर्ष 2023 में 9046.76 डालर हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में, आर्थिक विकास पर भारत की प्रगति और मनरेगा,जन धन योजना और डिजिटल समावेशन जैसे कार्यक्रमों में निवेश ने गरीबी में कमी लाने में योगदान दिया है। वर्ष 2015-16 और वर्ष 2019-21 के बीच 13 करोड़ 50 लाख भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकल आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में असमानता चुनौती बनी हुई हैं। हालांकि स्वास्थ्य और शिक्षा असमानता में सुधार हुआ है लेकिन आय और लिंग असमानताएँ महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। महिला श्रम शक्ति भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व पिछड़ा हुआ है। रिपोर्ट में भारत को वैश्विक स्तर पर एक अद्वितीय स्थान पर रखा गया है, जो एक उभरते एआई पावरहाउस के रूप में है। भारत में 20 प्रतिशत एआई शोधकर्ता हैं। भारत समावेशी विकास के लिए एआई का लाभ उठा रहा है। कृषि से लेकर स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक सेवा वितरण तक,जटिल चुनौतियों को बड़े पैमाने पर हल करने के लिए एआई का विकास और उपयोग किया जा रहा है। एआई किसानों को क्षेत्रीय भाषाओं में बीमा, ऋण और सलाह तक पहुंचने में मदद कर रहा है। एक वैश्विक सर्वेक्षण से पता चलता है कि 70 प्रतिशत लोगों को उम्मीद है कि एआई से उत्पादकता बढ़ेगी और 64 प्रतिशत का मानना है कि इससे नई नौकरियां पैदा होंगी।

# खरगे ने जाति जनगणना को लेकर लिखा मोदी को पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा और कहा है कि वह कुछ सुझाव दे रहे हैं ताकि जाति जनगणना जैसी किसी भी प्रक्रिया में पिछड़ों, वंचितों और हाशिये पर खड़े लोगों को उनके अधिकार मिल सकें।

श्री खरगे ने कहा कि पिछले साल इस मांग को लेकर उन्होंने श्री मोदी को पत्र लिखा तो भाजपा के नेताओं ने उन्हें और कांग्रेस को घेरने का प्रयास किया तथा लगातार हमले की लेकिन अब खुद प्रधानमंत्री कांग्रेस की इस मांग की गहराई समझ गए हैं इसलिए जाति जनगणना कराने का उन्होंने निर्णय लिया और सामाजिक न्याय और सामाज के सशक्तिकरण के लिए इसे ज़रूरी भी बताता है। श्री खरगे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए अपने पत्र में कहा ह्लमैंने 16 अप्रैल 2023 को पत्र लिखकर कांग्रेस द्वारा जातिगत



जनगणना कराने की मांग आपके समक्ष रखी थी। अफसोस की बात है कि मुझे उस पत्र का कोई जवाब नहीं मिला। उसके बाद आपकी पार्टी के नेताओं और स्वयं आपने कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के नेतृत्व पर इस जायज मांग को उठाने के लिए लगातार हमले किए। आज आप स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि यह मांग गहन सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के हित में है। उन्होंने लिखा आपने बिना किसी स्पष्ट विवरण के यह घोषणा की है कि अगली जनगणना जो वास्तव में 2021 में होनी थी, में जाति को भी एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया जाएगा। इस संबंध में मेरे तीन सुझाव हैं, जिन पर आप कृपया विचार करें।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोमवार को श्री मोदी को लिखित पत्र में सुझाव देते हुए कहां है कि जाति जनगणना के लिए तेलंगाना मॉडल को अपना कर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा हटाया जाये और इसके लिए तमिलनाडु की तर्ज पर कानून बने। इसके साथ ही अनुसूचित जाति, जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कि छात्रों को निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण देने के लिए अनुच्छेद 15(5) को लागू किया जाय। उन्होंने श्री मोदी से जाति जनगणना के मुद्दे पर जल्द ही सभी राजनीतिक दलों से बातचीत करने का भी आग्रह किया है।

# बुद्ध की शाश्वत शिक्षाएं वैश्विक चुनौतियों के लिए गहन अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान करती हैं : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में वेसाक के संयुक्त राष्ट्र दिवस के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया और कहा कि भगवान बुद्ध की शाश्वत शिक्षाएं वर्तमान वैश्विक चुनौतियों में से अधिकांश के लिए गहन अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान करती हैं । वियतनाम के राष्ट्रपति लुओंग कुओंग, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, वियतनाम बौद्ध संघ के संघराजा थिच त्रि क्वांग और अन्य नेताओं ने भी समारोह को संबोधित किया।

श्री रिजिजू ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक बधाई और संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शाश्वत शिक्षाएं वर्तमान वैश्विक चुनौतियों में से अधिकांश के लिए गहन अंतर्दृष्टि और समाधान प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत विकल्पों के प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत की मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) की पहल बौद्ध दर्शन में गहराई से निहित है। उन्होंने भगवान बुद्ध के अनुयायियों को भारत में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से जुड़े पवित्र स्थलों की यात्रा करने और इस जीवंत विरासत से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने हो ची मिन्ह सिटी में संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस समारोह के दिन पवित्र बुद्ध अवशेषों की उपस्थिति के महत्व को भी बताया। श्री रिजिजू ने वियतनाम के राष्ट्रपति लुओंग कुओंग से अलग से मुलाकात की। भारत और वियतनाम के बीच बहुआयामी सहयोग में अनुकूल प्रगति को महत्व देते हुए दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए सहयोग की पुष्टि की। श्री कुओंग ने भारत सरकार द्वारा वियतनाम को पवित्र बुद्ध अवशेष भेजने की सराहना की। वियतनाम के राष्ट्रपति के साथ श्री रिजिजू , वियतनाम के जातीय और धार्मिक मामलों के मंत्री, पोलित ब्यूरो के सदस्य और हो ची मिन्ह सिटी के पार्टी सचिव ने काशी के नजदीक सारनाथ से हो ची मिन्ह सिटी के पैगोडा (मंदिर) में लाए गए पवित्र बुद्ध अवशेषों को श्रद्धांजलि दी। श्री रिजिजू ने भगवान बुद्ध की भारतीय मूर्तियों की प्रदर्शनी और साथ ही भारत में बौद्ध स्मारकों के डिजिटल जीर्णोद्धार का भी दौरा किया। उन्होंने भारत और वियतनाम में बौद्ध कला और मूर्तियों की तुलनात्मक प्रदर्शनी का भी दौरा किया, जिससे पता चलता है कि दोनों देशों के बीच डेढ़ हजार साल से भी अधिक पुराने बौद्ध संबंध आध्यात्मिकता से परे कला और संस्कृति के क्षेत्रों तक फैले हुए हैं।

# डिजिटलीकरण के पूर्ण लाभ के लिए डिजिटल अंतर को कम करने की जरूरत : रिपोर्ट

एजेंसी

मिलान, इटली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार डिजिटलीकरण एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगातार आर्थिक असमानता को कम करने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है लेकिन इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए, सरकारों को बुनियादी ढांचे, पहुँच और कौशल में अंतर सहित 'डिजिटल अंतर' को कम करने की आवश्यकता है।

हालाँकि विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र ने हाल के दशकों में डिजिटल विकास में अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन लाभ समान रूप से साझा नहीं किए गए हैं। आज जारी की गई एशियाई विकास नीति रिपोर्ट 2025ः हार्नेसिंग डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन फ़ॉर गुड के अनुसार, पूरे क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग करने वाले निवासियों का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में 13 प्रतिशत अधिक है। शहरी क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट डाउनलोड की गति भी ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। पिछले अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र की कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ डिजिटल समावेशन के मामले में पिछड़ी हुई हैं और उनमें आम तौर पर डिजिटल कौशल का स्तर कम है। रिपोर्ट के अनुसार तेज़ विकास और वृद्धि के बावजूद, इस क्षेत्र में आर्थिक असमानता बनी हुई है। विकासशील एशिया का जनसंख्या-भारित औसत गिनी गुणांक - घरेलू असमानता का एक माप - 2022 में 1990 की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक था। पिछले वर्ष तक, क्षेत्र की 18.9 प्रतिशत आबादी को गरीब के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसे प्रतिदिन 3.65 डॉलर से कम पर जीवनयापन करने वाले के रूप में परिभाषित किया गया था।

एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने रिपोर्ट पर कहा, ह्ल विकासशील एशिया और प्रशांत का तेजी से डिजिटल परिवर्तन इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त करने की स्थिति में रखता है। समावेशी, टिकाऊ डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने वाली सरकारों के पास न केवल समग्र उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने का अवसर है, बल्कि साथ ही साथ आर्थिक असमानता को भी कम करने का अवसर है। डिजिटलीकरण व्यक्तिगत वित्त और शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुँच को व्यापक बनाकर या छोटे व्यवसाय मालिकों को वित्तपोषण या व्यावसायिक नेटवर्क तक पहुँच की कमी जैसी बाधाओं को दूर करने में मदद करके असमानता को कम कर सकता है। डिजिटल परिवर्तन कम कार्बन विकास में बदलाव को तेज करने और क्षेत्र में समुदायों को चरम मौसम और आपदाओं के प्रति अधिक लचीला बनाने में भी मदद कर सकता है। रिपोर्ट में यह सिफारिश की गई है कि विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र की सरकारें राष्ट्रीय डिजिटल रणनीति अपनाएं जो समावेश और स्थिरता उद्देश्यों को एकीकृत करती हैं और स्थानीय रूप से तैयार की गई नीतियों को लागू करती हैं जो इन उद्देश्यों को बढ़ावा देती हैं। सरकारों को निजी क्षेत्र, नागरिक समाज संगठनों और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों के साथ भी जुड़ना चाहिए।

# पेज एक का शेष

## ट्रेन का डिब्बा बन...

संपन्न करने को कहा। पीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को उचित मामलों में अधिक समय मांगने की स्वतंत्रता दी। पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित याचिकाओं पर फैसलों पर निर्भर करेंगे। शीर्ष अदालत ने 22 अगस्त, 2022 को एसईसी और महाराष्ट्र सरकार को राज्य में स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था।

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने वेबसाइट...

लाख रुपये हैं। उनके पास अमरावती, महाराष्ट्र में एक आवासीय घर (मृत पिता से विरासत में मिला), बांद्रा, मुंबई, महाराष्ट्र में एक आवासीय अपार्टमेंट (स्वयं) और डिफेंस कॉलोनी, नयी दिल्ली में एक आवासीय अपार्टमेंट (स्वयं) है। न्यायमूर्ति गवई के पास महाराष्ट्र के अमरावती और नागपुर के केदापुर और कटोल में कृषि भूमि भी है (जो उन्हें अपने पिता से विरासत में मिली है)। मुख्य न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति गवई का उत्तराधिकारी बनने जा रहे न्यायमूर्ति सूर्य कांत के पास चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में एक कनाल का मकान है (जिसका स्वामित्व स्वयं/पति/एचयूएफ के पास संयुक्त रूप से है), पंचकूला जिले के गोलपुरा गांव में साढ़े 13 एकड़ (लगभग) कृषि भूमि है (जिसका स्वामित्व स्वयं/पति/एचयूएफ के पास संयुक्त रूप से है), गुरुग्राम के सुशांत लोक-1 में 300 वर्ग गज का प्लॉट है (जिसका स्वामित्व स्वयं/पति/एचयूएफ के पास संयुक्त रूप से है), जीके-1, नई दिल्ली में 285 वर्ग गज के मकान में भूतल और बेसमेंट है (जिसका स्वामित्व स्वयं/पति/एचयूएफ के पास संयुक्त रूप से है)। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर 18-सी में 192 वर्ग गज का मकान (स्वयं/पति/पत्नी के संयुक्त स्वामित्व में), गुरुग्राम के डीएलएफ-ऋ्रमें 250 वर्ग गज का मकान (स्वयं) घोषित किया है। उनके पास 12 एकड़ की कृषि भूमि में 1/3 हिस्सा और हिसार जिले के पेटवार गांव में एक मकान है, इसके अलावा हिसार के अर्बन एस्टेट-ऋ्रमें 250 वर्ग गज के मकान (पिता से विरासत में मिला) में भी 1/3 हिस्सा है। चौबीस मई को सेवानिवृत्त होने वाले न्यायमूर्ति ए एस ओका की संपत्तियों में पीपीएफ में 92.35 लाख रुपये, एफडी में 21.76 लाख रुपये, 2022 मॉडल की मारुति बलेनो कार और 5.1 लाख रुपये का कार लोन शामिल है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने नोएडा में 2-बीएचके अपार्टमेंट, इलाहाबाद में एक बंगला और उत्तर प्रदेश में विरासत में मिली कृषि भूमि घोषित की है। उनके पास 1.5 करोड़ रुपये का निवेश भी है। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन ने 120 करोड़ रुपये का निवेश किया है और पिछले 10 वर्षों में 91 करोड़ रुपये का कर चुकाया है। शीर्ष न्यायालय में सीधे पदोन्नति (उच्च न्यायालय से नहीं) पाने वाले न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने 2010 में सफदरजंग विकास क्षेत्र, नयी दिल्ली में एक बिल्डर फ्लोर हाउस खरीदा था। उनके पास 2014 में खरीदा गया (सफदरजंग विकास क्षेत्र, नयी दिल्ली) में एक बिल्डर फ्लोर हाउस भी है। वर्ष 2016 में गुलमोहर पार्क, नयी दिल्ली में खरीदे गए एक बिल्डर फ्लोर हाउस में उनके पास संयुक्त स्वामित्व (पति/पत्नी के साथ 50 फीसदी हिस्सा) है। जिन 12 न्यायाधीशों ने अभी तक अपनी संपत्ति घोषित नहीं की है, वे हैं- न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची।

## आज बजेगा...

और होम गार्ड महानिदेशालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, ''मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य में नये और जटिल खतरे/चुनौतियां उभरी हैं, इसलिए यह समझदारी होगी कि राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों में हर समय इष्टतम नागरिक सुरक्षा तैयारियां रखी जाएं। इस अभ्यास का आयोजन गांव स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा तथा इसका उद्देश्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारी का आकलन करना और उसे मजबूत करना है। पत्र में कहा गया है कि इस अभ्यास में जिला नियंत्रकों, विभिन्न जिला प्राधिकारियों, नागरिक सुरक्षा वार्डन, स्वयंसेवकों, होमगार्ड, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), कॉलेज और स्कूल के छात्रों की सक्रिय भागीदारी की परिकल्पना की गई है। उसने कहा, ''उक्त नागरिक सुरक्षा अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों के परिचालन के प्रभाव और समन्वय का आकलन करना है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा अपने विकल्पों पर विचार करने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई उच्चस्तरीय बैठकें कर रहे हैं। इस हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। मोदी ने हमले को अंजाम देने वालों और इसकी साजिश रचने वालों का ''पृथ्वी के आखिरी छोर तक पीछा करने'' और उन्हें ''उनकी कल्पना से भी बड़ी'' सजा देने का संकल्प जताया है।

## सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान...

करने के पाकिस्तान के प्रयास भी विफल रहे। उसे भारत के साथ द्विपक्षीय मुद्दों को सुलझाने की सलाह दी गई । सूत्रों ने इस्लामी आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में किए गए आतंकवादी हमले का हवाला देते हुए बताया,ह्ल आतंकवादी हमले की व्यापक निंदा की गई और जवाबदेही पर बल दिया गया। कुछ सदस्यों ने विशेष रूप से धार्मिक आस्था के आधार पर पर्यटकों को निशाना बनाए जाने का मुद्दा उठाया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सदस्यों ने अनौपचारिक सत्र में पाकिस्तान से कठिन सवाल पूछे। ह्ल उन्होंने पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे झूठे बयान को मानने से इनकार कर दिया और पूछा कि क्या लश्कर-ए-तैयबा के हमले में शामिल होने की संभावना है। मई महीने के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्रीस ने पाकिस्तान के अनुरोध पर सोमवार को बैठक निर्धारित की थी। पाकिस्तान अभी परिषद में अस्थायी सदस्य है। बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया गया। पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह में दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है और उसके सूचना मंत्री और रक्षा मंत्री ने आक्रामक बयान जारी किए हैं जिनमें कहा गया है कि भारत द्वारा बहुत जल्द पाकिस्तान पर हमला करने की संभावना है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में कड़वाहट आ गयी है। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने, अटारी सीमा चौकी को बंद करने, पाकिस्तान के साथ सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यापारिक संपर्कों को बंद करने के साथ-साथ डाक संपर्कों को भी बंद करने का फैसला किया है। बदले में पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, शिमला समझौते को निलंबित कर दिया है, वाघा सीमा को बंद कर दिया है और उसकी सेना हर रोज भारतीय ठिकानों पर गोलीबारी कर रही है।

## वर्ल्ड ज्यूरिस्ट...

की सबसे पुरानी संस्था है जिसने न्याय के शासन की स्थापना में अपने योगदान के लिए विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला, रूथ बेडर गिन्सबर्ग, स्पेन के राजा फ़ेलिप षष्टम, रेने कैसिन और कैरी केनेडी जैसी ऐतिहासिक हस्तियों को सम्मानित किया है।उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में दायर श्री ऋभु की 60 से ज्यादा जनहित याचिकाओं के नतीजे में कई ऐतिहासिक फैसले आए हैं जिसने देश में बाल अधिकार और बच्चों की सुरक्षा का पूरा परिदृश्य बदल दिया है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक हैं। डोमिनिकन रिपब्लिक के श्रम मंत्री एडी ओलिवारेज ऑर्तेगा और वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जेवियर क्रेमाडेस ने उन्हें 'मेडल ऑफ ऑनर' प्रदान किया। इस अवसर पर डोमिनिकन रिपब्लिक की महिला मंत्री मायरा जिमेनेज भी उपस्थित थीं।

## यूपी में आंधी...

नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

## आईजी लखनऊ..

ने सोमवार को देर रात सात जिलों के पुलिस अधीक्षकों समेत 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। बदले गए जिलों में मुजफ्फरनगर, गोरखपुर, कौशांबी, इटावा, फतेहपुर, संतकबीरनगर और अयोध्या के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। वहीं वाराणसी परिक्षेत्र के आईजी मोहित गुप्ता का तबादला कर उन्हें प्रदेश का गृह सचिव बनाया गया है। बदले गए जिलों में अयोध्या के पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर को गोरखपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर को अयोध्या का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

इटावा के पुलिस अधीक्षक संजय कुमार मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। वहीं मुजफ्फरनगर में तैनात एसएसपी अभिषेक सिंह को प्रोन्नति के बाद डीआईजी सहारनपुर परिक्षेत्र बनाया गया है। कौशांबी के पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव को एसएसपी इटावा, गाजियाबाद में तैनात पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार द्वितीय को पुलिस अधीक्षक कौशांबी, फतेहपुर के एसपी धवल जायसवाल को गाजियाबाद में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता को कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। एसपी रेलवे गोरखपुर संदीप कुमार मीना को एसपी संतकबीरनगर और लखनऊ में तैनात लक्ष्मी निवास मिश्र को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से एसपी रेलवे गोरखपुर बनाया गया है। पीएसी 35वीं वाहिनी लखनऊ में तैनात सेनानायक अनूप कुमार सिंह को एसपी फतेहपुर बनाया गया है। इसके अलावा वाराणसी परिक्षेत्र के आईजी मोहित गुप्ता सचिव गृह लखनऊ, सहारनपुर के डीआईजी अजय कुमार साहनी डीआईजी बरेली परिक्षेत्र बनाए गए हैं। महाकुम्भ मेला प्रयागराज के डीआईजी वैभव कृष्णा को डीआईजी वाराणसी परिक्षेत्र बनाया गया है।

## सस्ती दरों पर...

प्रक्रिया की थी। उसकी अपेक्षा भी हमारी डील उससे कुछ सस्ती है। यही नहीं, इससे पहले भी हमारे बड़े पावर परचेज एग्रीमेंट्स हुए हैं, उसकी अपेक्षा भी मौजूदा डील सस्ती है। सार्वजनिक क्षेत्र के जो हमारे पावर प्लांट्स हैं, उनकी भी बिजली का जो अनुबंध हुआ है। उनकी अपेक्षा भी यह वर्तमान प्रक्रिया की बिजली काफी सस्ती पड़ेगी। उन्होंने बताया कि 2030-31 में जब पावर प्लांट तैयार होगा तब भी टैरिफ 6.10 रुपये पड़ेगा जो हमारे सार्वजनिक संयंत्रों की बिजली से सस्ता होगा। ऊर्जा संकट से निपटने की ठोस योजनाकेन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्ययन के अनुसार, राज्य को वर्ष 2033-34 तक लगभग 10,795 मेगावाट अतिरिक्त तापीय ऊर्जा की जरूरत होगी। इसके साथ ही 23,500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के लिए भी रोडमैप तैयार किया गया है। तापीय ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए डीबीएफओओ मॉडल के तहत बिड प्रक्रिया शुरू की गई। 2030-31 में परियोजना होगी शुरूयह तापीय परियोजना वित्तीय वर्ष 2030-31 में शुरू हो जाएगी। इससे न सिर्फ बेस लोड ऊर्जा की जरूरत पूरी होगी, बल्कि राज्य में उद्योगों व घरेलू उपभोक्ताओं को भी स्थिर और सस्ती बिजली मिल सकेगी।

## उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल...

सेक्टर में बहुत सारे काम आउटसोर्स करने के लिए मल्टीनेशन कंपनियां भारत आ रही हैं। इसी तरह, ऑटोमोटिव सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण सेक्टर की भी बहुत सारी कंपनियां यहां आई हैं। उनके सॉफ्टवेयर डेवलपिंग का बहुत सारा काम इन जीसीसी में होगा। उन्होंने बताया कि आज भारत में लगभग 1700 जीसीसी हैं और इनके तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। नोएडा में अभी माइक्रोसॉफ्ट ने 10 हजार सीटर डेवलपमेंट सेंटर का शिलान्यास किया है। एमक्यू ने भी 3 हजार सीटर इंजीनियरिंग डेवलपमेंट सेंटर का सेटअप किया है। हमको एनसीआर और नोएडा के साथ ही वाराणसी, कानपुर और प्रयागराज जैसे शहरों में भी इन सेंटर्स को लाने की व्यवस्था करनी है। देश में सबसे आकर्षक प्रोत्साहन पैकेजयोगी सरकार की यह नीति भारत की सबसे प्रतिस्पर्धी और समर्पित नीति मानी जा रही है। इसमें निवेशकों को संचालन से लेकर कौशल विकास तक हर स्तर पर व्यापक सहायता मिलेगी। इसके तहत, ऑपरेशनल सब्सिडी के अंतर्गत किराया, बिजली, बैंडविड्थ और डेटा सर्विस पर 20 फीसदी सब्सिडी, 80 करोड़ तक की सहायता प्राप्त होगी। वहीं, पेरोल सब्सिडी के तहत यूपी निवासी कर्मचारियों के वेतन पर 1.8 लाख रुपये तक प्रतिवर्ष की प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा। फ्रेशर और इंटर्न सब्सिडी के तहत नए ग्रेजुएट्स को भर्ती करने पर 20,000 और इंटर्नशिप पर 5000 प्रति माह तक की सहायता प्राप्त होगी। ईपीएफ, ट्रेनिंग और आर एंड डी अनुदान के तहत सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम के तहत इन्वेस्ट यूपी के जरिए सारी स्वीकृतियां ऑनलाइन और सरल होंगी। दो लाख नई नौकरियों का रास्ता होगा साफउन्होंने बताया कि इस नीति के लागू होने से आईटी, एनालिटिक्स, एचआर, कस्टमर सपोर्ट और फाइनेंस जैसे क्षेत्रों में दो लाख से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सृजित होंगी। साथ ही, वैश्विक निवेश भी तेजी से प्रदेश में प्रवेश करेगा। इससे न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक विकास को गति मिलेगी। जीसीसी नीति महिलाओं, एससी/एसटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजनों के लिए रोजगार में विशेष प्रोत्साहन देती है। इसके अलावा, स्टार्टअप्स को आइडिएशन, पेटेंट और रिसर्च के लिए भी भरपूर मदद दी जाएगी। अनियोजित पार्किंग से मुक्ति, नगर निगमों की बढ़ेगी आययोगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण व प्रचालन) नियमावली 2025 प्रख्यापित करने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित किया है। पत्रकारों को नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश में निजी वाहनों में भारी वृद्धि के कारण सड़कों के साथ-साथ पार्किंग स्थलों पर भी दबाव बढ़ रहा है। अनियोजित पार्किंग की समस्या विकराल हो जा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के नगर निगमों में एक समान पार्किंग नियम लागू किए जाने का अनुमोदन किया गया है। नियमावली जारी होने से न केवल पार्किंग जनित राजस्व में वृद्धि होगी और हानि को भी रोका जा सकेगा। स्मार्ट तकनीक के उपयोग से पार्किंग स्थलों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन हो सकेगा। पार्किंग शुल्क नगर निगमों की आय का नियमित स्रोत बनेगा स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क की होगी स्थापना कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूर्स्ट बस पार्क नीति मंजूरयोगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूर्स्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति-2025 को भी मंजूर कर लिया है। इससे प्रदेश में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति के अंतर्गत प्रदेश भर में बस अड्डों/पार्कों की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगा। उनके द्वारा स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट पार्क नियामक प्राधिकारी का गठन किया जाएगा। नीति के अंतर्गत स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क की स्थापना के लिए कम से कम 2 एकड़ भूमि होने तथा आवेदक की एनुअल नेटवर्थ कम से कम 50 लाख व टर्नओवर 2 करोड़ रुपये प्राविधानित है। आवेदन इंडीविजुअल व कंसोर्टियम के रूप में हो सकेंगे। किसी एक आवेदक को प्रदेश में 10 से अधिक, एक जिले में 2 से अधिक और एक ही मार्ग पर 1 से अधिक बस अड्डा व टूरिस्ट बस पार्क स्थापित करने की अनुमति नहीं मिलेगी। निजी निवेश से स्थापना पर संचालन के लिए पहली बार 10 वर्षों के लिए अनुमति दी जाएगी जिसका आगे 10 वर्षों के लिए नवीनीकरण हो सकता है। स्वामित्व का हस्तांतरण 1 वर्ष के पहले नहीं किया जा सकेगा। नई स्थानांतरण नीति को भी मिली मंजूरीयोगी सरकार ने नई स्थानांतरण नीति को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रभावी किया गया है।

# नगर निगम भूमि खरीद घोटाले में जांच अधिकारी ने किया मौका मुआयना, दर्ज किए बयान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। नगर निगम हरिद्वार द्वारा की गई बहुचर्चित भूमि खरीद की जांच अब निर्णायक दौर में पहुंचती दिख रही है। शासन स्तर पर गठित जांच समिति के प्रभारी और गन्ना एवं चीनी विभाग सचिव रणवीर सिंह चौहान मंगलवार को हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने सराय गांव स्थित विवादित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया और पूरे प्रकरण से जुड़े अहम बिंदुओं की जांच की। आईएएस अफसर रणवीर सिंह चौहान हरिद्वार पहुंचे और भूमि का निरीक्षण करने के बाद डाम कोठी पर नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ करते हुए बयान दर्ज किए। साथ ही उन्होंने भूमि घोटाले से जुड़े संबंधित दस्तावेजों को भी देखा। रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। अभी जांच प्रारंभिक स्टेज पर है।



सभी से पूछताछ की जा रही है और दस्तावेजों को देखा जा रहा है। आज मौके पर जाकर जमीन का मौका मुआयना किया गया है। फिलहाल पूछताछ जारी है, जो भी पूछताछ में सामने आएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आईएएस अफसर रणवीर सिंह ने कहा कि तय समय पर इस जांच को पूरा कर लिया जाएगा। क्योंकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साफ-साफ दिशा-निर्देश हैं कि जो भी सच है, वह सामने आए और जल्द से जल्द यह जांच पूरी हो। हरिद्वार नगर निगम ने नवंबर 2024 में सराय गांव में स्थित लगभग 33 बीघा भूमि को 58 करोड़ में खरीदा। यह भूमि नगर निगम के कूड़ा निस्तारण केंद्र के पास स्थित थी। आरोप है कि इस भूमि का वास्तविक मूल्य 10-15 करोड़ था, लेकिन लैंड यूज बदलकर और सर्किल रेट का लाभ उठाकर इसे अधिक कीमत पर खरीदा गया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इस मामले की जांच गन्ना और चीनी विभाग के सचिव रणवीर सिंह चौहान को सौंपी गई। पीसीएस अधिकारी मनीष सिंह को भी सहायक जांच अधिकारी बनाया गया है। इससे पहले राज्य सरकार ने इस मामले में हरिद्वार नगर निगम आयुक्त की आख्या में प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितता मिलने के बाद कुछ अधिकारियों को सस्पेंड भी किया था। जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया था, उनमें अवर अभियंता दिनेश चंद्र कांडपाल, कर एवं राजस्व अधीक्षक लक्ष्मीकांत भट्ट, सहायक अभियंता आनंद सिंह मिश्रवान और अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार दयाल का नाम शामिल है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ‘माई एनडीएमसी, कीप इट क्लीन’ नामक स्वच्छता अभियान में हुई शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। पर्यावरण स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पहल के तहत दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर से ‘माई एनडीएमसी, कीप इट क्लीन‘ नामक 20 दिवसीय स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनी। इस दौरान रेखा गुप्ता ने सभी से सड़क पर आने और स्वच्छता को बढ़ावा देने का आग्रह किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में नागरिक एजेंसियों और सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह सभी अधिकारियों और नेताओं के लिए एक प्रतीकात्मक संदेश था कि सभी को भाग लेना चाहिए और एक बेहतर और सुंदर दिल्ली के लिए सड़क पर आना चाहिए। यह 20-दिवसीय अभियान है। उन्होंने कहा स्वच्छ दिल्ली लोगों का अधिकार है। एनडीएमसी ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अच्छे प्रयास किए हैं। मैं सभी से इस अभियान में भाग लेने का अनुरोध करती हूं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल भी मुख्यमंत्री के साथ इस अभियान में शामिल हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से युवक की मौत, आक्रोशित भीड़ ने किया पथराव पुलिस अधिकारी जख्मी

**नालंदा।** नालंदा जिले छविलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत छविलापुर बाजार में मंगलवार को एक तेज रफ्तार हाइवा ने युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के बरनौसा गांव निवासी 18 वर्षीय आदित्य कुमार पिता मिथिलेश रविदास के रूप में हुई है।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों नें बताया कि आदित्य बाजार में किसी कार्य से आया था और सड़क पार कर रहा था तभी छविलापुर बाजार की ओर से तेज गति में आ रहे हाइवा ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र में भारी वाहनों का संचालन अनियंत्रित रूप से हो रहा है लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है।स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब मौके पर पहुंची पुलिस की गाड़ी पर भीड़ ने पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और एक पुलिस अधिकारी भी जख्मी हो गये। छविलापुर थानाध्यक्ष मुरली मनोहर ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। उपद्रव करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## प्रदेश की ग्राम पंचायतों व निकायों में समाज कल्याण विभाग लगाएगा शिविर : कर्णवाल

**हरिद्वार।** केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायत और निकायों में शिविर लगाएगा। यह जानकारी समाज कल्याण योजनाए अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि वह सभी शिविरों में उपस्थित रहकर जनता से मिलेंगे। रुड़की लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दर्ज़ा प्राप्त मंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि वह 8 से 26 मई तक प्रदेश के भ्रमण पर रहकर हर ग्राम और निकाय क्षेत्र में डॉक्टर आंबेडकर कल्याण शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में समाज कल्याण की सभी योजनाएं लोगों को बताई जाएंगी और जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उन्होंने योजनाओं का लाभ दिलवाने का प्रयास किया जाएगा और उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। मंत्री कर्णवाल ने कहा कि शिविर की शुरुआत ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण से होगी इसका उद्देश्य यह है कि मैदान का प्रतिनिधि पहाड़ से कार्यों की शुरुआत करे और पहाड़ का प्रतिनिधि मैदान से योजनाओं को आगे बढ़ाए। कर्णवाल ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि मोदी और धामी सरकार ने ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

## 25 को खुलेंगे सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून।** सिखों के प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। सेना के जवान यात्रा मार्ग पर जगह-जगह बर्फ हटा रहे हैं। गुरुद्वारा समिति के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि आस्था पथ से बर्फ हटाने का कार्य लगातार जारी है। सेवा दार भी यात्रा तैयारी में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई तक अभी व्यवस्थायें सुचारु कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों से तैयारियां की जा रही हैं और इस साल अन्य सालों की अपेक्षा यात्रियों की संख्या अधिक रहने की संभावना है।

## बिना सुरक्षा उपकरणों के जान जोखिम में डाल नाले की सफाई कर रहे सफाईकर्मी

**भागलपुर।** भागलपुर में नगर निगम के द्वारा लापरवाही बरतें जाने का मामला प्रकाश में आया है। नगर निगम द्वारा इन दिनों शहर में बड़े नालों की उड़ाही करवाई जा रही है लेकिन इस कार्य में लगे सफाईकर्मियों की सुरक्षा को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है। सफाई कार्य एजेंसी और नगर निगम के अधिकारी सफाईकर्मियों को न तो हेलमेट दे रहे हैं न दस्ताने और न ही सुरक्षा बूट।

# कृषि शिक्षा की थीम पर मंत्री ने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा। बिहार सरकार में जदयू कोटे से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कृषि शिक्षा का बढावा देने के उद्देश्य से कृषि शिक्षा की थीम पर पहल कर दी है। वे मंगलवार को सिलाव प्रखंड स्थित रासबिहारी प्लस टू उच्च विद्यालय में करीब 24 लाख 98 हजार रुपए की लागत से बने साइकिल शेड, पीसीसी ढलाई और चारदीवारी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में छात्रों के लिए असीम संभावनाएं हैं जिसका उदाहरण विद्यालय की कक्षा 12वीं की कृषि छात्रा अराधना कुमारी ने दिया है। अराधना ने पूर्वी भारत विज्ञान मेले में ्लजीरो वेस्ट एग्रीकल्चर मार्केटिंग्ङ्क पर प्रोजेक्ट के माध्यम से 12 राज्यों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। मंत्री ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्य सरकार छात्र-छात्राओं को साइकिल, पोशाक, छात्रवृत्ति सहित उच्च शिक्षा के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख



रुपए तक का ऋण उपलब्ध करा रही है ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई में आर्थिक अड़चनों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि छह महीने के भीतर विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कराया जाएगा और एक सप्ताह के भीतर विद्यालय में पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोकसभा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है और राज्य सरकार के मॉडल को अन्य प्रदेश भी अपना रहे हैं। उन्होंने विद्यालय की समस्याओं की जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र प्रसाद से प्राप्त की और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र प्रसाद ने जानकारी दी कि नवीन निर्माण कार्यों में चारदीवारी, साइकिल शेड, पीसीसी ढलाई शामिल है, जिससे विद्यार्थियों को सुविधा मिलने के साथ-साथ विद्यालय परिसर भी सुरक्षित हुआ है। इस अवसर पर पूर्वी भारत विज्ञान मेला की प्रतिभागी अराधना कुमारी, कक्षा 12वीं में 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अर्चना कुमारी, तथा कक्षा 10वीं के छात्र दिलखुश कुमार हंसराज और विपिन कुमार को मंत्री एवं सांसद द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पटना में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत, चार घायल

पटना। बिहार में सोमवार देर रात हुई बारिश, वज्रपात और आंधी बारिश ने कई जिलों में तबाही मचायी। रात 11 बजे के बाद से पटना का मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज आंधी, बारिश और वज्रपात ने कई इलाकों में तबाही मचाई। जि बले में बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर दियारा के नई बायपास, राघोपुर में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की जान चली गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार रात राघोपुर के रामानंद राय कुछ लोगों के साथ खेत में गेहूं की दौनी (अनाज की सफाई) कर रहे थे। अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी से बचने के लिए सभी ट्रैक्टर के डाले (ट्रॉली) के नीचे छिप गए। इसी दौरान वहां वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से रामानंद राय, सुबोध प्रसाद और रितेश कुमार की सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# बिहार के कटिहार सड़क हादसा में आठ बारातियों की मौत, दो की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। बिहार में कटिहार जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र के चांदपुर हनुमान मंदिर के पास सोमवार देर रात एक स्कॉर्पियो मक्का लदी ट्रैक्टर से टकरा गई, जिसमें आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान टुनटुन कुमार, ज्योतिष कुमार, प्रिंस कुमार, अजय कुमार, सिक्कू कुमार और तीन अन्य युवकों के रूप में हुई है। ये सभी बाराती रुपौली थाना क्षेत्र के ढिबरा गांव से पूर्णिया जिले के कोसकीपुर विपिन सिंह के घर जा रही थी। हादसे के बाद शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। घायलों को समेली स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है।

## मुख्यमंत्री ने कटिहार सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत पर जताया शोक

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ने इस घटना को काफी दुखद बताया और शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुए दो लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल हैं। घायलों का इलाज पूर्णिया सदर अस्पताल में चल रहा है।

# पंजाब को दहलाने की साज़िश नाकाम हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब में बड़ी आतंकी साज़िश को नाकाम करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में टिब्बा नंगल-कुलार रोड, एसबीएस नगर के पास वन क्षेत्र में एक खुफिया-नेतृत्व वाले अभियान में हथियारों का एक जखीरा बरामद किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि आईएसआई समर्थित सीमा पार आतंकी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, पुलिस ने दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी), दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), 5 पी-86 हैंड ग्रेनेड और एक



वायरलेस संचार सेट बरामद किया है। डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान की आईएसआई और सहयोगी आतंकी संगठनों द्वारा पंजाब में स्लीपर सेल को पुनर्जीवित करने के लिए एक समन्वित अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीएस स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर में कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने और राज्य में आतंकी ढांचे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक लोक संस्कृति का आत्मबोध कराएगा ‘सीता महोत्सव’

## 10 मई को सीतामढ़ी में सजेगा धर्म, संस्कृति और लोक जीवन का मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि, धार्मिक और आध्यात्मिक हस्तियां बनेंगी साक्षी**

सीतामढ़ी। जब देश वैश्विक सोच और आधुनिक जीवनशैली की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब ऐसी कौन-सी शक्ति है जो हमारी जड़ों से हमें जोड़े रखती है? वह शक्ति है- लोक संस्कृति, जो पीढ़ियों से समाज को दिशा देती आई है। इसी लोक परंपरा का सबसे उज्ज्वल प्रतीक हैं मां सीता... जिनके त्याग, धैर्य और मर्यादा ने न केवल धार्मिक कथा को जीवंत किया, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा को भी आकार दिया। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने वे त्रेता युग में थे। आगामी 10 मई को सीतामढ़ी में आयोजित होने वाला सीता महोत्सव-2025 लोक संस्कृति के पुनर्ज़ागरण का महत्वपूर्ण अवसर है। श्री जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम सीतामढ़ी का प्रेक्षागृह ‘लोक संस्कृति एवं लोकजीवन में मां सीता‘ विषयक सीता महोत्सव-2025 का साक्षी बनेगा। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य मां सीता के जीवन और उनके लोकजीवन में योगदान को समर्पित करना है। अरविन्द भालचंद्र मार्डीकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राजेश तिवारी ने कहा कि सीता महोत्सव यह संदेश देगा कि अगर हमें एक मजबूत, नैतिक और एकजुट भारत चाहिए तो हमें अपनी लोक संस्कृति की ओर लौटना होगा- उस संस्कृति की ओर जिसकी जड़ें मां सीता के जीवन से सिंचित हैं। उन्होंने बताया कि लोक संस्कृति में मां सीता का स्थान अडिग है और सीता महोत्सव लोकजीवन में उनके योगदान को पुनः स्थापित करने का एक प्रयास है। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों को सम्मानित करने का भी आदर्श



उदाहरण बनेगा और मां सीता के आदर्शों से जुड़कर समाज को नई दिशा देगा। सीता महोत्सव में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। वे इस अवसर पर मां सीता के जीवन और उनके योगदान को लेकर अपने विचार साझा करेंगे। साथ ही, पीठाधीश्वर श्री जानकी जन्मभूमि मंदिर पुनौराधाम के श्रीमहंत कौशल किशोर दास जी महाराज आशीर्वचन देंगे। मुख्य वक्ता सिद्धपीठ हनुमत निवास अयोध्या धाम के श्रीमहंत आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण जी महाराज, बगही धाम सीतामढ़ी के श्रीमहंत डॉ. शुकदेव दास जी महाराज और बतौर विशिष्ट अतिथि श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा की अनन्त श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री मां योग योगेश्वरी यती जी जैसी धार्मिक और आध्यात्मिक हस्तियां भी मौजूद रहेंगी। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी और भाग्य विधाता चैरिटेबल एवं ट्रस्ट (रजि.) के संस्थापक अध्यक्ष राम सुरेश चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सुरेश चौधरी, निदेशक भाष्कर झा भी उपस्थित होंगे। इस महोत्सव में सांस्कृतिक सुरों की शाम भी सजेगी। बिहार के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित उदय कुमार मलिक और भजन गायक डॉ. सुरेन्द्र कनौजिया अपने संगीत से इस कार्यक्रम को और भी रंगीन करेंगे। उनकी मधुर और शास्त्रीय गायकी न केवल कार्यक्रम में रूहानी अहसास जोड़ेगी, बल्कि यह भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति सम्मान और श्रद्धा को भी नए स्तर तक पहुंचाएगी। सांस्कृतिक मंच पर भारतीय शास्त्रीय संगीत के सुरों में गजब का जोश और ऊर्जा देखने को मिलेगी। शास्त्रीय संगीत और मां सीता के जीवन के मिले-जुले प्रभाव कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063